RNI No -MPHIN/2022/85747 RNI Title No. MPHIN38085

दैनिक दबंग केसरी

मो.9479840005

वर्ष-03 ● अंक-294 ● भोपाल, शनिवार-13 सितंबर 2025 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-5/-

# बहनों की खुशहाली ही सरकार का मिशन–मुख्यमंत्री

## सीएम डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को 28वीं किश्त में अंतरित किए 1541 करोड़ रुपए

**भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सभी बहनों के जीवन में नित नई मुस्कान लाना सरकार का संकल्प है। बहनों की खुशहाली ही हमारा मिशन है। राज्य सरकार बहनों को आत्मनिर्भर बनाने देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के जरिए कदम–दर–कदम आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संवेदनशील सरकार है। हमारी नीति और नीयत दोनों साफ है। प्रदेश की बहनों को हर महीने प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, बहनों की खुशी में ही हमारी खुशी है। बहनों के जीवन में विकास से ही पूरे समाज का विकास संभव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को झाबुआ जिले के पेटलावद में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बहनों तक पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 17 सितंबर को धार जिले की



बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश को पीएम मित्रा पार्क की सौगात देने आ रहे हैं। पीएम मित्रा पार्क से मालवांचल सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 28वीं किश्त की 1541 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने 53.48 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को भी 320.89 करोड़ राशि और 31 लाख से अधिक बहनों को एलपीजी सिलेंडर रीफिलिंग के 48 करोड़ रुपए अंतरित किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले के पेटलावद में 345.34 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन द्वारा तैयार जनजातीय आयुर्वेदिक परम्परा एवं चिकित्सा ज्ञान पर केन्द्रित पुस्तक झाबुआ के संजीवक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने बीपीएल परिवारों के 11 दिव्यांग हितग्राहियों को कस्टमाईज्ड पेट्रोल चलित मोटर साईकिल वितरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पेटलावद, झाबुआ का चमकदार क्षेत्र है। झाबुआ अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर है जो खेती और सब्जी उत्पादन में नई इबारत लिख रहा है। यहां का टमाटर देशभर में पहुंचता है। लाड़ली बहनों को आज एक बार फिर सिंगल क्लिक से 1250 रुपए की सौगात मिली है। यह रक्षाबंधन के आनंद की तरह है। योजना की शुरुआत के बाद से अब तक 41 हजार करोड़ की राशि लाड़ली बहनों को दी जा चुकी है। सरकार का खजाना बहनों के लिए भरा हुआ है। दीपावली की भाईदूज के बाद हर माह 1500 रुपए देंगे। हमारी सरकार अपना वचन पूरा करेगी। धीरे–धीरे लाड़ली बहना योजना की राशि 3 हजार रुपए प्रतिमाह कर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों को जीएसटी से छूट मिली है। वे भारत को आत्मनिर्भर बनाते हुए दुनिया के सामने चट्टान की तरह खड़े हैं। दुनिया के हर मंच पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के पहुंचने से ही रौशनी आती है। पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। भारत सरकार देश के 85 करोड़ जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन वितरित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 17 सितम्बर को कपास उत्पादक किसानों को पीएम मित्र पार्क की सौगात दी जा रही है। इसके साथ सेवा पखवाड़े की शुरुआत भी की जायेगी।

# राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** सीपी राधाकृष्णन ने देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं. राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई. राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को हराकर उपराष्ट्रपति चुनाव जीता था. शुक्रवार को हुए शपथग्रहण समारोह में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कैबिनेट के कई बड़े मंत्री मौजूद रहे.

इस खास समारोह के दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे. वह पहली कतार में दो अन्य पूर्व उपराष्ट्रपतियों वेंकैया



नायडू और हामिद अंसारी के साथ बैठे थे. सभी की नजर धनखड़ पर ही टिकी रहीं. उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा देने के बाद यह पहला मौका था जब जगदीप धनखड़ किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए.

आपको बता दें बीते मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति पद चुनाव में सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी को 152 प्रथम वरीयता के मतों से हरा दिया. निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी ने नतीजों का ऐलान करते हुए कहा कि सुदर्शन रेड्डी को 300 प्रथम वरीयता के मत मिले, जबकि सीपी राधाकृष्णन के पक्ष में 452 वोट पड़े.

# सिक्किम में लैंडस्लाइड, 4 की मौत

**नई दिल्ली।** वेस्ट सिक्किम के यांगथांग के अपर रिंबी इलाके में शुक्रवार रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तेज धार नदी में फंसे लोगों का रेस्क्यू भी चल रहा है। यूपी के आगरा में यमुना में बाढ़ है। यहां 25 कॉलोनियां और 40 गांव में 2–5 फीट तक बाढ़



का पानी भरा है। ताजमहल के पीछे बना पार्क पूरी तरह से डूब गया। 5 हजार से ज्यादा लोग रिलीफ कैंप में हैं। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक बारिश–बाढ़ के कारण 380 लोगों की मौत हो चुकी है, 40 लापता हैं। सबसे ज्यादा 48 मौतें लैंडस्लाइड में गईं। बादल फटने से 17 की मौत हुई है। आज 3 नेशनल हाईवे समेत 500 से ज्यादा सड़कें बंद हैं।

# भारतीय सेना के लिए रियलिटी चेक साबित हुआ ऑपरेशन सिंदूर–रक्षा सचिव

**नई दिल्ली** भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने पुणे में आयोजित दक्षिणी कमान रक्षा तकनीक के सेमिनार को संबोधित करते हुए कई अहम बातें कहीं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन एक तरह से हमारे लिए रियलिटी चेक साबित हुआ है। इसके जरिए हमें कई सबक सीखने को मिले और हमारी सेना को यह भी पता चल पाया कि आखिर हमलोग कमजोर कहां पड़ रहे हैं। इस हमले ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जहां देश अपनी रक्षा क्षमताओं में सुधार कर सकता है।

**सेना को इन कमियों पर काम करने की जरूरत** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन ने कुछ क्षमता कमियों को उजागर किया, जिनमें



इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, मानवरहित प्रणालियों का मुकाबला, निम्न–स्तरीय रडार और जीपीएस–निषेधित और दुर्लभ वातावरण में काम करने में सक्षम सैन्य–स्तरीय ड्रोन के निर्माण के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता शामिल है।

**दुनिया के अन्य देश रक्षा और सैन्य शक्ति पर फोकस कर रहे** राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हाल में दुनिया के अन्य देशो में जिस तरह से युद्ध छिड़ा है और ये देश फिर से रक्षा और सैन्य शक्ति पर बहुत ध्यान दे रहे हैं। हमारे पड़ोस को देखते हुए, भारत कोई अपवाद नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रियलिटी चेक भी सामने आई। हम कहां बेहतर कर सकते हैं, हमें भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के अनुसार कहां ढलना होगा, इन सब मुद्दों पर हमें बहुत अधिक ध्यान देने की जरूरत है। जरूरत है।

**रक्षा सचिव बोले– हमने कई ठोस कदम उठाए हैं** सेना की क्षमता में सुधार को लेकर पूछे जाने पर रक्षा सचिव ने कहा कि सशस्त्र बलों को तत्काल आवश्यक उपकरण जल्दी हासिल करने के लिए आपातकालीन खरीद नियमों के माध्यम से लचीलापन दिया गया है। दीर्घकालिक के लिए, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के सहयोग से स्वदेशी उपकरण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से अल्पकालिक खरीद आवश्यक हो सकती है, लेकिन अंतिम लक्ष्य सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से स्वदेशी क्षमताओं को प्राप्त करना है।

# राहुल, प्रियंका दादी और पिता की लाश पर मांगते हैं वोट

## रायबरेली सांसद से मंत्री दिनेश प्रताप की तू–तू मैं–मैं

**रायबरेली (यूपी)** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बीच रायबरेली में तीखी बहस देखने को मिली है, जिसका एक वीडियो शुक्रवार को सामने आया है. ये बहस राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई दिशा (डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी) की बैठक में हुई है. इस दौरान अमेठी सांसद केएल शर्मा भी बीच–बीच में जवाब दे रहे थे.

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राहुल गांधी के ठीक बगल में बैठे दिखाई दिए हैं. तभी दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई. गांधी ने कहा, 'वह बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं. अगर आपको कुछ कहना है, तो पहले पूछिए, फिर मैं आपको बोलने का मौका दूंगा.' राहुल की ये बात सुनकर मंत्री दिनेश प्रताप भड़क गए, जिसके




बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई. मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल अध्यक्ष जरूर हैं, लेकिन उनकी हर बात सुनने के लिए वे बाध्य नहीं हैं. वह तो खुद अध्यक्ष की भी बात नहीं सुनते. राहुल गांधी और मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बीच बहस को देखकर बैठक में मौजूद अधिकारी हैरान रह गए. दरअसल, कांग्रेस सांसद 10 और 11 सितंबर को रायबरेली के दो दिन के दौरे पर थे और इसी दौरान उनकी दिनेश प्रताप सिंह से बहस हुई.

**प्रियंका गांधी पर भी बोला हमला** इस बीच मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर भी हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी अपनी दादी व पिता की लाश पर वोट मांगते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली दी जाती हैं और प्रियंका गांधी ठहाका मारकर हंसती हैं. प्रियंका गांधी को मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शूर्पणखा का दर्जा दिया और उन्होंने उनकी तुलना राक्षस से कर डाली है. इससे पहले दिनेश प्रताप सिंह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रायबरेली संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान उनपर हमला बोला था. उन्होंने सबसे पहले लखनऊ–प्रयागराज राजमार्ग पर हरचंदपुर में दर्जनों समर्थकों और बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया और मांग की कि राहुल गांधी हाल ही में बिहार में एक राजनीतिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के बारे में की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगें.

# सुप्रीम कोर्ट बोला– पूरे देश को साफ हवा का हक

## दिल्ली–NCR ही क्यों, देशभर में पटाखे बैन होने चाहिए; दिल्ली के लिए पॉलिसी नहीं बना सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली–NCR के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? प्रदूषण नियंत्रण को लेकर CJI गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में बैन करना चाहिए। साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली–NCR तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो वह पूरे भारत में होनी चाहिए। हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते, क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास हैं। अगली सुनवाई 22



सितंबर को होगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें दिल्ली–NCR में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित करने की मांग की गई है।

बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (CAQM) को इस मामले में नोटिस जारी किया और दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायमित्र सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने कहा कि कुलीन वर्ग अपना ध्यान रखता है। प्रदूषण होने पर वे दिल्ली से बाहर चले जाते हैं। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि वे प्रदूषण के मामले में इसके डिटेल रिपोर्ट लें। लॉ ऑफिसर ने कहा कि नेशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (NEERI) जांच कर रहा है कि क्या ग्रीन पटाखों से प्रदूषण कम हो सकता है या नहीं।

# तीर्थयात्रियों के लिए खुशखबरी, वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से फिर शुरू होगी

**जम्मू** माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है. माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की 19 दिनों से स्थगित चल रही तीर्थयात्रा रविवार 14 सितंबर से फिर शुरू हो जाएगी. वहीं शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो रही है. इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं. बता दें कि 26 अगस्त को भूस्खलन होने के बाद से यात्रा को स्थगित कर दिया गया था. वहीं भूस्खलन की घटना में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 20 अन्य घायल हो गए थे. इस बारे में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "जय माता दी! वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर (रविवार) से फिर से शुरू होगी, जो मौसम की अनुकूल स्थितियों पर निर्भर करेगी." साथ ही उसने कहा कि विवरण और बुकिंग के बारे में जानकारी के लिए संबंधित वेबसाइट देखें. श्राइन बोर्ड ने कहा कि खराब मौसम के अलावा मंदिर तक जाने वाले मार्ग की जरूरी मरम्मत की वजह से यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित करना जरूरी था. लेकिन मौसम अनुकूल रहने पर यात्रा निर्धारित समय पर फिर से प्रारंभ होगी. श्राइन बोर्ड के प्रवक्ता ने यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों को वैध पहचान पत्र साथ रखने के साथ ही निर्धारित मार्ग का ही अनुसरण करने तथा कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की अपील की है. इसने कहा, "पारदर्शिता और पता लगाने की क्षमता के लिए आरएफआईडी आधारित निगरानी अनिवार्य रहेगी. सीधे अद्यतन जानकारी, बुकिंग सेवाओं और हेल्पलाइन सहायता के लिए, श्रद्धालुओं को श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है."

# राहुल बोले– मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही

## अच्छी बात है अब मोदी जा रहे, लेकिन वोट चोरी बड़ा मुद्दा

**जूनागढ़ (गुजरात)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर सवाल उठाया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही है। अच्छा है कि प्रधानमंत्री वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि मणिपुर का मुद्दा लंबे समय से चल रहा है। लेकिन अब देश का बड़ा मुद्दा वोट चोरी है। हरियाणा और महाराष्ट्र में जनादेश छीना गया। लोग अब हर जगह पीएम को 'वोट चोर' कहने लगे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चुनावों में धांधली कर सरकारें बनाई जा रही हैं और जनता का विश्वास टूट रहा है।

दरअसल, मई 2023 से शुरू हुई मणिपुर हिंसा के बाद से




प्रधानमंत्री शनिवार को पहली बार वहां जा रहे हैं। मोदी यहां करीब 7300 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और 1200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी ने शुक्रवार को जूनागढ़ में संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जिला अध्यक्षों के साथ संवाद कर, संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती में गड़बड़ी के लगे आरोप

## डीपीएसएस ने की जांच मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश भर में की गई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगा है। दलित पिछड़ा समाज संगठन (DPSS) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर सिंह यादव ने भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में भर्ती प्रक्रिया को लेकर आरोप लगाए हैं। उन्होने कहा है कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले स्तर पर की गई गड़बड़ी की जांच तीन सदस्यीय आईएएस अधिकारियों की कमेटी बनाकर की जानी चाहिए और स्वयं मुख्यमंत्री को संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई कर दोषी अधिकारियों को सस्पेंड करने एवं एफआईआर भी कराना चाहिए।

**विवाहित को अविवाहित बताया** यादव ने कहा कि इस पूरी




प्रक्रिया में ज्यादा अंक देने के लिए जहां विवाहित को अविवाहित बताया गया है। वहीं मार्कशीट भी देश भर के कई कॉलेजों से फर्जी तैयार कराई गई है। साथ ही दावे आपत्ति के लिए निश्चित समय से पहले ही पोर्टल बंद कर दिया गया जिससे मनमाने ढंग से भर्ती प्रकिया कर लेन देन किया जा सके।

**सैकड़ों करोड़ों का हुआ भ्रष्टाचार** यादव ने कहा कि मेरे गृह जिला दतिया के तीनों विकास खंड में कुल 270 पद थे जिनकी भर्ती प्रक्रिया को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाते हुए संबंधित अधिकारियों ने प्रदेश सरकार का मजाक बना दिया है। यादव ने कहा की दतिया जिला क्षेत्रफल में बहुत छोटा है फिर भी मेरा अनुमान है कि 10–12 करोड़ रुपये अयोग्य अभ्यर्थियों से ऐंठ कर योग्य लोगों को बाहर बिठा दिया गया है। और अगर इतने छोटे जिले में इतनी बड़ी रकम वसूली गई तो प्रदेश भर में भ्रष्टाचार सैकड़ों करोड़ों का हुआ होगा इसकी पुष्टि सिर्फ दतिया में हुई अनिमतताओं को देखकर की जा सकती है।

**भोपाल में होगा उग्र आंदोलन** यादव ने कहा कि मांग को लेकर हमारा प्रतिनिधि मंडल प्रमुख सचिव महिला बाल विकास, मुख्य सचिव एवं मुख्य मंत्री से भी भेंट कर मांग पत्र सौंपने जा रहा है। फिर भी अगर कार्रवाई नहीं की गई तो हमारा दलित पिछड़ा समाज संगठन एवं हमारी पार्टी राजधानी भोपाल में उग्र आंदोलन करेगी। इस प्रेस वार्ता में DPSS के प्रदेश महासचिव अमित लोधी, एडवोकेट छोटू अहिरवार, अमित बंसोड़, कमल सिंह कुशवाह समेत अन्य नेता उपस्थित रहे।

# भारत के बढ़ते रुतबे और प्रगति से डर कर टैरिफ लगा रहे– मोहन भागवत

**नागपुर** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि जैसे–जैसे भारत प्रगति करता है, टैरिफ का मुद्दा सामने आता है. उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा, "यदि अन्य सोचते हैं कि भारत के बड़े होने और प्रगति करने से हमारा क्या होगा... तो टैरिफ का मुद्दा उठता है." ब्रह्माकुमारी विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस समारोह में भागवत ने उक्त बातें कहीं. उन्होंने कहा, दुनिया के लोग इस बात से डरते हैं कि अगर भारत मज़बूत हुआ तो उनका क्या होगा और उनकी अपनी स्थिति क्या होगी. इसीलिए भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ़ लगाए गए हैं. लेकिन हमने कुछ नहीं किया. जब आप सात समंदर दूर हैं और कोई संपर्क नहीं है, तो डर किस बात का?



बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ़ लगाया है, जिसमें रूस से तेल ख़रीद पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क भी शामिल है. भारत ने शुल्कों को अनुचित, अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया है.

भागवत ने कहा कि मनुष्य और राष्ट्र जब तक अपने वास्तविक स्वरूप को नहीं समझेंगे, तब तक वे समस्याओं का सामना करते रहेंगे. यदि हम करुणा दिखाएं और भय पर विजय पाएं, तो हमारा कोई शत्रु नहीं रहेगा. संघ प्रमुख ने कहा कि भारत महान है और भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत बड़ा है तथा वह और बड़ा होना चाहता है.आरएसएस प्रमुख ने कहा कि अगर मनुष्य अपना रवैया "मैं" से "हम" में बदल लें तो सभी मुद्दे सुलझ जाएंगे. उन्होंने कहा, "दुनिया समाधान तलाश रही है." उन्होंने कहा, आज दुनिया समाधान खोज रही है, क्योंकि अपनी अधूरी दृष्टि के कारण वह आगे का रास्ता नहीं खोज पा रही है. उनके सिर्फ़ मैं वाले रवैये के कारण उनके लिए रास्ता खोजना नामुमकिन है. भागवत ने कहा कि भारत दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजने और आगे का रास्ता दिखाने में सक्षम है. उन्होंने कहा कि भारतीयों में अपनेपन की गहरी भावना होती है और वे अभाव के समय में भी खुश और संतुष्ट रहते हैं. उन्होंने कहा, कोई अभाव नहीं होना चाहिए, लेकिन अगर है, तो समय आने पर बदल जाएगा. फिर भी, कठिनाई और दु:ख में भी, यहां के लोग अपनेपन की इसी भावना के कारण संतुष्ट रहते हैं.

# शारदा बांध पहुँचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, द्वार संचालन स्वयं किया जाँच

**रिपोर्टर योगेश कुमार गुप्ता लखीमपुर खीरी, 11 सितंबर।** अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के साथ शारदा बांध पहुँचे। बांध परिसर में जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने विभागीय तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बांध का स्थलीय निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

जल शक्ति मंत्री ने शारदा बांध, शारदा पोषक नहर, प्रधान नियामक यंत्र तथा जल यांत्रिक संयंत्र एवं स्वचालन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने बांध के द्वार संख्या 18 एवं 19 का प्रारंभ बटन दबाकर संचालन प्रक्रिया का परीक्षण किया, जो पूर्ण रूप से सुचारू पाई गई। इस दौरान बांध के समस्त द्वारों का संचालन सहज पाया गया। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) सुजीत कुमार सिंह ने अवगत कराया कि शारदा



बांध में कुल 20 द्वार हैं, जिनकी क्षमता लगभग 4,02,000 क्यूसेक है। वर्ष 2008 में बांध से अधिकतम 3,94,752 क्यूसेक प्रवाह दर्ज किया गया था। सभी द्वार स्काडा प्रणाली द्वारा पूर्णतः स्वचालित हैं, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर मैन्युअल संचालन की सुविधा भी उपलब्ध है। बांध की दक्षिण दिशा में स्थित शारदा सहायक पोषक नहर की क्षमता 27,000 क्यूसेक है, जिससे प्रदेश के 18 जनपद लाभान्वित होते हैं। निरीक्षण के समय मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से बाढ़ तथा कटान रोकथाम परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रभावित क्षेत्रों की परियोजनाओं की निरंतर निगरानी की जाए, ताकि कृषक एवं आमजन को समय पर राहत प्रदान की जा सके। मंत्री ने नदी के जलस्तर की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में शारदा एवं घाघरा नदियाँ संकट स्तर से नीचे बह रही हैं। शारदा नदी में कराए गए चैनलाइजेशन कार्य प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव (सिंचाई) अनिल गर्ग, जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सिंचाई विभाग के प्रमुख अधिकारी संदीप कुमार, मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद, उपेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नीलेश जैन, धर्मेंद्र कुमार, लवकुश सिंह, विजय कुमार, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, करणपाल, राम बहादुर, सुरजीत कुमार सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आयशर वाहन से पशु आहार के पीछे छुपा कर ले जायी जा रही थी 480 अवैध शराब के पेटियां

**रिपोर्टर मंजीत सोलंकी** धार जिले में आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत्त सागौर में आबकारी विभाग की अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। आज दिनांक 11.09.2025 को धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार, उपायुक्त आबकारी संभाग इंदौर श्री संजय तिवारी एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार श्री राज नारायण सोनी के मार्गदर्शन में तथा कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी नागेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में अवैध मदिरा से भरा हुआ आयशर वाहन पकड़ा गया। सहायक आबकारी आयुक्त श्री राज नारायण सोनी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आयशर वाहन अकोलिया पीथमपुर पर खड़ा है, जिसमें पशु आहार के बोरों के पीछे छुपा कर अवैध शराब से भरा हुआ आयशर वाहन अकोलिया पर होटल कालिका के पीछे खड़ा है। सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार द्वारा तत्काल



सहायक जिला आबकारी अधिकारी नागेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम तुरंत बताए गए मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई तो आयशर वाहन क्रमांक स्क्क-09-छ्क्त-2126 से अवैध रूप से परिवहन की जा रही

370 पेटी माउंट-6000 कैन बियर

100 पेटी हेवड्र्स-5000 कैन बियर

10 पेटी रॉयल स्टेग व्हिस्की मदिरा

कुल मदिरा लगभग 5727.84 बल्क लीटर जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह जादौन द्वारा नवीन विधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो आदि बनाकर की गई। जप्त मदिरा एवं वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग रुपये 36,00,000/- है। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी नागेंद्र सिंह जादौन, प्रशान्त मंडलोई, आबकारी उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक सुरेश चौंगड़, संजय मंसारे तथा रीना भंडोले की टीम द्वारा की गई।

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी का गठन

**रिपोर्टर डिंडोरी** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री चमरू नेताम ने डिंडोरी जिले की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। यह कार्यकारिणी संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावी तैयारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



भारतीय जनता पार्टी

जिला-डिण्डौरी (म.प्र.)

चमरू सिंह नेताम

जिला अध्यक्ष

कार्यालय

भाजपा कार्यालय डिण्डौरी, जिला-डिण्डौरी (म.प्र.) 481880

क्रमांक-154 डिण्डौरी

दिनांक 11/09/2025

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक माननीय हेमंत खंडेलवाल जी की सहमति से भाजपा जिला डिण्डौरी के पदाधिकारियों की घोषणा की जाती है, जो निम्नानुसार है :-

| क्र. | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | उपाध्यक्ष | श्री ज्ञानदीप त्रिपाठी |
| 2. | | श्री जयसिंह राजपूत |
| 3. | | श्री संतोष साहू |
| 4. | | श्री दिलीप ताम्रकार |
| 5. | | श्री महेश धूमकेती |
| 6. | | श्रीमती इन्द्रावती धुर्वे |
| 7. | | श्रीमती राजेन्द्र दुबे |
| 8. | | श्री शोभित मरावी |
| 9. | महामंत्री | श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर |
| 10. | | श्री सुधीरदत्त तिवारी |
| 11. | | श्री बद्री प्रसाद साहू |
| 12. | मंत्री | श्रीमती सपना जैन |
| 13. | | श्रीमती ललिता धुर्वे |
| 14. | | श्री गणेशदास सोनवानी |
| 15. | | श्रीमती नरबदिया मरकाम |
| 16. | | श्री गजेन्द्र करचाम |
| 17. | | श्रीमती अंजू ब्यौहार |
| 18. | | श्रीमती मालती तिवारी |
| 19. | कोषाध्यक्ष | श्री स्वप्न चौकसे |
| 20. | सह कोषाध्यक्ष | श्री अरविंद तिवारी |
| 21. | कार्यालय मंत्री | श्री पवन शर्मा |
| 22. | सह कार्यालय मंत्री | श्री पुनीत जैन |

(चमरू सिंह नेताम)

जिलाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी, डिण्डौरी

7049300331 bjp4dindori@gmail.com Csnetambjp

श्री चमरू नेताम ने बताया कि इस नई कार्यकारिणी में विभिन्न क्षेत्रों, सामाजिक वर्गों और पेशेवर पृष्ठभूमि के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि जिला स्तर पर पार्टी की गतिविधियां समन्वित और प्रभावशाली ढंग से संचालित की जा सकें। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना प्राथमिक उद्देश्य रहेगा।

चमरू नेताम ने कार्यकारिणी के सदस्यों को जिम्मेदारी प्रदान करते हुए कहा कि सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ निभाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी के सिद्धांतों का पालन करते हुए जनता के बीच पहुंच बढ़ाएं और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करें।

इस अवसर पर उन्होंने आगामी स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी तैयारियों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरे संगठन के साथ मिलकर प्रत्येक बूथ तक सक्रियता से पहुंचेगी और जन-जन तक अपनी सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी।

चमरू नेताम ने नए कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी और उन्हें सफल कार्य निष्पादन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यकारिणी जिले में भाजपा की मजबूती को और अधिक बढ़ाएगी तथा विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

# पुलिस थाना राऊ द्वारा गुम हुए 02 आईफोन व 10 मोबाइल्स कीमती करीब चार लाख रुपए को सर्च कर वापस मोबाइल धारकों को किए सुपुर्द

**रिपोर्टर राजेश विश्वकर्मा** श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह एवं पुलिस




उपायुक्त जोन 01 श्री कृष्ण लाल चंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 01 श्री आलोक कुमार शर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त गांधी नगर श्रीमती निधि सक्सेना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राऊ की टीम द्वारा गुम हुए मोबाइल को सीर पोर्टल के माध्यम से सर्च करने में सफलता मिली। टीम द्वारा कुल 12 मोबाइल, जिसमें 02 आईफोन भी शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब चार लाख रुपए है, को ढूँढकर उनके वास्तविक धारकों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राऊ श्री राजपाल सिंह राठौर, प्रधान आर.2726 बलराम चौहान, प्रधान आर.315 अजय चौहान, प्रधान आर.1122 निलेश सुरालकर, आर.3662 लोकेश धाकड़, आर.3475 देवेन्द्र आम्ब व आर.3758 निर्मल सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# किसान हित सर्वोपरि- विधायक मीना सिंह की पहल पर देर रात तक चला खाद वितरण

**रिपोर्टर जेपी यादव पाली।** मानपुर विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय एवं कर्मठ विधायक श्रीमती मीना सिंह ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मानपुर खाद गोदाम का निरीक्षण किया। वहाँ पाया गया कि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा प्रतिदिन नई-नई निर्देशावली बनायी जाती हैं, कभी टोकन के नाम से, कभी आधार कार्ड के नाम से, तो कभी पट्टा के नाम से, जिसके कारण किसान प्रतिदिन आकर शाम को अपने घर खाली हाथ लौट जाते थे। इसकी सूचना लगातार मानपुर क्षेत्र की विधायक श्रीमती मीना सिंह को दी जाती रही। इस दौरान विभिन्न ग्रामों से पहुंचे किसानों को शीघ्र खाद एवं उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु उन्होंने उपजिलाधिकारी मानपुर टी.आर. नाग एवं कृषि विभाग के सहायक निदेशक एम.के. दुबे को निर्देशित किया कि गोदाम में उपलब्ध यूरिया



की सभी बोरी तत्काल इन किसानों को वितरित की जाएं, ताकि वे यूरिया प्राप्त कर अपने कृषि कार्य में उपयोग कर सकें। विधायक जी की पहल एवं प्रशासन की तत्परता से मौके पर ही किसानों को खाद वितरण प्रारंभ किया गया। देर रात तक जारी इस अभियान में हजारों किसानों को दो-दो बोरी यूरिया उपलब्ध कराई गई। खाद पाकर किसानों के चेहरे पर संतोष एवं खुशी झलक उठी तथा वे अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। ग्रामीण किसानों ने विधायक मीना सिंह के इस संवेदनशील प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समय रहते किसानों की सबसे बड़ी समस्या का समाधान कराया है। इनके साथ क्षेत्र के नेता श्री हरीश विश्वकर्मा, श्री छोटे सिंह एवं श्री ध्रुव सिंह उपस्थित रहे।

# रिश्वतखोरी और द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप, युवक ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**संवाददाता//-सुनील तिवारी** हटा ब्लॉक से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हिनौता विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता (जेई) प्रदीप पटेल पर स्थानीय पत्रकार शरद गर्ग निवासी बंधा ने रिश्वतखोरी और द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। पत्रकार का कहना है कि उनके नाम न तो कोई भूमि है और न ही विद्युत कनेक्शन, इसके बावजूद विद्युत अधिनियम के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कर नोटिस भेजा गया। आरोप है कि यह कार्रवाई रिश्वत न देने और विभागीय अनियमितताओं की खबरें प्रकाशित करने के चलते की गई है। शरद गर्ग का कहना है कि उनके परिवार के नाम से लिया गया पुराना कनेक्शन पहले ही कटवा दिया गया था, फिर भी उनके खिलाफ गलत ढंग से कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने एसडीएम हटा को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कर प्रकरण निरस्त करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि 13 सितंबर तक उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे न्यायालय परिसर में आत्मदाह करेंगे। इसके लिए कनिष्ठ अभियंता प्रदीप पटेल सहित विभागीय अधिकारी एवं शासन-प्रशासन जिम्मेदार होंगे।

**इनका कहना है**

आवेदन प्राप्त हुआ है, जांच हेतु विद्युत विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। **– राकेश मरकाम, एसडीएम हटा**

इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है, शीघ्र ही दिखवाता हूँ।

**– प्रवीण कुल्हरे, ईई विद्युत विभाग दमोह**

# राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव, गौशाला एवं गोवंश हेतु चरनोई भूमि का चिन्हीकरण कर अतिक्रमण मुक्त कराने सौंपा ज्ञापन

**रिपोर्ट - सुरजीत सिंह ठाकुर छिंदवाड़ा** राष्ट्रीय हिंदू सेना प्रदेश प्रभारी एव जिला अध्यक्ष यमन साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया की नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में होने वाली असमाजिक तत्व के प्रवेश,गैर हिंदुओ का प्रवेश वर्जित, माता बहनों की सुरक्षा तिलक लगाकर प्रवेश, और भारतीय वेशभूषा परिवेश पहचान ही प्रवेश दे,रात्रि 10-00 बजे तक ही कार्यक्रम संचलित करने की अनुमति देवे और गौशाला एव गोवंश हेतु चरनोई भूमि का चिन्हकरन और अतिक्रमण मुक्त कर आरक्षण के लिए ज्ञापन कलेक्टर महोदय एव स्ठरूमहोदय को ज्ञापन सौंपा गया और आज मुख्य रूप से उपस्थित रहें हिंदू सेना प्रदेश प्रभारी एव जिला अध्यक्ष यमन साहू, जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, छात्र परिषद जिला अध्यक्ष विजय गोली, जिला महामन्त्री गोलू पटेल, जिला मन्त्री राहुल साहू, नगर अध्यक्ष विक्की साहू, नगर प्रमुख दीपक चंद्रवंशी, नगर संयोजक




गोविंदा भामोरे, नगर मठ मंदिर प्रमुख प्रवीण कुमार लाखेरे, नगर मंत्री शिवम साहू, जिला उपध्यक्ष छात्र परिषद राही साहू, वार्ड अध्यक्ष समीर बाग, नगर अध्यक्ष मोहखेड़ प्रशांत साहू, विक्की वर्मा, ब्लॉक मंत्री अंशुल साहू, दीपक चंद्रवंशी, अतुल साहू, रवि कहार, आकाश चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, प्रियांशु चंद्रवंशी, विकाश कहार, कार्तिक शर्मा, प्रथमेश वर्मा मयंक सोनी कुलविंदर सिंह राघव सिंह दुर्गेश सूर्यवंशी वैभव साहू रजनीकांत भाई, तेजिंदर सिंह,आर्ये जी, शिवम चंद्रवंशी अनिल यादव शिवा अभय साहू निक्की कहार रोहित चंद्रवंशी रंजीत पटेल, पीयूष पटेल दुर्गेश पटेल किशन जरिया मोनू बादशाह उमेश पटेल अमन चंदेल रोहित डायरिया अमन सिंघारे सुधीर देशमुख सक्षम सिंघारे ग्राम अध्यक्ष अनिल यादव ग्राम उपाध्यक्ष लाल विश्वकर्मा ग्राम गौ रक्षक आजेंद्र चौरे मीडिया प्रभारी जितेंद्र यादव खापामिट्ठे ग्राम अध्यक्ष विजय यादव अमन चंदेल रोहित डायरिया अमन सिंघारे सुधीर देशमुख सक्षम सिंघारे प्रेम चंदेल राहुल पटेल सूरज पटेल नवीन धर्मे राजा पटेल अजय पटेल अनिल पटेल संजय डेरिया अभिषेक गणपत अनुज यश गब्बर विवेक पटेल संकेत पटेल सभी राष्ट्रीय हिंदू सेना के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी और सभी सनातनी भाई अत्याधिक सांख्य में उपस्थित रहे*

# मारा गया खूंखार नक्सली लीडर बालकृष्ण, 10 माओवादियों का एनकाउंटर, 1 करोड़ का था इनाम

**प्रदीप राव की रिपोर्ट गरियाबंद।** जिले में जवानों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें टॉप नक्सली लीडर एवं 1 करोड़ रुपये का इनामी मॉडल बालकृष्ण भी शामिल है। गरियाबंद पुलिस ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ समाप्त हो चुकी है। मौके से कई ऑटोमेटिक वेपंस सहित अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। जवानों द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। दरअसल, गरियाबंद जिले की पुलिस को मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में बड़ी संख्या

AK-47

OSC Member

CRB Member

(Odisha State Committee)

(Active in Odisha & CG Border)



में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद एसटीएफ, कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस के जवान अभियान पर निकले थे। जवानों को देखकर जंगल में छुपे माओवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से चली गोलीबारी में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग निकले। मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मृत माओवादियों में मॉडल बालकृष्ण भी शामिल है। जंगल में नक्सलियों के शव पड़े हुए हैं। जवानों ने कई ऑटोमैटिक वेपंस बरामद किए हैं। समाचार लिखे जाने तक सर्च अभियान जारी है। फिलहाल जंगल में सर्च अभियान जारी है। सर्चिंग के बाद मुठभेड़ की जानकारी गरियाबंद पुलिस द्वारा दी जाएगी।

# सकल हिन्दू समाज द्वारा प्रशासन के विरुद्ध सांकेतिक धरना प्रदर्शन सफलतापूर्वक सम्पन्न

## इटारसी, सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए हिंदू समाज के साथ अखिल भारत हिंदू महासभा एवं विश्व हिंदू परिषद

**संवाददाता जितेंद्र मालवीय** कार्यक्रम के प्रारम्भ में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मांगे न मानने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। अंत में मंदिर एवं धर्म की रक्षा करने की शपथ ली गई।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे चेतन सिंह राजपूत ने कहा कि प्रशासन ने समाज को आज तक अंधेरे में रखा है, कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला, इसलिए सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन करना पड़ा। पहले प्रशासन मंदिर का पट्टा देने का वादा कर रहा था और अब दान पत्र लिखवाने की बात कर रहा है।

शिव राठौर ने कहा कि मंदिर के पीछे से दोनों तरफ से अतिक्रमण हटाकर सड़क निकल जानी चाहिए।

यश शर्मा ने कहा कि यह लड़ाई यहाँ समाप्त नहीं हुई अपितु यहीं से प्रारम्भ होती है। यह सिर्फ संकेत था। यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुईं तो उग्र



आंदोलन किया जाएगा।

कन्हैया रैकवार ने कहा कि प्रशासन को अन्य अतिक्रमण नहीं दिखते, केवल मंदिर ही अतिक्रमण में दिखते हैं क्योंकि हिंदू समाज सोया हुआ है।

प्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि हनुमान जी महाराज प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करें।

कुनाल सराठे ने कहा कि प्रशासन मंदिर विस्थापन का कार्य बिना हिंदू समाज की सहमति से करने का प्रयास कर रहा है, जो कि गलत है।

डॉ. सुभाष दुबे ने कहा कि शासन को चाहिए कि पहले सभी की सहमति बनाएं, उसके बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ करें।

उदय मसानिया ने कहा कि प्रशासन को हर जगह अपने निर्णयों से मुंह की खानी पड़ रही है, चाहे वह बस स्टैंड का मामला हो या फल बाजार का।

मातृशक्ति ने कहा कि बिना नक्शा-एस्टिमेट के कोई कैसे कार्य कर सकता है।

नितिन मेषकर ने कहा कि यदि प्रशासन बिना अतिक्रमण हटाए निर्माण करता है तो उग्र आंदोलन के लिए सभी तैयार रहें।

उक्त अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा से उदय मसानिया, पं. मदन मोहन दुबे, जितेंद्र कुमार मालवीय, मनोज भाट, लक्ष्मी नारायण यादव, मयंक एक रैकवार, अनिल मेहरा, कार्तिक प्रजापति, राहुल गोस्वामी, अमित मिश्रा, गोविंद केवट, महेश कुमार, रमन प्रजापति, प्रेम ठाकुर, प्रियंका रिछारिया, नीतू रामहरिया, संध्या चौहान, ममता सोनी एवं विश्व हिंदू परिषद से अनुरुद्ध चंसौरिया, अनूप तिवारी, प्रवीण अवस्थी, जयपाल राजपूत, प्रमोद गालर, अजय सिंह भदौरिया, प्रदीप कैथवास, कुलदीप रावत, प्रदीप मालवीय, अनीता तिवारी, आरती मालवीय, अर्चना सातपुते, प्रदीप दायमा, सुरेंद साहू, सुशील गौहर, सनूप सिंह यादवंशी, तनिष्क शर्मा, सूरज राजपूत, दुष्यन्त भदरेले, इंदर मेहरा उपस्थित रहे।

# मुंबई EOW ने 1000 करोड़ के कॉर्पोरेट धोखाधड़ी मामले में 2 निदेशकों को किया गिरफ्तार

**रिपोर्टर - मोहम्मद सलीम मुंबई** मुंबई पुलिस की मुंबई आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने दो निदेशकों - मंगेश पांडुरंग कदम (64) निवासी मित्तल टावर और ममता दिग्विजय सिंह (44) निवासी मीरा रोड को एक बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। यह मामला जाली शेयर प्रमाणपत्रों और ?1000 करोड़ से अधिक मूल्य की कंपनी की संपत्ति के अवैध हस्तांतरण से जुड़ा है।

व्यवसायी रजत झुनझुनवाला की शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर शाजस डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनी जेएलएस रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के एमजीटी-7 फॉर्म और फर्जी शेयरधारिता प्रमाणपत्रों में जालसाजी की, जिससे झुनझुनवाला का स्वामित्व धोखाधड़ी से स्थानांतरित हो गया और यह दर्शाया गया कि इन कंपनियों में उनकी कोई हिस्सेदारी नहीं है।

जांच से पता चला कि कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) को जाली दस्तावेज जमा किए गए थे, और लगभग 39 लाख शेयरों को अवैध रूप से डीमैटरियलाइज़ करके फर्जी फर्मों के माध्यम से स्थानांतरित किया गया था। गवाहों के बयानों से फर्जी हस्ताक्षरों और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज को शेयरों के फर्जी गिरवी रखने का भी संकेत मिलता है, जिससे अन्य संस्थाओं की मिलीभगत के बारे में सवाल उठते हैं।

ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने बताया कि धोखाधड़ी में न केवल शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी की गई, बल्कि संपत्ति हस्तांतरण विलेखों में संपत्ति का कम मूल्यांकन करके सरकार को ?40 करोड़ से अधिक का नुकसान भी पहुँचाया गया। आरोपियों ने कथित तौर पर अन्य साझेदारों के साथ मिलकर जेएलएस रियल्टी और शाजस डेवलपर्स की ?1000 करोड़ से अधिक मूल्य की संपत्ति और स्वामित्व का दुरुपयोग किया।

दोनों आरोपियों को गुरुवार को एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें आगे की जाँच के लिए 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# लेमरू के बच्चों को अब मिलेगा नियमित मध्याह्न भोजन, शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान

**रिपोर्टर- योगेश सलूजा**

लेमरू के बच्चों को अब मिलेगा नियमित मध्याह्न भोजन। सरकारी स्कूलों में बच्चों को मध्याह्न भोजन मिलना उनका हक है, लेकिन लेमरू गांव के प्राथमिक विद्यालय में हालात इतने खराब हो गए थे कि स्कूल के प्रधानपाठक को बच्चों का पेट भरने के लिए उधारी में चावल लाना पड़ा। इस मामले को न्यूज ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया और जिम्मेदार अधिकारी को नोटिस जारी किया गया। ग्राम लेमरू स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में करीब 40 बच्चे अध्ययनरत हैं। विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना के तहत अनाज की आपूर्ति नहीं की जा रही थी। ऐसी स्थिति में प्रधानपाठक चन्द्रलाल शांडिल्य ने बच्चों को भूखा न रहने देने की ठान ली और स्थानीय दुकानदार से उधारी में चावल लाकर भोजन तैयार करवाया। उन्होंने इस समस्या को बार-बार संकुल प्रभारी और शिक्षा विभाग के संज्ञान में लाने की कोशिश की, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। आखिरकार जब न्यूज पर यह खबर प्रमुखता से दिखाई गई तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी। विभाग ने तत्काल संकुल प्रभारी को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, अनाज वितरण में हुई लापरवाही और सोसायटी की जिम्मेदारी भी उजागर हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि अब बच्चों के लिए नियमित रूप से अनाज उपलब्ध कराया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मध्याह्न भोजन योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांव के लोगों ने प्रधानपाठक शांडिल्य की सराहना की है, जिन्होंने मुश्किल हालात में भी बच्चों की पढ़ाई और पोषण से समझौता नहीं होने दिया। वहीं, स्थानीय अभिभावकों ने आभार व्यक्त किया, जिसकी वजह से यह समस्या सामने आई और विभागीय अमला सक्रिय हुआ।



# यूथ इंस्पायर हब प्रस्तुत कर रहा है 27 सितम्बर को भारतीय पहनावा डांडिया नाइट

**रिपोर्ट राकेश पाटीदार इंदौर-** यूथ इंस्पायर हब के तत्वावधान में आगामी शनिवार, 27 सितम्बर 2025 को सत्य सरोज वाटिका में भव्य भारतीय पहनावा डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल भारतीय संस्कृति और पारंपरिक परंपराओं के संरक्षण को समर्पित है, बल्कि यह शहरवासियों के लिए एक अद्भुत पारिवारिक और सांस्कृतिक अनुभव भी होगा।

आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार इस कार्यक्रम में पारंपरिक गरबा और डांडिया की रंगीन झलकियाँ देखने को मिलेंगी। महिलाएँ और बालिकाएँ विशेष रूप से भारतीय पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर मंच पर प्रस्तुति देंगी, वहीं पुरुष भी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर उत्सव की शोभा बढ़ाएँगे। वातावरण लोकगीत, वाद्ययंत्रों की धुन और पारंपरिक ताल से भरा रहेगा, जिससे हर उपस्थित व्यक्ति अपनी संस्कृति से जुड़ाव महसूस करेगा।



इस आयोजन की थीम एक शनिवार परिवार के साथ रखी गई है। समिति का कहना है कि आजकल के व्यस्त जीवन में परिवार के सदस्य अलग-अलग रह जाते हैं, ऐसे में यह कार्यक्रम सभी को एक ही मंच पर लाने और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। सत्य सरोज वाटिका को खासतौर पर सजाया जाएगा। आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, बच्चों और युवाओं के लिए प्रतियोगिताएँ, विजेताओं को पुरस्कार वितरण, स्वादिष्ट व्यंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे।

आयोजकों ने अपील की है कि क्षेत्रवासी और इंदौर शहर के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लें, ताकि यह उत्सव सफल हो और हमारी सनातनी परंपराओं और भारतीय संस्कृति का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।

# ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयालजी के द्वारा ब्लॉक का किया गया निरीक्षण

**रिपोर्टर अरुण त्रिपाठी** शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने हेतु नए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्कूलों का सघन निरीक्षण किया गया।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. दयाल द्वारा प्रात: 10-10 बजे प्राथमिक शाला खड़ पड़ी पारा संकुल रोड़े का निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रताप सिंह तवर हेड मास्टर अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला फुलसर, माध्यमिक शाला शर्मा, प्राथमिक शाला तनेरा, प्राथमिक शाला बिलासपुर पारा, माध्यमिक शाला तनेरा, प्राथमिक शाला कररा बहरा, प्राथमिक शाला सुखारीताल, माध्यमिक शाला हरदेवा सहित अन्य स्कूलों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाश्ता एवं मध्याह्न भोजन समय पर देने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे शिक्षक जो मुख्यालय में नहीं रहते हैं और आना-जाना करते हैं, उन्हें मुख्यालय में रहने हेतु भी निर्देशित किया गया। ऐसे निरीक्षणों से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा रही है।

# बुरहानपुर विधानसभा के ग्राम शाहपुर में कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेताओं का संयुक्त दौरा

**रिपोर्टर – मनोज भागवतकर** बुरहानपुर विधानसभा के ग्राम शाहपुर में कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेता एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी माननीय ग्यारसीलाल रावत जी एवं अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर (ग्रामीण) रविंद्र महाजन जी और अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर



(शहर) रिंकू टॉक जी का संयुक्त दौरा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं बीएलए के पूर्ण गठन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस बैठक में रामभाऊ लांडे, किशोर देशमुख, इन्द्रसेन देशमुख, हंसराज पाटिल, आशीष भगत, मुरलीधर महाजन, नितिन इंगले, प्रवीण टेभुरने, शैलेन्द्र इंगले, मुकेश बुंगाड़, कैलाश अरेरकर एवं कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर रविंद्र महाजन ने कहा कि मैं कांग्रेस का एक सिपाही हूँ। मुझे एक फोन लगाइए, मैं 24 घंटे आपके कार्य के लिए हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। आप सभी के साथ मैं कंधे से कंधा मिलाकर चलता रहूंगा।

# तारापुर में पहली बार विधायक वेतन 50% जनता के नाम-प्रिंयका चौहान , नई सोच, नया चेहरा, प्रत्याशी तारापुर विधानसभा

**रिपोर्टर- अनोज कुमार सिंह (अनुज)**

तारापुर में पहली बार- विधायक वेतन का 50त्न जनता के नाम - प्रियंका चौहान। प्रियंका चौहान सिर्फ़ 25 वर्ष की हैं। वे मनोवैज्ञानिक हैं और वर्तमान में पीएच.डी कर रही हैं। उनका परिवार फ़ौजी पृष्ठभूमि वाला है। उनके पति भारतीय वायुसेना में सेवाएँ दे रहे हैं और उन्हें हर कदम पर समर्थन देते हैं। प्रियंका चौहान किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आतीं। वे समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत रही हैं। यही कारण है कि तारापुर और संग्रामपुर की जनता उन्हें अपना उम्मीदवार मानकर समर्थन कर रही हैं। प्रियंका चौहान के संकल्प पत्र में शिक्षा और युवा के क्षेत्र में हर गाँव में मुफ्त लाइब्रेरी और स्टडी सेंटर, डिफ़ेंस, सिविल सर्विस, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग और सैनिक/मिलिट्री स्कूल के लिए कोचिंग सेंटर, तारापुर में नया सैनिक स्कूल/मिलिट्री स्कूल, 10वीं पास हर छात्र को मुफ्त लैपटॉप या टैबलेट, युवाओं के लिए वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन रोजगार प्रशिक्षण शामिल हैं। स्वास्थ्य और एम्बुलेंस के क्षेत्र में कॉल करने पर 10 मिनट में एम्बुलेंस हर गाँव तक, हर गाँव में स्वास्थ्य शिविर और महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम। महिला शक्ति, पिंकी योजना और रोजगार में पिंकी योजना के तहत सिलाई-कढ़ाई, मशरूम खेती, डेयरी और फूड प्रोसेसिंग में महिलाओं को मदद, कुकिंग और हुनर प्रतियोगिताएँ, हर गाँव में महिला स्वयंसेवी दल, मिशन 99 (99 घंटों में शिकायत पर कार्रवाई, 99 दिनों में काम पूरा)। खेती और उद्योग में नई खेती तकनीक, ड्रिप सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सामूहिक भंडारण, मशरूम, डेयरी और अन्य उत्पादों को बाज़ार तक पहुँचाने में मदद, बड़े उद्योग और निवेश लाकर रोज़गार बढ़ाना। हर घर - एक नौकरी के अंतर्गत हर परिवार



के एक सदस्य को सरकारी या निजी रोज़गार दिलाने का प्रयास। हर पंचायत में सरकारी हॉल - हर पंचायत में एक बड़ा सरकारी हॉल बनेगा ताकि लोग शादी, कार्यक्रम, ट्रेनिंग या सभा कर सकें और जनता के लिए कम या शून्य शुल्क पर उपलब्ध होगा। पूरी पारदर्शिता - सब कुछ ऑनलाइन, हर योजना और खर्च ऑनलाइन दिखेगा, सरकारी फंड और उसका इस्तेमाल मोबाइल/वेबसाइट पर लाइव, हर सड़क और हर काम का हिसाब जनता देख सकेगी, कोई दलाली नहीं - सब डिजिटल और साफ़। तारापुर में पहली बार - विधायक वेतन का 50त्न जनता के नाम, यदि प्रियंका चौहान विधायक बनती हैं तो अपना 50त्न वेतन सीधे जनता के कल्याण पर खर्च करेंगी, यह तारापुर के इतिहास में पहली बार होगा। प्रियंका चौहान तारापुर की सबसे युवा, ईमानदार और बहू हैं जो जनता के पैसे को जनता पर ही खर्च करने का वादा कर रही हैं। यही कारण है कि पूरा क्षेत्र उनका समर्थन कर रहा है। खेल और युवा प्रतिभा के क्षेत्र में खेल मैदान, जिम और प्रशिक्षण केंद्र, फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, शतरंज में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ, प्रतिभाशाली बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में मदद। संस्कृति और समाज में हर गाँव में जनमंच, डिजिटल कनेक्टिविटी - मोबाइल से सब काम, नारी शक्ति क्लब, ग्रामीण पुस्तकालय और ई-लर्निंग सेंटर। प्रियंका चौहान का संकल्प पत्र तारापुर की जनता को भरोसा देता है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएँ हर घर तक पहुँचेंगी, महिलाएँ आत्मनिर्भर बनेंगी और पिंकी योजना हर घर तक जाएगी, किसानों और युवाओं को नए अवसर मिलेंगे, हर पंचायत में सरकारी हॉल होगा, विधायक वेतन का आधा हिस्सा जनता के लिए होगा - यह पहली बार होगा, हर काम का हिसाब जनता देख सकेगी, भ्रष्टाचार ख़त्म होगा और तारापुर नया बनेगा। प्रियंका चौहान आज एक सफल और प्रसिद्ध महिला हैं। वह मनोवैज्ञानिक हैं, पीएच.डी कर रही हैं और मिलिट्री ब्रैट डिफ़ेंस अकादमी के माध्यम से 200 से अधिक बेटियों को भारतीय सेना में चयनित करा चुकी हैं। वह एक सफल व्यवसायी और समाजसेवी भी हैं। उनका मानना है कि 'अगर आप जीवन में बहुत सफल हो जाएँ, करोड़पति बन जाएँ, लेकिन अपने समाज और अपनी जड़ों के लिए काम न करें, तो आप कभी भी वास्तव में बड़े इंसान नहीं बन सकते।' इसी सोच के साथ प्रियंका चौहान ने विधायिका पद के लिए तारापुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। वह पहले से ही पूरे भारत में जानी जाती हैं, लेकिन अब वे अपने समाज और अपने क्षेत्र के लिए सौ प्रतिशत योगदान देने के लिए आगे आई हैं। वह ईमानदार हैं, पारदर्शिता और सेवा की भावना रखती हैं, और चाहती हैं कि शिक्षा, रोज़गार और विकास हर घर तक पहुँचे।

# दो माह से लंबित मानदेय से आर्थिक तंगी, सहायक सचिव परेशान

**रिपोर्ट- अखिलेश सक्सेना राजगढ़ ब्यावरा (मध्य प्रदेश)।** ग्राम रोजगार सहायक एवं सहायक सचिव पिछले दो माह से लंबित मानदेय के भुगतान को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुँचे और अपने अधिकारों की रक्षा हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सहायक सचिवों ने बताया कि रक्षाबंधन,



जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को बिना मानदेय के मनाना पड़ा। लगातार मानदेय की देरी ने उनके आर्थिक स्थिति को कमजोर करने के साथ-साथ कार्य क्षमता और मनोबल पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि इस कारण योजनाओं का सुचारू संचालन भी प्रभावित हो रहा है और कार्यालय के दैनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। सहायक सचिवों ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि उनके लंबित मानदेय का भुगतान शीघ्र किया जाए और भविष्य में मानदेय समय पर देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि मानदेय पुराने नियमों के अनुसार आवंटित किए जाएँ ताकि उनके कार्य और पारिवारिक जीवन पर वित्तीय दबाव कम हो। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि कर्मचारियों की मेहनत और सेवाओं की उचित कीमत समय पर दी जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का सुचारू और प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

# सरपंच की अच्छी पहल -बूढ़ा सरपंच श्रीमती विष्णु कुंवर - राजेश पाटीदार द्वारा सरपंच तीर्थ दर्शन यात्रा

**रिपोर्टर- पप्पु सोलंकी मन्दसौर।** मन्दसौर जिले की मल्हारगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बुढ़ा की सरपंच श्रीमती विष्णुकुंवर - राजेश पाटीदार ने निजी खर्च से सरपंच तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत गरीब, निर्धन एवं वरिष्ठ नागरिकों को मंदसौर, ओम्कारेश्वर, महेश्वर और उज्जैन



तक निशुल्क यात्रा कराई। इस पहल को पुण्य का कार्य बताते हुए भाजपा नेताओं ने सरपंच प्रतिनिधि राजेश पाटीदार बूढ़ा को आज जिला भाजपा बैठक के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री एवं विधायक हरदीप सिंह डंग, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़ और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया द्वारा सम्मानित किया गया।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़ के नेतृत्व में सुशासन पखवाड़ा के लिए बैठक आयोजित ग्राम पंचायत रायआमला में

**रिपोर्टर- उमेश चौहान, मुल्ताई** भारतवर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं विश्व के अधिमान्य नेता आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव दिनांक 17 सितंबर से लेकर गांधी जी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक चलने वाला सेवा एवं सुशासन पखवाड़ा के लिए प्रभात पट्टन मंडल की विशाल कार्यशाला राय आमला शक्ति केंद्र पर आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मंडल के लगभग सभी बूथ अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और सभी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सेवा एवं सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष श्री सतीश धाकड़ जी ने किया। कार्यशाला में वक्ता अशोक पांसे जी एवं मंडल के प्रभारी आदरणीय सुनील गुड्डू जी शर्मा ने सुशासन पखवाड़ा की सभी गतिविधियों से कार्यकर्ताओं को परिचित कराया और सभी कार्यकर्ताओं का परिचय आदान-



प्रदान कर बहुत ही सार्थक चर्चा की। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री आदरणीय मलखान ठाकुर जी ने किया तथा सेवा सुशासन परिचय का वाचन श्री मंगल कुमार नरवरे जी ने किया। भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री राजेश सोनारे जी, श्री रजू संत जी, सेवा पखवाड़ा प्रभारी श्री शीतल राठौर जी, श्री मनोज देशमुख जी, जनपद सदस्य श्री नीतेश काले जी, भोला नागले जी, सरपंच श्री चंद्रशेखर गीद जी, सुमन डांगे जी, उपसरपंच श्री गोरूजी नरवरे, श्री भूपेंद्र बोयरे, श्री भागवत जी बारस्कर, श्री चंद्रशेखर जी देशमुख, श्री रवि देशमुख, श्री नामदेव बंजारे, विजय जी देशमुख, रमेश जी बारस्कर, श्री कृष्णा जी बोरबन, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश भोपते, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश धाकड़, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण परते जी, श्री चंदन बनखेड़े, श्री सतीश कौशिक, श्री चंद्रशेखर बचले और सभी बूथ अध्यक्ष एवं मंत्री बीएलए उपस्थित रहे। सभी ने हर्षोल्लास के साथ वृक्षारोपण, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भाग लेने का आश्वासन दिया। समस्त पट्टन मंडल भाजपा कार्यकर्ता गणों ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# थाना चचाई के बलात्कार के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**रिपोर्टर शांतनु मिश्रा अनूपपुर** पीड़िता नाबालिक के द्वारा महिला थाना शहडोल में दिनांक 06/09/25 को शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी मोहम्मद उमर कादरी पुत्र हसन मोहम्मद निवासी धिरौल थाना चचाई ने चचाई पावर हाउस डेम पहाड़ी के जंगल में मोटरसाइकिल से ले जाकर उसके साथ जबरन गलत काम किया। इस रिपोर्ट पर महिला थाना शहडोल में अपराध क्रमांक 0/25 धारा 64(1), 64(2) बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट एवं 3(1)(W)(ii), 3(2)(1) एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। घटनास्थल थाना चचाई क्षेत्र का होने के कारण असल नंबर में कायम करने हेतु मामला थाना चचाई को भेजा गया। वहां अपराध क्रमांक 245/25 धारा 64(1), 64(2) बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट एवं 3(1)(W)(ii), 3(2)(1) एससी/एसटी एक्ट के




तहत आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में एसडीओपी अनूपपुर एवं थाना प्रभारी चचाई सुंद्रेश सिंह की टीम ने आरोपी की तलाश कर उसे पकड़ लिया। आरोपी मोहम्मद उमर कादरी, उम्र 21 वर्ष, निवासी धिरौल थाना चचाई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा पीड़िता को जिस मोटरसाइकिल से चचाई डेम पहाड़ी जंगल में ले जाया गया था, वही हीरो स्प्लेंडर प्लस नंबर एमपी 18-MU-8522 जप्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

इस कार्रवाई में एसडीओपी अनूपपुर सुमित क्रिकेट्टा, थाना प्रभारी चचाई सुंद्रेश सिंह, चौकी प्रभारी देव्हारा रंगनाथ मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक महिपाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक राजाराम, संदीप मिश्रा, मोहन सिंह, आरक्षक सत्यम गौतम, संतोष सिंह, सचिन, विवेक मिश्रा, धर्मेंद्र रावत, चालक सहायक उप निरीक्षक रावेंद्र तिवारी, आरक्षक दिलीप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शासकीय महाविद्यालय, गुण्डरदेही में रजत जयंती समारोह का आयोजन

**रिपोर्टर- अजय देशमुख** गुंडरदेही - शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही (बालोद) में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने कहा कि यह रजत महोत्सव केवल उपलब्धियों का प्रतीक नहीं, बल्कि समृद्ध भविष्य की दिशा में दृढ़ संकल्प का संदेश भी है। समारोह के प्रथम दिवस में एल्युमनी मीट आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय से जोड़ने एवं उनके अनुभव और उपलब्धियां साझा करने का उद्देश्य था। वरिष्ठ प्राध्यापक श्री डी.एस. सहारे ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। इसी दिन हस्तनिर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी में छात्रों ने धान से आभूषण, छत्तीसगढ़ी नृत्य संस्कृति का मॉडल, माइक्रो धागे से सजावटी सामग्री, पेंसिल बॉक्स, कीरिंग, हेयरक्लिप,




मैजिक क्यूब आदि प्रदर्शित किए और प्राध्यापकों ने सामग्रियों को खरीद कर छात्रों का मनोबल बढ़ाया। तृतीय चरण में इको क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक पेड़, एक विद्यार्थी वृक्षारोपण किया गया, जिससे छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और स्थायी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। द्वितीय दिवस में विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता श्री संजय शुक्ला (ह्रस्स अधिकारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुण्डरदेही) ने छत्तीसगढ़ के विकास और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए और प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने लोक परंपरा एवं सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। तृतीय दिवस में छत्तीसगढ़ के 25वाँ वर्ष विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक ग्रुप में 3 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और बी.कॉम. तृतीय वर्ष के छात्र जितेंद्र, यादराम एवं गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ दिवस (11/09/2025) को पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकों का वाचन किया। लाइब्रेरी प्रभारी प्राध्यापक आर.पी. निषाद ने कहा कि अच्छी पुस्तक हमारे जीवन की दिशा तय करती है और डॉ. अभिषेक कुमार पटेल ने बताया कि पुस्तकें हमारी सबसे करीबी दोस्त हैं, जो ज्ञान, प्रेरणा और जीवन में आगे बढ़ने की राह देती हैं। प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने बताया कि महाविद्यालय की लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं और व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध हैं और कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर शिखा श्रीवास्तव ने किया।

# यूनिवर्सिटी और हलके के विकास के लिए सदा काम करता रहूँगा सेखों – एल.बी.सी.टी. से मुलाकात दौरान विधायक ने कहा

**रिपोर्टर- विपन मित्तल फरीदकोट,** 12 सितंबर – ''मैं अपने हलके और बाबा फरीद यूनिवर्सिटी के विकास के लिए सदा काम करता रहूँगा। हलके की सेवा करना मेरा पहला और प्राथमिक धर्म है।'' ये शब्द एल.बी.सी.टी. (लार्ड बुद्धा चेरिटेबल ट्रस्ट) से मुलाकात दौरान हलका विधायक गुरदित्त सिंह सेखों ने कहे। जिला प्रधान जगदीश राज भारती की अगुवाई वाले उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से उनके निवास पर मुलाकात की, जिसमें ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन जगदीश राय ढोसीवाल भी विशेष रूप से शामिल हुए। विधायक सेखों ने आगे कहा कि बाढ़ के दौरान पंजाब सरकार ने पीड़ितों के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं, जिसके लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान बधाई के पात्र हैं। यूनिवर्सिटी की गवर्निंग बोडी के सदस्य होने के नाते श्री सेखों ने कहा कि वाइस चांसलर डॉ. राजीव सूद के सार्थक प्रयासों और सरकार के सहयोग से यूनिवर्सिटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खास पहचान बनाई है।



एम.बी.बी.एस. के लिए पचास सीटों से शुरू हुई सीटें अब 125 तक पहुंच गई हैं और उनका लक्ष्य 250 सीटों का है। बातचीत दौरान सेखों ने यह भी कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं। श्री ढोसीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के प्रतिनिधिमंडल में ट्रस्ट की चीफ पैटर्न हीरावती, सेवा मुक्त नायब तहसीलदार और चेयरमैन प्रिं. कृष्ण लाल, महा सचिव मलकीयत सिंह मंमन, स्थानीय श्री गुरु रविदास सभा के प्रधान मनजीत खिच्ची, कर्मचारी नेता अमर सिंह महमी, प्रसिद्ध लेखक व चिंतक शिव नाथ दर्दी, श्री कृष्ण आर.ए., जी.पी. छाबड़ा, बलकार सिंह सहोता, सरबिंदर सिंह बेदी और नरिंदर काका आदि मौजूद थे। ढोसीवाल ने सभी सदस्यों की श्री सेखों से जान-पहचान करवाते हुए कहा कि ट्रस्ट की जिला टीम में उच्च शिक्षित, पूर्व अधिकारी और समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले हीरो सदस्यों की क्रीम शामिल है। मुलाकात दौरान ढोसीवाल ने पंजाब सरकार द्वारा नशे और भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए गए अभियान, सरकारी विभागों में बिना रिश्वत के नियुक्तियाँ और अन्य जनहितैषी निर्णयों के लिए विधायक सेखों की सराहना की। उन्होंने यूनिवर्सिटी के समुचे विकास, सरकारी नियमों के अनुसार की गई नियुक्तियों और पन्नतियों, गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एम.आर.आई. और अन्य जीवनरक्षक मशीनों की खरीद के लिए वाइस चांसलर डॉ. सूद और श्री सेखों को संयुक्त रूप से बधाई दी। मुलाकात दौरान श्री सेखों ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों को सुनकर कहा कि समाजसेवी संस्थाएँ सरकार और आम लोगों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। मुलाकात के अंत में यूनिवर्सिटी और हलके के रिकॉर्ड तोड़ विकास के लिए ट्रस्ट की ओर से मैडम हीरावती द्वारा श्री सेखों को सम्मान चिह्न भेंट किया गया।

# इटारसी की शासकीय कन्याशाला को मिला नया विधायक प्रतिनिधि- कुलदीप रघुवंशी ने संभाली जिम्मेदारी

**रिपोर्टर- कमलेश पटेल, इटारसी** इटारसी, मध्य प्रदेश – नर्मदापुरम-इटारसी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ.



सीतासरन शर्मा ने शासकीय कन्याशाला गांधी नगर, इटारसी के लिए कुलदीप रघुवंशी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक डॉ. शर्मा ने इस संबंध में एक औपचारिक पत्र जारी कर विद्यालय प्रबंधन को सूचित किया है, जिसमें उन्होंने श्री रघुवंशी को विद्यालय के कार्यों और समन्वय के लिए अधिकृत किया है। नगर के प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों ने कुलदीप रघुवंशी को हार्दिक बधाई दी और विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। सभापति राकेश जाधव और मनजीत कलोसीया ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। उपस्थित लोगों ने आशा व्यक्त की कि कुलदीप रघुवंशी के सक्रिय सहयोग से शासकीय कन्याशाला गांधी नगर में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय की व्यवस्थाएं और भी सुदृढ़ और उत्कृष्ट होंगी। कुलदीप रघुवंशी इटारसी के एक युवा और सक्रिय समाजसेवी हैं, जिन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। उनकी नियुक्ति से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है और उन्हें उम्मीद है कि उनके प्रयासों से विद्यालय का विकास होगा और छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। डॉ. सीतासरन शर्मा का यह निर्णय उनकी जनसेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इससे पूर्व भी उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं, जो उनके विकासोन्मुख दृष्टिकोण को प्रकट करता है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि डॉ. शर्मा की इस पहल से इटारसी का शैक्षणिक परिदृश्य और भी उज्ज्वल होगा।

# विश्वकर्मा समाज के गौरव का अभिनन्दन- देश में पहली बार मुंबई में

**रिपोर्टर सुनील कारपेंटर** विश्वकर्मा समाज की शक्ति, सृजनशीलता और गौरव को एक नए शिखर पर ले जाने के लिए एचजीवीएस राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा की गई है। यह पुरस्कार देश में पहली बार आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य विश्वकर्मा समाज के मेधावी और कर्मठ व्यक्तित्वों के असाधारण योगदान को सम्मानित करना है। इसमें महिला और पुरुष दोनों ही भाग ले सकते हैं।

इस ऐतिहासिक पुरस्कार समारोह के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 15 अगस्त 2025 तक शुरू होगी और पुरस्कार वितरण दिसंबर महीने में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं है, बल्कि समाज की उन्नति और प्रेरणा का महाकुंभ भी है। विजेताओं को भव्य प्रशंसा पत्र, विशेष रूप से निर्मित मेडल और आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

चर्चा है कि इस वर्ष पुरस्कार राशि का आंकड़ा 3 से 5 लाख रुपये तक पहुँच सकता है, जो इसे समाज के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित पुरस्कार बनाता है। एचजीवीएस की इस पहल को देशभर के प्रतिष्ठित संगठनों का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हो रहा है, जो इसकी गरिमा और महत्त्व को और भी बढ़ा रहा है।

समाज के सभी लोगों से अपील की गई है कि इस महान अवसर का हिस्सा बनें और समाज की इस स्वर्णिम यात्रा में भागीदार बनें। यदि किसी ने व्यक्तिगत या समाज की उन्नति के लिए कोई विशेष कार्य किया है, कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है या किसी विशेष कला में निपुण है, तो पंजीकरण करके पुरस्कार में भाग लेना सुनिश्चित करें।

# जिला युवा संधि समाजसेवी संस्था ने श्रीगणेशोत्सव समितियों को किया सम्मानित बाल समाज गणेशोत्सव समिति केवटी वार्ड को प्रदान किया प्रथम पुरस्कार

**संवाददाता- राकेश मालवीय, सिवनी** अतीत में ब्रिटिश काल के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में सार्वजनिक रूप से श्रीगणेशोत्सव मनाना प्रारंभ किया ताकि लोगों को एक छत के नीचे लाया जा सके और स्वतंत्रता आंदोलनों से जोड़ा जा सके। तभी से श्रीगणेशोत्सव सार्वजनिक रूप से निरंतर पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जाने लगा। परंतु विगत कुछ वर्षों से जिले में श्रीगणेशोत्सव पर्व में अनेकों विसंगतियाँ देखने को मिलीं और श्रीगणेशोत्सव का मूल मंत्र भावनात्मक एकता समाप्त हो गई। सभी समितियां स्वतः अकेले-अकेले उत्सव मनाने लगीं। इन्हें पुनः एक साथ लाने का प्रयास 25 वर्षों से जिले में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत जिला युवा संधि संस्था द्वारा इस वर्ष किया गया, जिसे अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई। विलुप्त प्रायः हो चुका श्रीगणेशोत्सव का जुलूस पुनः शुक्रवारी से नेहरू रोड में देखने को मिला। संस्था ने समितियों के उत्साहवर्धन के लिए विगत दिवस समितियों को सम्मानित किया। जिला युवा संधि के बैनर तले शुक्रवारी के समीप काली चौक माता महाकाली मंदिर प्रांगण में 10 दिवसीय श्रीगणेशोत्सव पर्व में सनातन धर्म के विधि-विधान, शास्त्रीय मंत्रोच्चारण, आपसी एकता, पूजन पद्धति एवं शोभायात्रा में शामिल प्रतिमाओं में चल रहे गीतों सहित अनेक बिंदुओं पर विचार-विमर्श करने के उपरांत समितियों को सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता महाकाली की महाआरती के पश्चात माता भगवती के महाप्रसाद ग्रहण के साथ किया गया। युवा संधि संस्था का सम्मान समारोह श्री महावीर व्यायामशाला के वरिष्ठ संरक्षक शंकर लाल सोनी के मुख्य आतिथ्य, श्री महावीर व्यायामशाला के अध्यक्ष सुदर्शन बाझल की अध्यक्षता एवं संस्था के वरिष्ठ स्वयंसेवक मार्गदर्शक मूलचंद यादव, श्रीकांत दुबे, सुरेन्द्र करोसिया, सीएल श्रीवास के









विशेष आतिथ्य, थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी निरीक्षक किशोर बावनकर, लखनवाड़ा थाना प्रभारी सी.के. सिरामे के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था द्वारा इस दौरान ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ रामगोपाल तिवारी मारबोड़ी, नगर के गणमान्य नागरिक अतुल मालू, रघुराज सिंह बघेल, अजय डागोरिया, अशोक चौहान, बाल्मिक समाज, अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष रोहित सक्सेना, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष शरद दुबे, शिव तिवारी, श्रीराम सेना के बिक्की सनोडिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समितियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नगर में श्रीगणेशोत्सव मनाने हेतु निर्धारित मापदंडों में खरा उतरने वाली बाल समाज गणेशोत्सव समिति केवटी वार्ड को प्रथम पुरस्कार स्वरूप शील्ड प्रदान की गई। द्वितीय पुरस्कार शीतला माता मंदिर समिति एवं तृतीय पुरस्कार सुनारी मोहल्ला गणेशोत्सव समिति को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी समितियों से सनातन परंपरा अनुरूप गणेशोत्सव आयोजन करने और सार्वजनिक उत्सव को नशामुक्त बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला युवा संधि संस्था के अध्यक्ष दिलीप नेमा, मनोज ब्रह्मवंशी, सूरज कश्यप, राजेंद्र गुप्ता, सुबोध बाझल, रोहित कश्यप, संदीप सोनी, अमित तिवारी, अमोल शुक्ला, लोकेश बघेल, पत्रकार राकेश मालवीय राजा, नरोत्तम साहू, अमोल शुक्ला, अरविंद गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन बसंत बघेल द्वारा किया गया और आभार व्यक्त सुदर्शन बाझल, अध्यक्ष श्री महावीर व्यायामशाला द्वारा किया गया।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम, छिंदवाड़ा जिले के 319 और पांढुर्ना के 73 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी, खिल उठे चेहरे

**रिपोर्ट- वीरेन्द्र धाकड़, छिंदवाड़ा छिंदवाड़ा।** शिक्षा का मूल्य तब और बढ़ जाता है जब मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान और



सहयोग दोनों मिलते हैं। यही नजारा आज पूरे प्रदेश में देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से प्रदेश में 12वीं कक्षा के 7,832 टॉपर विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी योजना के तहत राशि प्रदान की। कार्यक्रम का जिला स्तर पर आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया था, जिसमें कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए। सभी ने छिंदवाड़ा ब्लॉक के मेधावी छात्र-छात्राओं को मोटराइज्ड और ई-स्कूटी प्रदान की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी तरह से ब्लॉक मुख्यालयों के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों में सामूहिक रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी में आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।

# महावीर महिला संघ की धार्मिक पंच तीर्थयात्रा का भक्ति भाव से सम्पन्न

**रिपोर्टर- विशाल बागमार** कालानी नगर महावीर महिला संघ इंदौर की अध्यक्षा मनीषा गुगलिया के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय धार्मिक पंच तीर्थ यात्रा मंगलवार को बड़े उत्साह और भक्ति भाव से संपन्न हुई। प्रातःकालीन बेला में सभी सखियाँ निर्धारित ब्लू परिधान धारण कर इंदौर से रवाना हुईं। यात्रा का मार्ग शंखेश्वरपूरं (बदनावर), करमदी, बीबडोद, सागोद, जैयंत धाम और जैवियल मंदिर होते हुए सेमलियाजी तक रहा। पूरे मार्ग में धार्मिक गीत-संगीत और प्रभु भक्ति के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। यात्रा को अनुशासित और आकर्षक बनाने हेतु प्रातःकालीन ब्लू रंग, पूजन समय (दोपहर) में लेहँगा और सायंकाल में रानी रंग का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था। बीबडोद में ढोल की थाप पर स्नात्र पूजा, सामूहिक चेत्यवंदन व छाप का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी









सखियों ने मिलकर गरबा किया और भक्ति व आनंद का अद्भुत संगम देखा। इस पंच तीर्थ धार्मिक यात्रा को श्वेता लूणावत, प्रीति श्रीश्रीमाल, रीता संघवी, शिल्पा संघवी, रीतामुथा, स्वीटी चेलावत ने बस की व्यवस्था और तंबोला खिलाकर सफल बनाया। सुशीला सालेचा ने बस में भक्ति गीतों के माध्यम से सभी को भक्ति और उत्साह से जोड़े रखा। ममता कोठारी ने कार्यक्रम की फ़ोटोग्राफी और वीडियो बनाकर यात्रा को और यादगार बनाया। रेणु भंडारी और रेखा नलवाया ने वित्तीय व्यवस्थाओं का दायित्व निभाया। यात्रा के समापन अवसर पर सेमलियाजी में सभी लाभार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही, उन सभी का हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया गया जो व्यक्तिगत रूप से यात्रा में शामिल नहीं हो सके लेकिन लाभार्थी बनकर पुण्य लाभ अर्जित किया। संघ की सचिव टीना ललवानी और सुदीता मूणत ने सभी उपस्थित सखियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिल्ली से आई टीम, बेहतर कार्य करने को कहा

**रिपोर्टर- हारून खान कुरैशी, नईसराय** तहसील मुख्यालय पर स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एनसीडी की समीक्षा दिल्ली से आई डॉक्टरों की टीम ने की। समीक्षा में मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों की जानकारी उपस्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत सीएचओ और अन्य कर्मचारियों से ली गई। टीम में दिल्ली स्वास्थ्य मंत्रालय से आए डॉ. इमरान, डॉ. विनीत, डॉ. याकूब खान, डॉ. रवि सहित अन्य डॉक्टरों ने डॉ. लखमीचंद और उपस्थित कर्मचारियों से एनसीडी की समीक्षा की। समीक्षा में पीएचसी और समस्त स्टाफ के कार्य को संतोषजनक पाया गया और आगे बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक समझाइश दी गई।

# लुटेरी दुल्हन सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

**रिपोर्टर- अरविंद बैरागी, सिरोंज** क्षेत्र में अब शादी के बहाने ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कुछ दिन पहले लटेरी में लुटेरी दुल्हन पकड़ी गई थी। दीपना खेड़ा थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन नंदिनी चिमटे उर्फ पूजा शर्मा और उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर ठगी के गिरोह का पर्दाफाश किया। आरोपित युवती ने अपने असली नाम को छिपाकर विवाह किया और हफ्ते







भर बाद अपने साथियों के साथ फरार हो गई। प्रकरण में खास बातें यह हैं कि नकली विवाह के लिए नकली आधार कार्ड बनवाया गया था। आरोपियों में भोपाल, बैतूल और छिंदवाड़ा के निवासी शामिल हैं। एसडीओपी सोनू डाबर ने बताया कि ग्राम सांकला निवासी 35 वर्षीय सुरेंद्र राजपूत का विवाह करीब दो महीने पहले 29 वर्षीय भोपाल निवासी पूजा शर्मा के साथ हुआ था। इसके बदले पूजा शर्मा के परिवार ने एक लाख पचास हजार रुपए लिए थे। शादी के लगभग एक हफ्ते बाद पूजा रात के समय गायब हो गई। जब परिवार को पता चला तो उन्होंने अपनी बहू को ढूंढना शुरू किया। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोकलाज के डर से उन्होंने तुरंत थाने में शिकायत नहीं की। दो महीने बाद सुरेंद्र की बहन सोनिका ने पूजा की गायब होने की शिकायत पुलिस से की। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने खोज की और पूजा सहित उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रईस पिता अब्दुल रहमान, निवासी कोला बस्ती भोपाल, रामजी पिता केशलाल वर्मा छिंदवाड़ा, दीना पिता ताराचंद वर्मा ग्राम जुन्नार देव, पायल जैनवार पति देवेन्द्र जैनवार द्वारका नगर भोपाल शामिल हैं। जब नंदिनी उर्फ पूजा को गिरफ्तार किया गया और पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह बैतूल जिले के ग्राम कुम्हारिया की रहने वाली है और भोपाल में रहकर कुछ काम करती थी। एसपी रोहित काशवानी के अनुसार शादी से पहले यह ठगी का मामला भोपाल के रईस गिरोह का कार्य था। पूजा के ऊपर पहले से नौ प्रकरण दर्ज हैं।

# करेली प्रेस परिषद द्वारा आमजन के स्वास्थ्य उपचार हेतु अभिनव पहल , करेली में लगेगा 5 दिवसीय प्राकृतिक आरोग्य शिविर

**रिपोर्ट - समीरज जैन करेली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के स्वास्थ्य आंदोलन के अंतर्गत करेली नगर में 5 दिवसीय प्राकृतिक आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 16 से 20 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 6 से 10 बजे तक संस्कार मैरिज गार्डन, करेली में आयोजित होगा। आयोजको ने बताया कि शिविर में चिकित्सकीय परामर्श, पूर्व एवं पश्चात जांच, प्राकृतिक उपचार और प्राकृतिक आहार की संपूर्ण सुविधा उपलब्ध रहेगी ।शिविर में प्राकृतिक उपचार के माध्यम से मधुमेह, मोटापा, कब्ज, गैस, एसिडिटी, हृदय रोग, रक्तचाप, दमा, जोड़ों का दर्द, अनिद्रा, तनाव, मानसिक रोग सहित अनेक बीमारियों में लाभ पहुंचाया जाएगा।

शिविर की प्रमुख विशेषताएं

चिकित्सकीय परामर्श, शिविर से पूर्व एवं पश्चात, चिकित्सकीय जाँच प्राकृतिक उपचार एवं प्राकृतिक आहार सहित , प्राकृतिक उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य बीमारियों का उपचार

बीमारियाँ – मधुमेह मोटापा , कब्ज गैस , एसिडिटी रक्तचाप , हृदय रोग , दमा , जोड़ो का दर्द , कमर दर्द , गर्दन दर्द , आंखों में जलन , त्वचा रोग ( , सर दर्द , अनिद्रा, तनाव , चिन्ता , मानसिक रोग आदि अनेक रोगों में स्थाई लाभ होता है।

बीमारिया शरीर में एक दम उत्पन्न नही होती है शरीर के अंदर लगातार विजातीय पदार्थ ( गंदगी ) जमा होने से होती है घातक बिमारियों का अंत मृत्यु के रूप में होता है । इन सभी बीमारियों से बचने के लिए नियमित शरीर शुद्धि आवश्यक है। आयें शरीर शुद्धि



स्वास्थ्य संवर्धन प्राकृतिक आरोग्य शिविर में भाग लें और सम्पूर्ण शरीर को शुध्द बनाये।

शिविर के उपचार – पंचगव्य उपचार , नस्यपुरन उपचार , कल्प उपचार, अग्निहोत्र उपचार , आहार उपचार , जल उपचार , मिट्टी उपचार , स्टीमबाथ उपचार, योग निंद्रा, योग उपचार , जलनेती , शंखप्रक्षालन , वमन(कुंजल) , आध्यात्मिक चिकित्सा , ध्यान चिकित्सा आदि

पुरुषो एवं महिलाओं की अलग अलग उपचार की व्यवस्थाए है।

(1) पुरुष अपने साथ एक थैले में लेकर आये- दो छोटी नेपकिन, 1 बेडशीट(योगामेट), एक बड़ा टाबिल, लोअर-टीशर्ट, अंडरगारमेंट्स,

1 पॉसपोर्ट साइज फोटो,1-1 चम्मच – गिलास, एक लीटर पानी बाटल जरूर साथ लाये ।

(2) महिलाएं अपने साथ एक थैले में लाये -दो छोटी नैपकिन, 1बेडशीट(योगा मेट),एक बड़ा टाबिल,सलवार सूट,अंडर गारमेंट्स, 1पॉसपोर्ट फोटो, 1 चम्मच – गिलास, एक लीटर पानी बाटल जरूर साथ लायें ।

मात्र तीन माह में एक बार शिविर करने से सभी प्रकार के रोगों से स्थाई मुक्ति । शरीर के आन्तरिक अंग लीवर , किडनी , रक्त , आतों , हृदय , फेफड़ो की पूरी तरह से सफाई , मन तनाव रहित हो जाता है एवं आन्तिरिक आनन्द ,करुणा , दया ,ममता ,उत्साह , उमंग आदि गुणों में अद्वितीय व्रद्धि होती हैं।

नोट- शिविर में दिये गये दिशा निर्देशों का पूरी ईमानदारी से पालन ही आपको स्वस्थ करने में सहायक होगा ।

शुल्क – प्रति व्यक्ति – 2500/- , पति-पत्नी – 4000/-

रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें – अवधेश जी (गायत्री परिवार) – 9926361358 , विवेक खासकलम – 6263969963 , अनुज ममार- 9424720721, शैलेन्द्र शर्मा – 9407559999, दीपक कौरव- 9926649119, मनोज लुनावत- 9131662590, प्रवीण कोरव- 8989433733, वैभव नेमा- 8871160536, राजा जैन चश्मा वाले – 9826805303 , अमित श्रीवास्तव –9074444113 , तीरथ श्रीवास्तव – 9340570177, आयुष मंडलोई – 9752468057, समीरज जैन (मोंटी)- 7000860161, चन्दन विश्वकर्मा – 8989581558 तथा प्रेस परिषद करेली के सभी सदस्यों से सम्पर्क कर सकते है । करेली नगर का प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन करेली प्रेस परिषद ने नगरवासियों से अपील की है कि इस आरोग्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएँ।

# भारतीय किसान संघ महाकोशल, तहसीलदार कार्यालय पथरिया विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है

## किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन

**रिपोर्टर बालकिशन पटेल पथरिया-** भारतीय किसान संघ प्रतिवर्ष 11 सितम्बर को ज्ञापन दिवस के अवसर पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को आपके संज्ञान में लाता है। इस वर्ष भी संगठन किसानों की गंभीर समस्याओं एवं उनके निराकरण हेतु निम्न बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा करता है-




फसल नष्ट होने पर मुआवजा- इस वर्ष अधिक वर्षा एवं कीट प्रकोप के कारण मूंग, उड़द, अरहर एवं सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। लखरौनी, केलवारी, नेगुवां, बोतराई, सतपारा, सूखा, इमलिया, नंदरई, सदगुवा, असलाना, सुहाव सतौआ, शाहपुर, बिलानी, खेजरा मिर्जापुर आदि ग्रामों में किसानों की स्थिति अत्यंत गंभीर है। अतः शीघ्र सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना- बीमा दावे की राशि का पारदर्शी तरीके से भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा पुनः फसल कटाई प्रयोग प्रारंभ कराया जाए।

सवृका खरीदी- मक्का की खरीदी को समर्थन मूल्य पर तुरंत चालू किया जाए ताकि किसान को उचित मूल्य मिल सके।

डी.ए.पी. व यूरिया की उपलब्धता- विगत दो माह से डी.ए.पी. एवं यूरिया की अनुपलब्धता से किसानों को भारी कठिनाई हो रही है। सरकार शीघ्र ही इनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे। आवारा पशुओं की समस्या- फसलों को नुकसान पहुँचा रहे आवारा पशुओं की समस्या का त्वरित समाधान किया जाए। सिंचाई परियोजनाएँ- पथरिया क्षेत्र की बंद पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब

**रिपोर्टर शिवांगी राघवेन्द्र सिंह यादव शिवपुरी-** दिनारा थाना क्षेत्र में अंग्रेजी और देशी शराब का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने गांव-गांव अपनी अवैध दुकानें खुलवा दी हैं। यहां पर शराब अब बिना रोक टोक बिक रही है। धड़ल्ले से शराब जिसका नतीजा यह निकल रहा है कि लोग जमकर नशा कर रहे हैं, जिससे कई परिवार टूट रहे हैं तो वहीं वाहन दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। जगह-जगह खुली शराब की दुकानों में धड़ल्ले से बिक रही शराब को देखकर भी आबकारी पुलिस शराब ठेकेदारों के सामने लाचार है। आबकारी पुलिस को यह जानकारी होने के बाद भी अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दिनारा क्षेत्र में ठेकेदारों ने देशी एवं अंग्रेजी शराब बेचने के ठेके लिए हैं। ठेका शहरी क्षेत्र के अंदर ही शराब बेचने का होता है, जिसकी शर्तें आबकारी विभाग एग्रीमेंट करके लागू भी करता है। ठीक इसी तरह दुकान क्षेत्र के अंदर ही शराब बिक्री करने का प्राविधान रखा गया है। सीमा के बाहर नहीं और वो भी एक स्थान से यानी की दुकान से ही शराब की बिक्री होता है, लेकिन शराब की दुकानों से तो शराब बिना समय निर्धारण के अपने हिसाब से बेची जा रही है। दिनारा क्षेत्र में आबकारी विभाग का कोई भी नियम शर्तें नहीं चलता। यहां पर ठेकेदार की मर्जी चलती है, जिसके कारण आज गांव-गांव अवैध रूप से शराब की छोटी छोटी दुकानें खुलवाकर गैर कानूनी ढंग से धड़ल्ले से शराब की बिक्री हो रही है। कोई रोकने और टोकने वाला नहीं है।

**शराब के कारण टूट रहे कई परिवार-** दिनारा क्षेत्र कई परिवार तो ऐसे हैं, जिनके पति शराब के कारण अपने कार्य पर भी नहीं जा रहे हैं। जिसके कारण परिवारों के भरण पोषण के लिए महिलाएं मजदूरी कर रही हैं। कई परिवार टूट चूके हैं और कई टूटने की कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ परिवारों में आज भी पति-पत्नी की बीच लड़ाई-झगडे हो रहे हैं। इन दिनों आबकारी विभाग ठेकेदारों के इशारे पर कच्ची शराब के खिलाफ धरपकड़ कर रहा है, किंतु गांव-गांव चल रही अवैध कुचियों पर अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# दहाड़ रही जंगली हाथी गांव में घुस कर ग्रामीण कर रहे हैं विभाग को गुहार

**रिपोर्टर सूरजपुर.** छत्तीसगढ़ के जिला सूरजपुर के ब्लॉक ओडगी तहसील बिहारपुर अंतर्गत रामगढ़ ग्राम पंचायत के आश्रित गांव ब्लेयरी में जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का अचानक हमला और उनका दिन-रात दहाड़ना उनके जीवन के लिए गंभीर खतरा बन गया है। बच्चे और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और कई लोग भय के कारण घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों ने पिछले कुछ दिनों में गांव के खेतों, सब्जियों और फसलों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। रात के समय हाथियों की दहाड़ के कारण पूरा गांव जागा रहता है। इसके अलावा, हाथियों ने कुछ लोगों के घरों में रखे सूर्य ऊर्जा पैनल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे ग्रामीणों को बिजली और रोशनी की भी समस्या हो गई है।

हाथियों के लगातार हमला करने और उत्पात मचाने के कारण स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा के



लिए प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। पांडु जनजाति के लोग, जो गांव में रहते हैं, उन्होंने बताया कि अंधेरे में हाथियों के आने से उनकी नींद हराम हो गई है और पूरा गांव डर और चिंता के माहौल में जीने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते हस्तक्षेप नहीं करता है, तो हाथियों के हमले से बच्चों और बुजुर्गों की जान को गंभीर खतरा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर को पत्र और फोन के माध्यम से कई बार अपनी समस्या से अवगत कराया है और हाथियों को पकड़ने और गांव में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा शीघ्र उचित कदम न उठाए जाने पर गांव में भय और तनाव और बढ़ सकता है। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन उनकी आवाज सुनेगा और हाथियों के हमले रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई करेगा ताकि उनके जीवन, बच्चों की सुरक्षा और फसलों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पत्रकार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा पुलिस कार्यवाहियों ने दिए बड़े सवाल

**संवाददाता आरपी सोनी.** मध्य प्रदेश सिंगरौली चितरंगी थाना पुलिस ने बुधवार को एक पत्रकार पर पुरानी धारा 307 (हत्या के प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार शिकायत में संबंधित व्यक्ति मरणासन्न हालत में है, जिसका फोटो आप देख सकते हैं। वहीं मामले की पृष्ठभूमि और पुलिस की कार्रवाई पर कई तरह के विरोधाभास और गंभीर आरोप उठ रहे हैं। पुलिस का दावा है कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार तक नहीं किया गया। पीड़ित पक्ष और स्थानीय सूत्रों का कहना है कि घटना के समय पत्रकार अपने कार्यालय में थे, जो घटनास्थल से लगभग 12 किलोमीटर दूर है। बताया जा रहा है कि वास्तविक घटना पत्रकार के भाई द्वारा अंजाम दी गई, फिर भी पुलिस ने आरोपी भाई के साथ-साथ पत्रकार को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि इस पूरे घटना से



पत्रकार का कोई संबंध नहीं है।

परिवार और पोस्ट-प्रेस साथियों का आरोप है कि यह साजिश पत्रकार के काम से जुड़ी है। वे कहते हैं कि पत्रकार पिछले कई महीनों से चितरंगी क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियाँ, अवैध शराब व गांजा की बिक्री और अन्य गैरकानूनी धंधों का प्रमुखता से उजागर कर रहे थे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि थाना प्रभारी इसी नाराज़गी के चलते उन्हें निशाना बनाकर झूठे मामलों में फंसाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

और भी गंभीर आरोप हैं। पीड़ित का कहना है कि पत्रकार को गिरफ्तार करने के बाद लगभग 24 घंटे तक निर्वस्त्र रखा गया और रात के अंधेरे में थाने के एक बंद कमरे में प्रताड़ित किया गया। बाद में उन्हें अगले दिन दोपहर 12 बजे देवसर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जिला जेल भेज दिया गया। यह भी पीड़ितों द्वारा उठाया गया आरोप है। स्थानीय लोगों और पत्रकार संगठनों ने कहा है कि खाकी वर्दी जनता की सेवा के लिए होती है। आज वही वर्दी राजनेताओं और स्थानीय ताकतों के इशारे पर काम कर रही दिखती है। इस घटना ने पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता और आचार-व्यवहार पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

पीड़ित पक्ष ने कल दोपहर 12 बजे थाना परिसर से अस्पताल तक सिविल सर्जन अधिकारी के साथ मिलकर घटनाक्रम के हर पहलू को दिखाने का प्रयास करने की बात कही, ताकि गिरफ्तारी और हिरासत के दावों की विश्वसनीय चिकित्सा और कानूनी जांच हो सके। स्थानीय लोगों और प्रेस क्लब ने भी निष्पक्ष, जल्द और स्वतंत्र जांच की मांग उठाई है।

मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है, साथ ही अधिकारी उच्च प्रशासन द्वत्न रीवा के संज्ञान में पूरे मामले को लाने की भी मांग कर रहे हैं। जांच के नतीजे और अधिकारियों की प्रतिक्रिया मिलने पर आगे विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी।

# प्रभारी कलेक्टर मिशा सिंह की अपील

## व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर विश्वास न करें, जिले में फ़िलहाल सर्वे कार्य नहीं हुआ

**रिपोर्ट राजेन्द्र तिवारी दमोह** कार्य प्रारंभ होता है तो पूरी जिला प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रहेगी और ग्रामीणों को समय पर सूचना दी जाएगी. प्रभारी कलेक्टर मिशा सिंह ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया और आमजन के बीच यह चर्चा फैल रही है कि घटेरा के पास बड़ा क्षेत्र केन-बेतवा परियोजना से डूब में आ जाएगा, इस संबंध में कहा कि दमोह जिले में फिलहाल इस परियोजना से जुड़ा कोई सर्वे कार्य नहीं चल रहा है, किसी भी प्रकार का सर्वे तभी संभव है जब नदी में जलस्तर कम हो और कार्ययोजना तैयार की जाए, इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा बाकायदा सूचना और नोटिस जारी किया जाता है, वर्तमान में जिले में ऐसा कोई कार्य संपादित नहीं हो रहा है, परियोजना का प्रस्ताव घटेरा से आगे की ओर है, लेकिन दमोह




जिले में इसकी गतिविधियां अभी प्रारंभ नहीं हुई हैं, आमजन से अपील की कि वे व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर विश्वास न करें, उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि भविष्य में इस संबंध में कोई कार्य प्रारंभ होता है तो पूरी जिला प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रहेगी और ग्रामीणों को समय पर सूचना दी जाएगी,

केन-बेतवा योजना परियोजना का सर्वे कार्य होने के बाद डीपीआर बनाकर भारत सरकार को भेजा जायेगा.केन बेतवा लिंक परियोजना का सर्वे होना हैं, फिलहाल बरसात में अभी कोई काम भी सर्वे का नहीं हो रहा है, इस संबंध में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन पन्ना जो की केन बेतवा लिंक परियोजना का कार्य देख रही है, ने बताया कि बरसात में अभी कोई काम नहीं हुआ है, सर्वे हो जाएगा उसके बाद में डीपीआर बनाकर दिल्ली सरकार को भेजा जाएगा, उनका कहना हैं वर्तमान में नदी में पानी हैं, अभी कुछ भी सर्वे का कार्य नहीं हो सकता, उनका यह भी कहना हैं नदी में पानी कम होने के बाद नदी का स्टेटा देखेंगे तब सर्वे का कार्य किया जायेगा, इसके पश्चात ही सर्वे की कार्रवाई आगे बढ़ेगी तब डीपीआर बनाया जाएगा,

किसान भाई, जिले के निवासी यह बात स्पष्ट रूप से मान ले कि अभी केन बेतवा लिंक परियोजना से कितनी जमीन प्रभावित होगी, क्या स्थिति होगी, इसके बारे में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता, बांध जो प्रस्तावित हैं वह घटेरा के आगे प्रस्तावित है, आमजन-किसान भाई किसी भी तरह की बातों/अफवाह पर ध्यान ना दें,

# कोटा के अगमगढ़ साहिब गुरुद्वारे से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 2 ट्रक राहत सामग्री रवाना, कई जिलों से मिली मदद

**रिपोर्ट जसप्रीत सिंह राजस्थान, कोटा.** पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए कोटा के अगमगढ़ साहिब गुरुद्वारे से बड़ी राहत सामग्री रवाना की गई। इस राहत अभियान में बारां, माधोपुर, बूंदी, झालावाड़ सहित आसपास के कई जिलों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। गुरुद्वारे के ज्ञानी अम्बालवी सिंह जी ने बताया कि पिछले कई दिनों से गुरुद्वारे में लोग आकर राशन और आवश्यक सामग्री दान कर रहे हैं। वर्तमान में दो बड़े ट्रकों में भरकर पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए यह मदद भेजी गई है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक समुदाय मिलकर पंजाब के लोगों के लिए एकजुट होकर सेवा कर रहे हैं, जिससे प्रभावित लोगों को राहत मिल सके। राहत सामग्री रवाना करने के अवसर पर बाबा लाखा सिंह ने ट्रक ड्राइवरों को सरोपा पहनाकर आशीर्वाद दिया और वाहनों को रवाना किया। गुरुद्वारे के सेवादारों ने बताया कि यह मदद अभियान आगे भी जारी रहेगा और पंजाब के बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राशन व जरूरी सामान लगातार भेजा जाएगा। सेवादारों ने उम्मीद जताई कि इस सामूहिक प्रयास से न केवल जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और इंसानियत की मिसाल भी कायम होगी।



# सिंगरौली में शिक्षा विभाग का बड़ा घोटाला

## जिला शिक्षा अधिकारी एस .बी . सिंह पर करोड़ों की सरकारी राशि हड़पने का आरोप, जेम पोर्टल बना गोलमाल का हथियार

**रिपोर्ट आर एन पाण्डेय सिंगरौली।** जिले के शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की भूचाल जैसी हलचल मच गई है। जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी. सिंह पर करोड़ों रुपये की सरकारी राशि में गोलमाल करने का सनसनीखेज आरोप लगा है। आरोप है कि उन्होंने जेम पोर्टल का सहारा लेकर पूरी प्रक्रिया को अपने हिसाब से मोड़ दिया और नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए सरकारी खजाने को खुलकर लूटा।

**जेम पोर्टल बना भ्रष्टाचार का जरिया-** सूत्रों के अनुसार, जेम पोर्टल के जरिए की गई खरीद-फरोख्त में पारदर्शिता नाम की कोई चीज नहीं रही। छ्ङ्कक्क (विज्ञापन प्रकाशन से जुड़े नियमों) को दरकिनार कर किसी भी समाचार पत्र में आवश्यक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किए गए। टेंडर प्रक्रिया को गोपनीय रखकर अंदरखाने मिलीभगत से करोड़ों रुपये का खेल कर लिया गया।

भोपाल तक गूंजा मामला, जिले में चुप्पी

यह मामला सिर्फ जिले तक ही सीमित नहीं है। इस घोटाले की गूंज भोपाल तक पहुंच चुकी है। बावजूद इसके, जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारी अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। न कोई जांच, न कोई कार्रवाई – मानो जिले में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों को खुली छूट दे दी गई हो।

EOW की जांच भी ठंडे बस्ते में मामले की गंभीरता को देखते हुए EOW (Economic Offences Wing) की टीम पिछले दो महीनों से जांच कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका है। जांच की यह सुस्ती जनता के बीच गहरा अविश्वास पैदा कर रही है। लोगों का कहना है कि अगर जांच एजेंसियां भी गोलमाल पर पर्दा डालने लगें तो फिर जनता न्याय की उम्मीद कहां से करे?

**जनप्रतिनिधियों और समाज का आक्रोश-** स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक





संगठनों ने इस घोटाले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया यह कृत्य सिर्फ आर्थिक अनियमितता ही नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था के साथ खुला विश्वासघात है।

**सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है** – सरकारी राशि बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य को संवारने के लिए होती है, लेकिन जिले के जिम्मेदार अफसर इसे अपनी तिजोरी भरने का जरिया बना चुके हैं। यह शिक्षा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का कारोबार है।

**मुख्यमंत्री को ज्ञापन, उच्चस्तरीय जांच की मांग-** घोटाले से आक्रोशित आम जनता और सामाजिक संगठनों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई गई है। जनता का कहना है कि जब तक शासन सीधे हस्तक्षेप नहीं करेगा, तब तक भ्रष्टाचार पर लगाम लगना असंभव है।

**जवाबदेही से भागता तंत्र-** सवाल यह भी उठ रहा है कि जब जेम पोर्टल की प्रक्रिया पारदर्शिता और ई-गवर्नेंस के लिए बनाई गई थी, तो फिर इसे गोलमाल का हथियार क्यों और कैसे बनाया गया? और सबसे बड़ा सवाल – शासन-प्रशासन और जांच एजेंसियां अब तक चुप क्यों हैं? क्या इस चुप्पी में भी कोई गहरी साठगांठ छिपी हुई है?

यह मामला अब जिले में जनता बनाम प्रशासन का रूप ले चुका है। अगर शासन-प्रशासन ने जल्द सख्त कदम नहीं उठाए तो यह घोटाला बड़ा जनआंदोलन का रूप ले सकता हैं.

# नंदी गौशाला एवं चिकित्सा के लिए माननीय उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश जी देवड़ा से श्री राम गौशाला रामपुरा के गौ सेवकों ने की मुलाकात

**नीमच जिला रिपोर्टर अक्षय भट्ट दैनिक दबंग केसरी न्यूज़.** नीमच जिले की तहसील रामपुरा के श्री राम गौशाला एवं गौ उपचार केंद्र की टीम और समस्त गौभक्त कुकडेश्वर ने रामपुरा नगर के गौरव, मध्य प्रदेश के



माननीय उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश दादा देवड़ा जी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में दिनेश जी बैरागी (कुकड़ेश्वर), राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष हरमेश पंवार, यश जगताप, राहुल गौर, अनिल परमार, पियूष माली और गोपाल गरासिया सहित कई अन्य गौभक्त शामिल रहे। बैठक के दौरान गौसेवा से जुड़े वर्तमान कार्यों, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। टीम ने गौ संरक्षण और सेवा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की और आगे की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त किया। माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने गौसेवा के इस समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि गौमाता की सेवा सनातन संस्कृति का मूल है और इसके संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री जी का निरंतर सहयोग और प्रेरणा के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और भरोसा जताया कि शासन-प्रशासन के सहयोग से गौमाता के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयास और भी सशक्त होंगे।

# पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई (भारत) के वाइस चेयरमैन मनोज भारद्वाज जी को संघ द्वारा सौपा गया ज्ञापन

**रिपोर्टर राजा दिवाकर मिश्रा मानपुर,** दिनांक 11/09/2025 को मध्य प्रदेश स्थायी कर्मी कल्याण संघ के प्रदेश सचिव विनोद कुमार भट्ट द्वारा अपने निजी निवास मानपुर में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई (भारत) के वाइस चेयरमैन माननीय मनोज भारद्वाज जी से भेंट कर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं मध्य प्रदेश के समस्त टाइगर रिजर्व वन विभाग में कार्यरत सुरक्षा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा की गई। चर्चा के दौरान भट्ट ने बताया कि वन विभाग के समस्त टाइगर रिजर्व में कार्यरत सुरक्षा श्रमिक 24 घंटे अपनी जान की परवाह किए बिना वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा करते हैं, लेकिन आज भी उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर माननीय वाइस चेयरमैन ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मैं इस समस्या का समाधान करने की पूरी कोशिश करूंगा और जो दोषी हैं, उन पर



कार्यवाही की जाएगी तथा पर्यावरण की सुरक्षा में लगे सुरक्षा श्रमिकों के बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित होगा।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के वन विभाग के समस्त टाइगर रिजर्व में कार्यरत सुरक्षा श्रमिक 24 घंटे अपनी जान की परवाह किए बिना वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा करते हैं। विभाग का 50 प्रतिशत कार्य यही सुरक्षा श्रमिक करते हैं और प्रशासनिक आला अधिकारी द्वारा शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ उन्हें नहीं मिलतीं, जिससे इन गरीबों के बच्चों का भविष्य अंधकार में है। मैं राष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या को उठाकर इनके अधिकार दिलाऊंगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई (भारत सरकार)

वाइस प्रेसिडेंट – मनोज भारद्वाज

# नगर पालिका अधिकारियों से चर्चा

## अरोन पीएम स्व-निधि योजना के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने हेतु यूनियन बैंक मैनेजर की नगर परिषद अधिकारियों से चर्चा

**रिपोर्टर राकेश जैन.**

अरोन। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के सुचारु संचालन और अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने के उद्देश्य से नगर पालिका अधिकारी दिनेश सोनी के निर्देशानुसार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर मीणा जी ने आज नगर परिषद आरोन के सीओ शेख जिगर और गौरव ओझा से मुलाकात की। बैठक में यूनियन बैंक मैनेजर मीणा जी ने कहा कि पीएम स्व-निधि योजना स्वरोजगार बढ़ाने और छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नगर परिषद के सहयोग से हम इस योजना को ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुँचा सकते हैं। नगर परिषद के सीओ शेख जिगर ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि नगर के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक इस योजना की जानकारी पहुंचे और उन्हें आवेदन करने में हर संभव मदद मिले। योजना की मुख्य विशेषताएँ हैं- 15,000 रुपये तक का प्रारंभिक ऋण छोटे ठेलेवालों और रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को बिना किसी गारंटी उपलब्ध। समय पर ऋण चुकाने पर अगले चरण में 25,000 से 50,000 रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध। समय पर भुगतान करने पर 7त्न तक ब्याज सब्सिडी सीधे खाते में जमा। डिजिटल लेन-देन को



बढ़ावा देने हेतु कैशबैक और प्रोत्साहन राशि का प्रावधान। बैठक में यह भी तय हुआ कि बैंक और नगर परिषद संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाएंगे, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना की जानकारी मिल सके और वे आवेदन कर आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर गौरव ओझा भी उपस्थित रहे। जारीकर्ता- नगर परिषद आरोन

# पेटलावद में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भव्य स्वागत, 345 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

**रिपोर्टर भव्य जैन झाबुआ पेटलावद।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शुक्रवार को पेटलावद मंडी ग्राउंड हेलीपेड पर भव्य स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह, कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, आईजी श्री अनुराग, कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जिले की परंपरा के अनुरूप मुख्यमंत्री का ढोल-मांदल, तीर-कमान, झुलड़ी एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री स्वयं भी वाद्ययंत्र बजाने से अपने को रोक नहीं पाए। मुख्यमंत्री ने आमजन का अभिवादन प्रसन्नता के साथ स्वीकार किया तथा कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।



इनमें पर्यटन विभाग, जल संसाधन विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, उद्योग एवं उद्यानिकी, आयुष विभाग, आजीविका परियोजना एवं नगर परिषद की थीम आधारित प्रदर्शनियों की मुख्यमंत्री ने सराहना की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 345.34 करोड़ की लागत के 72 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें 194.56 करोड़ की लागत के 35 कार्यों का भूमिपूजन एवं 150.78 करोड़ की लागत के 37 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1541 करोड़ से अधिक की 28वीं किश्त तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत 53.48 लाख हितग्राहियों को 320.89 करोड़ की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। साथ ही उज्ज्वला योजना एवं विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की महिलाओं को रसोई गैस रिफिल हेतु 48 करोड़ से अधिक की अनुदान राशि भी अंतरण की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करकमलों द्वारा जिला प्रशासन ने जनजातीय आयुर्वेदिक परंपरा एवं चिकित्सा ज्ञान पर आधारित पुस्तक झाबुआ के संजीवक का विमोचन भी किया। यह पुस्तक जनजातीय संस्कृति में विद्यमान जड़ी-बूटियों के उपचार ज्ञान को संरक्षित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

# बाल मित्र योजना के तहत चांचौड़ा कन्या हाई स्कूल की छात्राओं को पुलिस ने कराया थाने का भ्रमण

**रिपोर्टर गोलू बैरागी गुना/चांचौड़ा.** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बाल मित्र योजना के अंतर्गत प्रदेश में थाना स्तर पर विभिन्न विद्यालयों व कॉलेजों के विद्यार्थियों को थाना भ्रमण कराकर उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, पुलिस व्यवस्था से परिचित कराना, बच्चों में कानून के प्रति सम्मान व सहयोग की भावना विकसित करना आदि उद्देश्य से पुलिस द्वारा दिनांक 08 सितंबर 2025 से 15 सितंबर 2025 तक प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में थाना स्तर पर छात्र-छात्राओं को भ्रमण कराकर उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज चांचौड़ा थाना पुलिस द्वारा स्थानीय विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राओं को थानों पर आमंत्रित कर उन्हें थाना भ्रमण करवाया गया तथा उनके साथ संवाद कर पुलिस संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई, जिनमें मुख्य रूप से देशभक्ति, जनसेवा, राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा की भावना का विकास, साइबर अपराधों से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, डायल 112 आपातकालीन सेवाओं की



जानकारी, गुड टच-बैड टच की समझ, बाल विवाह, बाल श्रम उन्मूलन से संबंधित जागरूकता, पॉक्सो एक्ट एवं संविधान/कानून की जानकारी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त छात्राओं को पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया तथा थाना भ्रमण कराकर महिला/पुरुष बंदीगृह, थाना प्रभारी कक्ष, विवेचक कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना आदि दिखाकर उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस द्वारा अपराध एवं कानून व्यवस्था नियंत्रण हेतु उपयोग किए जाने वाले संसाधन व हथियारों से रूबरू कराकर उनके उपयोग के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्राएं काफी उत्साहित नजर आईं और उनके द्वारा भी पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनके पुलिस अधिकारियों द्वारा सहज व मित्रवत अंदाज में उत्तर देकर छात्राओं की जिज्ञासाओं को दूर किया गया। साथ ही आवश्यक हेल्पलाइन नंबर जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि की जानकारी भी बच्चों से साझा की गई तथा जरूरत पड़ने पर इन नंबरों पर कॉल करने की सलाह दी गई। छात्राओं को थाना भ्रमण कराने का उद्देश्य उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, कानून व पुलिस व्यवस्था से परिचित कराना तथा उनमें कानून के प्रति सम्मान व सहयोग की भावना विकसित करना है। गुना पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा जिले के अन्य थानों पर भी स्थानीय विद्यार्थियों को थाना भ्रमण कराकर उनके समग्र विकास में योगदान दिया जाएगा।

# दाहोद के कष्टभंजन बालाजी धाम मंदिर में घुसे चोर, चौकीदार ने किया सामना, लाठियों से चोरों ने किया हमला, चौकीदार घायल

**रिपोर्टर राज भोपे.** कुक्षी तहसील के अंतर्गत निसरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम दाहोद में मंगलवार-बुधवार की रात्रि को श्री कष्टभंजन देव बालाजी धाम में अज्ञात चोरों ने धावा बोला। चोरों के मंदिर में प्रवेश करने पर कुत्ते भौंकने लगे। मंदिर में चौकीदारी कर रहे राधेश्याम पाटीदार ने चोरों को देखकर उनका सामना किया। लाठियां लिए दो चोरों ने चौकीदार के सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश गिर पड़ा। सुबह पुजारी ने खून से लथपथ बेहोश पड़े चौकीदार को देखा। चोर गर्भगृह के कांच के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर भी घुसे, लेकिन चोरी करने में असफल रहे। चोरों के घुसने और मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घायल चौकीदार को बड़वानी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से उसे बड़ौदा अस्पताल भेजा जाएगा।




सूचना मिलने पर निसरपुर चौकी प्रभारी कष्टभंजन बालाजी धाम पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण किया। पुजारी आशीष भगत ने बताया कि फिलहाल मंदिर की कोई सामग्री चोरी नहीं हुई है। कमरे में कैद रिकार्डिंग के अनुसार चोरों की संख्या तीन-चार थी और उनके मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। कष्टभंजन देव बालाजी मंदिर में चोरी करने के इरादे से चोरों के घुसने और चौकीदार पर लाठियों से हमला करने की घटना से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। मामले में बुधवार को सुबह 10 बजे निसरपुर चौकी प्रभारी रवि वासके ने वारदात स्थल का निरीक्षण किया और बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। आरोपियों को शीघ्र पकड़ा जाएगा। मामले में थाना प्रभारी कुक्षी राजेश यादव ने कहा कि चोरी की वारदात को लेकर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है और शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मृतक को 45 लाख रुपए का मुआवजा और घायलों को इलाज हेतु राशि

**रिपोर्टर प्रवीण राय चौधरी रामपुरा।** गांव खीमला में निर्माणाधीन पावर प्रोजेक्ट प्लांट में गुरुवार सुबह एक बस ने बाइक सवारों को कुचल दिया, जिसमें एक बाइक सवार की प्लांट में ही मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने परिजनों को एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता देने और परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग करते हुए गुरुवार को अमरपुरा चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम सुबह लगभग 9:00 बजे से प्रारंभ हुआ और लगभग 5:00 बजे तक चलता रहा। चक्का जाम के दौरान तहसीलदार मृगेंद्र सिसोदिया और स्थानीय थाना प्रभारी विजय सागरीया घटनास्थल पर तत्परता से पहुंच चुके थे। बाद में एसडीएम किरण आंजना, एसडीओपी अंसारी मैडम सहित अन्य थानों के थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से चर्चा की। कंपनी के अधिकारियों से चर्चा कर तय हुआ कि मृतक के परिजनों को कंपनी द्वारा 45 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही दोनों घायलों का कंपनी द्वारा इलाज करवाया जाएगा और जब तक घायलों का इलाज चलेगा, प्रतिमाह 15,000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की जाएगी। यह घोषणा होने के बाद मृतक लक्ष्मण मीणा का पीएम कर शव परिजनों को सौंपा गया। ग्रीनको कंपनी में बड़े पैमाने पर मजदूर और अन्य अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं। इस कंपनी में सह कंपनी के रूप में अन्य कई कंपनियां भी विभिन्न कार्य करती हैं। इस कंपनी में छोटे से लेकर बड़े वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं। कई बार तेज गति से वाहन चलाने की भी चर्चाएं रहती हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उक्त कंपनी और सह कंपनियों में चल रहे सभी वाहनों का परीक्षण करना आवश्यक है। वाहनों के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानक और मापदंडों का पालन हो रहा है या नहीं, यह देखना नितांत आवश्यक है। प्रशासनिक अधिकारियों को इस दिशा में सक्रियता और गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यह भी पता करना आवश्यक है कि कंपनी के परिसर में कोई कमी तो नहीं थी, जिससे इस तरह की घटना हुई।

# राहुल पिंगले पुणे विधानसभा प्रभारी नियुक्त

## कांग्रेस नेतृत्व को सड़क पर संघर्ष करने वाले राहुल पिंगले पर भरोसा

**प्रतिनिधी अरविंद कोठारी ठाणे,** कांग्रेस पार्टी के एक निष्ठावान और कर्मठ पदाधिकारी के रूप में जाने जाने वाले राहुल पिंगले को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बड़े सम्मान के साथ नई जिम्मेदारी सौंपी है। उनके राजनीतिक प्रदर्शन और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें पुणे जिले के 214 पुणे छावनी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

कांग्रेस पार्टी के लक्ष्यों और नीतियों के प्रति समर्पित राहुल पिंगले आम आदमी के मुद्दों के लिए हमेशा आक्रामक रूप से खड़े रहे हैं। ओबीसी विभाग के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ओबीसी के अधिकारों के लिए भव्य रैलियाँ और तीव्र आंदोलन आयोजित करके ठाणे जिला कांग्रेस को नई ताकत दी।

वर्तमान में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता के रूप में वे मीडिया में कांग्रेस का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं और चर्चाओं में प्रभावी रूप से भाग ले रहे हैं। हाल ही में हुए



लोकसभा चुनावों में उन्होंने ठाणे लोकसभा समन्वयक के रूप में नेतृत्व की छाप छोड़ी।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा घोषित नई सूची में राहुल पिंगले (ठाणे) को पुणे छावनी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी भी चुना गया है और नियुक्ति पत्र पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश पाटिल के हस्ताक्षर हैं। इस नई जिम्मेदारी के साथ राहुल पिंगले के सामने पार्टी संगठन को मज़बूत करने की बड़ी चुनौती होगी।

# सखाराम को गिरफ्तार कर दो कीमती मोटरसाइकिल बरामद

**संवाददाता राज भोपे बांदा।** थाना बाग पुलिस ने आज दिनांक को सखाराम पुत्र मनु मेहड़ा, जाति भील, उम्र बीस वर्ष, निवासी बांदा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो कीमती मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यह सफलता डेहरी पुलिस को मिली है। चौकी प्रभारी जगदीश चौहान के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक गोरेलाल शुक्ला एवं प्रधान आरक्षक सोहन मंडलोई, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र आरक्षक, सोनू आरक्षक, आरक्षक राजू सहित थाना बाग पुलिस टीम ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए सखाराम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोटरसाइकिलों को फर्जी तरीके से प्राप्त कर अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा था। पुलिस ने दो मोटरसाइकिल को जप्त कर आगामी विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



# क्षेत्रीय कर्मठ विधायक माननीय विश्वनाथ सिंह पटेल यशस्वी प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन सेवा पखवाड़ा की ली बैठक

**रिपोर्टर राजू सिंह राजपूत दैनिक दबंग केसरी 9977549811.** आज तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह जी पटेल (मुलायम भैया) जी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर आयोजित कौड़िया मंडल समिति की बैठक में सम्मिलित होकर अपने विचार व्यक्त किए।

प्रधानमंत्री जी ने अपने जीवन को देश की सेवा और जन-कल्याण के लिए समर्पित किया है। उनका जीवन हमें प्रेरित करता है कि राजनीति सत्ता पाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने और हर वर्ग के उत्थान के लिए संघर्ष करने का साधन है।

इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए सेवा पखवाड़ा की शुरुआत हो रही है। यह पखवाड़ा केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं है, बल्कि गरीबों, वंचितों, किसानों, युवाओं, माताओं-बहनों और आम



नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है।

स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, पोषण अभियान, दिव्यांगजनों की सहायता, शिक्षा व कौशल विकास जैसे अनेक कार्य इस पखवाड़े में किए जाएंगे। यह सब कार्य हमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को जीवन में उतारने का अवसर देंगे।

आज हम सबको संकल्प लेना है कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में सेवा को अपना धर्म और कर्तव्य मानकर निरंतर कार्य करेंगे। समाज का अंतिम व्यक्ति भी जब विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा, तभी सच्चे अर्थों में सेवा का फल मिलेगा। आइए, हम सब मिलकर सेवा पखवाड़ा को सफल बनाएं और प्रधानमंत्री जी को उनके जन्मदिन पर यही सबसे बड़ा उपहार दें कि हम सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव पखवाड़े में सेवा भाव के संकल्प के साथ सभी लोग गौ संरक्षण का संकल्प लें। सभी लोग अपनी अपनी गाय माता को घर पर बांधे और उसकी सुरक्षा करें। गाय माता ही है जो सुख समृद्धि शांति सुरक्षा और हर संकल्प में सफलता देने वाली है। राष्ट्र को सशक्त बनाना है। गौ माता का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है।

# गोवर्धन में दिनदहाड़े बैंक कैशियर से लूट, बाइक सवार बदमाशों ने छीना बैग और चाबियां

**रिपोर्ट सुरेश कुमार गौड़ गोवर्धन, मथुरा.** मथुरा के गोवर्धन में बाइक सवार बदमाशों ने जिला सहकारी बैंक की एक महिला कैशियर को दिनदहाड़े निशाना बनाया और उनसे बैग, बैंक की चाबियां और मोबाइल फोन लूट लिया। यह घटना गोवर्धन-मथुरा रोड पर एकता गौशाला के पास हुई। लूट का शिकार हुईं कैशियर की पहचान सुनीता शर्मा के रूप में हुई है। वह बैंक बंद करके अपने घर लौट रही थीं, तभी दो बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोका। जब बदमाशों ने उनका बैग छीनने की कोशिश की, तो सुनीता शर्मा ने इसका विरोध किया। विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गईं और घायल हो गईं।



बदमाश उनके बैग में रखी बैंक की चाबियां और उनका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। ुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई कामयाबी नहीं मिली है।

# महिला मोर्चा जिला कमिटी, गोड्डा की विस्तारित बैठक -पुनम देवी

**रिपोर्टर मनोज कुमार कुशवाहा.** गोड्डा झारखंड प्रतिनिधि- झारखंड मुक्ति मोर्चा, जिला कार्यालय, गोड्डा में महिला मोर्चा जिला समिति गोड्डा की ओर से एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम देवी ने की जिसमें महिला मोर्चा जिला कमिटी




के विस्तार एवं महिला सशक्तिकरण तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजित बैठक में बतौर गरिमामयी उपस्थिति झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रो. प्रेमनंदन कुमार की रही साथ ही संगठन सचिव शिवशंकर मंडल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बिलास मंडल, प्रखंड सचिव विजय कुमार महतो, स्वीकृता हांसदा, मिनी किस्कू, जासीनता बेसरा, सहनाज बेगम, किरण पहाड़िया, रीना गुप्ता, जैतून बीबी, सविता देवी, सुहागिनी हैंब्रेम, लुखी मरांडी, वायलेट मिरु मुर्मू, राधिका देवी, कुसमी देवी, लैला देवी, सदरू, मो. जरीना, अनीसा, मिरु हांसदा, बासमती सोरेन, कमोली सोरेन, संगीता बेसरा, संगीता मुर्मू, सुषमा हैंब्रेम, बेबी देवी, शीला टुडू, बसंती किस्कू, सुनैना देवी, रानी देवी, ललिता देवी, शबनम देवी, बीबी जुबैदा, बीबी जैन एवं अन्य महिला कार्यकर्तागण व पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# टिकुरी इंदवार दमोह चिल्हारी मानपुर सहित सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे योग विद्यार्थी, योग अध्यापक प्रशिक्षण का आज छठवां दिन

**रिपोर्टर रविराज सिंह.** उमरिया मध्यप्रदेश। योग हर आयु वर्ग के लिए बेहद महत्वपूर्ण अभ्यास है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने में मदद करता है। इस दिन स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में योग सत्रों का आयोजन किया जाता है। बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिनमें भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग आदि शामिल होते हैं। यह विषय मानव, पर्यावरण और समग्र स्वास्थ्य के बीच सामंजस्य पर बल देता है। योग दिवस 2025 के आयोजन इस बात पर केंद्रित हैं कि कैसे योग व्यक्तिगत स्वास्थ्य के साथ-साथ पृथ्वी के स्वास्थ्य को संतुलित करने में एकता का संदेश देता है। योग भारत की प्राचीन परंपरा है। योग शरीर और मन को स्वस्थ रखने का माध्यम है। योग से तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है। यह दिन हमें नियमित योग करने की प्रेरणा देता है। स्कूलों और कॉलेजों में योग दिवस विशेष रूप से मनाया जाता है। योग आसनों के साथ-साथ ध्यान का भी महत्व होता है। योग करने से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास होता है। हमें रोजाना योग करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ और खुशहाल रह सकें।

योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक अद्भुत कला है। यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलन में लाने का माध्यम है। योग से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि तनाव, चिंता और अवसाद से भी मुक्ति मिलती है। योग हमें सिखाता है संयम, अनुशासन और आत्म-नियंत्रण। यह ध्यान और सांसों के माध्यम से हमें अपने अंदर झाँकने की शक्ति देता है।



विद्यार्थी जीवन में योग का विशेष महत्व है, क्योंकि यह पढ़ाई में एकाग्रता और मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है। आज के व्यस्त जीवन में, जहाँ हम भागदौड़ में लगे रहते हैं, वहाँ योग हमें शांति, ऊर्जा और संतुलन प्रदान करता है।

योग प्रशिक्षण का महत्व एक ऐसा कार्यक्रम है जो व्यक्ति को योग का गहन ज्ञान, अभ्यास और शिक्षण विधियां प्रदान करता है, जिससे वे प्रमाणित योग शिक्षक बनकर दूसरों को योग सिखा सकें। इसमें आसन (मुद्राएं), प्राणायाम (श्वास क्रियाएं), ध्यान, योग दर्शन, शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) और शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) का अध्ययन शामिल होता है। यह व्यक्तिगत विकास और आध्यात्मिक विकास के लिए भी एक सशक्त माध्यम है।

**शारीरिक लाभ स्वस्थ शरीर-** योग शारीरिक आसन और प्राणायाम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ और निरोग बनाता है, और अंगों की कार्यक्षमता में सुधार करता है। श्वसन और रक्त संचार- प्राणायाम से श्वसन संबंधी रोग ठीक होते हैं और रक्त का संचार सुधरता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है और शरीर में ऊर्जा आती है। रोगों से बचाव- नियमित योग से हृदय संबंधी समस्याओं, मधुमेह, और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से बचाव होता है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**मानसिक लाभ तनाव मुक्ति-** योग दैनिक जीवन के तनाव और उसके परिणामों को नियंत्रित करने में मदद करता है। एकाग्रता और मानसिक शांति- योग मन और आत्मा को सक्रिय रखकर शांति, सुकून और संतुष्टि प्रदान करता है। सकारात्मकता और आत्मविश्वास- योग मन को शांत करता है, और शरीर में आत्मविश्वास और उल्लास का संचार करता है, जिससे व्यक्ति सकारात्मक बनता है।

**आध्यात्मिक और समग्र लाभ- आत्म-साक्षात्कार-** योग का उद्देश्य आत्म-दर्शन और ब्रह्मांड से जुड़ना है, जो अंततः मोक्ष की ओर ले जाता है। संतुलित जीवन- योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे जीवन सुखी, संतुलित और संतुष्ट बनता है। सचेत जीवन- योग हमें आत्म-जागरूकता और भावनात्मक संतुलन प्रदान करता है, जिससे हम जीवन के प्रति अधिक सचेत होते हैं।

## पंचायत सचिव को हटाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन

**रिपोर्टर बंटी छत्तीसगढ़िया.** पिथौरा विकासखण्ड महासमुंद जिले का ऐसा विकासखण्ड है, जहाँ हर कदम पर भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार व्याप्त है। पंचायत हो या राजस्व विभाग, हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पिथौरा विकासखण्ड में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवेदन, शिकायत और आंदोलन लगातार चलते रहते हैं। प्रशासन भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर जनता की आवाज को अनसुना करता चला जा रहा है। आज का ताजा मामला ग्राम पंचायत किशनपुर का है, जहाँ ग्रामीणों द्वारा पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जनपद पंचायत से लेकर जिला कलेक्टर तक शिकायत दर्ज कराई, परंतु कोई जांच या कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने आज जनपद पंचायत पिथौरा के परिसर में धरना प्रदर्शन किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि पंचायत सचिव के कार्यों की जांच कर कार्यवाही नहीं की गई तो अमरण अनशन व चक्का जाम किया जाएगा। किशनपुर ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पदस्थ पंचायत सचिव बिना किसी पंचायत प्रस्ताव के लाखों रूपये का चेक अपने चहेतों के नाम से काटता है। ग्राम पंचायत में गांववालों को ही नहीं पता कि गांव में कौन-कौन से विकास कार्य कराए गए हैं। हर एक कार्य में किसी एक व्यक्ति विशेष के नाम पर बिल लगाया गया है। ग्रामीण जनता की मांग है कि वर्तमान में पदस्थ पंचायत सचिव को तत्काल किशनपुर पंचायत से हटाया जाए तथा पंचायत सचिव के कार्यकाल की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## नवरात्रि की आहट, माँ दुर्गा जी की प्रतिमाओं और सजावट सामग्री से सजा बाजार

**रिपोर्टर दिनेश समाधान बिस्तान।** एक सप्ताह बाद सभी ओर नवदुर्गा उत्सव की धूम शुरू हो जाएगी। भक्तों ने उत्सव की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। बाजार में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की दुकानें सज गई हैं। खरीददार भी



पहुँचने लगे हैं। पांडाल समितियों द्वारा प्रतिमाओं का चयन कर बुकिंग कराई जा रही है। बाजार में 21 हजार रुपये मूल्य तक की माता प्रतिमाएँ उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त दुकानों पर माता पूजन सामग्री, डांडिया, पटाकाएँ और छोटी-बड़ी रंग-बिरंगी चुनरियाँ भी उपलब्ध हो चुकी हैं। गौरतलब है कि नगर के बन्हेर मार्ग पर प्रतिमाओं और पांडाल सजावट सामग्री का बड़ा बाजार सजता है। क्षेत्र भर के श्रद्धालु प्रतिमाएँ और सभी प्रकार की उत्सवी सामग्री की खरीददारी के लिए यहाँ पहुँचते हैं। बाजार में भारी रौनक बिखरी रहती है। शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ इस माह की 22 तारीख को घटस्थापना से होगा। दुकानदारों ने बताया कि नवरात्रि के शुभारंभ से तीन दिन पहले ही ग्राहकों की भीड़ शुरू हो जाती है। आयोजन समितियों की टोलियाँ गरबा करते हुए उत्साहपूर्वक माताजी को लेकर जाती हैं। फिलहाल प्रतिमाओं की बुकिंग जोरों पर है।

## मनेंद्रगढ़ में 14 सितम्बर को लगेगा लर्निंग लाइसेंस RTO कैंप

**रिपोर्टर श्याम सुन्दर पोद्दार मनेंद्रगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा और परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 14 सितम्बर 2025 को विकासखंड मनेंद्रगढ़, डोमनापारा स्थित कोल स्टोर के पास गोंडवाना भवन में परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से विशेष ऋञ्जह्व कैंप का आयोजन किया जाना है। इस शिविर के माध्यम से इच्छुक नागरिकों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आम लोगों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तक बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। परिवहन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में समय पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

## शासकीय माध्यमिक शाला हिन्नौद में दारू पीने वालों का आतंक



**रिपोर्टर मकसूद अली.** शासकीय माध्यमिक शाला हिन्नौद में दारूखोर व्यक्तियों का अत्यधिक आतंक व्याप्त है। ये लोग जब चाहे दारू पीकर स्कूल में पहुँच जाते हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। हाल ही में एक छात्र को भी मारपीट का सामना करना पड़ा, जिससे बच्चों में अत्यधिक भय और दहशत का माहौल बन गया है। कक्षा छह से आठ तक के बच्चे और छात्राएँ अध्ययन के लिए आते हैं, लेकिन दारूखोरों के उत्पात के कारण गाँव के लोग अपनी बेटियों को स्कूल भेजने में हिचकिचा रहे हैं। स्कूल के शिक्षकों ने इस गंभीर स्थिति की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी और पुलिस कप्तान से निवेदन किया कि दारूखोरों पर नियंत्रण किया जाए, ताकि बच्चे बिना किसी डर और भय के स्कूल में पढ़ाई कर सकें।

# अनुयायियों और प्रशासन के बीच सहमति के बाद हटी अम्बेडकर की प्रतिमा

### 14 दिन से चल रहा था धरना, एक महीने में अनुमति देकर लगाने का दिया लिखित आश्वास

**रिपोर्ट डॉ जयप्रकाश दोहरे भितरवार.** ग्राम चीनौर के करियारे तिराहे के समीप स्थित शासकीय स्कूल परिसर में बिना अनुमति के रातोंरात लगाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर पिछले 14 दिन से अंबेडकर के अनुयायियों और प्रशासन के बीच चला आ रहा विवाद बुधवार की देर रात प्रतिमा हटाने को लेकर बनी सहमति के बाद समाप्त हो गया है। इसके बाद धरना और भूख हड़ताल भी समाप्त हो गई है। साथ ही प्रशासन ने एक महीने में अनुमति देकर प्रतिमा पुन: स्थापित कराने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही लगी हुई प्रतिमा को अस्थायी रूप से हटा दिया गया है।

बता दें कि रात्रि 28 एवं 29 अगस्त को डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों के द्वारा बिना अनुमति के स्कूल परिसर में प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही प्रशासन ने लगी हुई प्रतिमा को हटवाने का



प्रयास किया, जिस पर अंबेडकर के अनुयायियों में शामिल जाति विशेष वर्ग के लोगों ने इसका विरोध करते हुए उसी प्रांगण में धरना शुरू कर दिया था। उसके दो-तीन दिन बाद कुछ लोगों ने भूख हड़ताल भी शुरू कर दी थी। प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जाने के बावजूद समाज विशेष के लोगों से वार्ता विफल रही। गत दिवस ग्वालियर हाई कोर्ट द्वारा प्रशासन को दिए गए नोटिस पर मामला तूल पकड़ गया। बुधवार को ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर भितरवार एसडीएम राजीव समाधिया ने लिखित में अनुमति देकर पुन: प्रतिमा स्थापित कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रशासन ने लगी हुई प्रतिमा को हटवाया और भूख हड़ताल एवं धरना समाप्त करवाया। इस दौरान भितरवार एसडीएम राजीव समाधिया, एसडीओपी जितेंद्र नगाइच, चीनौर तहसीलदार रुचि अग्रवाल, थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे। भूख हड़ताल पर बैठी राधा सैनी ने लिखित आश्वासन के बाद कहा कि प्रशासन यदि नियत 30 दिन के अंदर अनुमति नहीं देगा तो 31वें दिन बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर पुन: प्रतिमा स्थापित करेंगे।

## आदिवासी समन्वय समिति ACC द्वारा आज पूरे भारत में आदिवासियों की राष्ट्रीय समस्याओं को लेकर भारत के सभी राज्यों में एक साथ ACC से जुड़े सभी सामाजिक संगठनों ने ज्ञापन सौंपा



**रिपोर्ट राजेशयादव.** आज धार जिला मुख्यालय पर आदिवासी परिवार भीलप्रदेश मुक्ति मोर्चा धार की यूनिट ने भी महामहिम राष्ट्रपति महोदय, माननीय प्रधानमंत्री महोदय, माननीय राज्यपाल एवं श्री मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। आदिवासी समन्वय समिति ष्टष्ट भारत की मुख्य प्रमुख मांगें 32 सूत्रीय हैं, जो ज्ञापन में मौजूद हैं।

इस दौरान राजेंद्र गामड़, विक्रम सोलंकी, महैश काका, महैश निनामा, देवानंद खराडी, निलेश मेड़ा, गणेश औसारी, मोहन कटारिया, सुरेश खराडी, विजय चोपड़ा, भानु गिरवाल, जितेन कतिजा, प्रथ्वीराज चौहान, गोपाल निनामा सहित बड़ी संख्या में आदिवासी परिवार और भीलप्रदेश मुक्ति मोर्चा धार के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास के पैसे मांगने पर होगी कार्रवाई – रमेश भार्गव

**रिपोर्टर ब्रजेश कुशवाह कोलारस कोलारस।** नगर परिषद कोलारस द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में पात्र हितग्राहियों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हितग्राहियों के दस्तावेजों का सत्यापन कराया जा रहा है एवं सत्यापन उपरांत संबंधित हितग्राही की जियो टैगिंग की जा रही है। प्राय: यह सुनने में आया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों से पैसों की मांग की जा रही है। पैसे न देने पर आवास की सूची से नाम हटवाने और अन्य प्रकार की धमकियां हितग्राहियों को दी जा रही हैं। उपरोक्त मामलों को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद कोलारस में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमेश कुमार भार्गव द्वारा सूचना दी गई है कि कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के एवज में किसी से रिश्वत मांगता है तो उसकी शिकायत उनके दूरभाष क्रमांक 9893360784 पर संपर्क कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराएं। जो भी व्यक्ति आपसे रिश्वत की मांग करेगा उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अत: मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद कोलारस के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि आवास योजना में किसी भी प्रकार की रिश्वत मांगने वाले की शिकायत सीएमओ के मोबाइल नंबर 9893360784 पर की जा सकती है।



# फर्जी तरीके से सिम जारी करने वाले POS एजेंट के विरूद्ध कार्यबाही

**रिपोर्टर सुनील तिवारी.** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा ऑपरेशन FAST चलाया जा रहा है जिसके तहत कर्जे सिम कार्ड धारकों, विक्रेताओं और एजेंट्स के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य साइबर फ्रॉड, वित्तीय ठगी जैसे अपराधों में प्रयुक्त हो रहे फर्जी सिम कार्ड और उनसे जुड़े अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी नियंत्रण करना है।

इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा दमोह जिले में सक्रिय संदिग्ध POS (Point of Sale) एजेंटों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह सुजीत भदौरिया के मार्गदर्शन में दमोह पुलिस द्वारा मोबाइल एवं सिम विक्रेताओं की जांच हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें थाना हटा पुलिस द्वारा



ऑपरेशन FAST (Forged Activated Sim Termination) के तहत दो POS एजेंट के विरुद्ध दंडात्मक वैधानिक कार्यवाही की गई है, जो कपटपूर्वक बेईमानी से एक ही नाम के कई सिम कार्ड जारी कर धोखाधड़ी कर रहे थे। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी आशिक खान एवं केशवेन्द्र सिंह लोधी दोनों निवासी ग्राम लुहारी थाना हटा के द्वारा अपने POS कोड 53332000ASHIKKHAN एवं 7999030613 से हटा क्षेत्र के गाँव-गाँव में घूमकर भोले-भाले लोगों जिन्हें सिम की आवश्यकता होती थी से एक से अधिक बार सिम के रजिस्ट्रेशन व फोटो की प्रक्रिया कर एक अतिरिक्त सिम जारी करवा लेते थे जिसकी जानकारी सिम खरीदने वाले ग्राहक को नहीं होती थी। इसी प्रकार आरोपी आशिक खान एवं केशवेन्द्र सिंह द्वारा कई मोबाइल नंबर फर्जी तरीके से जारी कर कई नागरिकों के आधार कार्ड, फोटो का उपयोग कर उनके नाम से उनकी बिना जानकारी के सिम कार्ड जारी कर अन्य व्यक्तियों को बेचे जाने पाया गया जिससे आरोपी ने अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया। आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त 02 लैपु सिम (सिम एक्टिवेट करने) जप्त की गई है। उक्त कृत्य पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध अपराध क्रमांक 334/2025 धारा 318(4) बीएनएस, 66(C) आई.टी. एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी हटा निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाध्याय एवं थाना हटा पुलिस टीम तथा साइबर सेल दमोह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी धरसींवा खंड का सतत सदस्यता अभियान जारी, गाँव-गाँव में चल रहा संगठन विस्तार

**रिपोर्ट संजय सेन धरसींवा।** दिनांक 11/09/2025 को धरसींवा खंड के ग्राम पंचायत सिलतरा में गुरुवार को छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का संगठन विस्तार बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें ग्राम के साथ आस-पास के गाँव के युवा साथियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और संगठन से जुड़कर छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़ियावाद तथा छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने सभी ने अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के रिति-निति एवं कार्यों को जिला एवं खंड पदाधिकारियों ने विस्तार से समझाया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री योगेश साहू जी, जिला उपाध्यक्ष श्री आदित्य बघेल जी, जिला उपाध्यक्ष श्री सोनू साहू जी, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री अजय वर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष श्री गोविन्द वर्मा जी,



जिला उपाध्यक्ष लोकेश सतनामी जी, जिला मंत्री श्री तारण साहू जी, छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना धरसींवा खंड अध्यक्ष पन्ना साहू जी, जिला मीडिया प्रभारी युवराज साहू जी, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिला महासचिव लिकेश साहू, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना धरसींवा खंड संगठन मंत्री महेंद्र वर्मा, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिला मंत्री राजू साहू, नगर इकाई कूंरा अध्यक्ष अर्जून देवांगन उपस्थित रहे। धरसींवा खंड ग्राम सिलतरा की बैठक में उपस्थित सभी को बैठक के दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। आने वाले समय में छेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में बड़ी-बड़ी बैठकें आयोजित करने की बात कही गई।

नवीन दायित्व नियुक्तियां- छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना रायपुर ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी युवराज साहू जी, धरसींवा खंड छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना अध्यक्ष श्री विमल टंडन जी, संयोजक प्रेम साहू, महामंत्री गोविन्द साहू, संगठन मंत्री महेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष भुपेंद्र मनहरे, सचिव मुकेश निषाद, संगठन सचिव महेश साहू, ढ्ढञ्ज प्रभारी रवि निर्मलकर, मीडिया प्रभारी गजेन्द्र वर्मा। धरसींवा खंड जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी उमेश निषाद जी, उपाध्यक्ष अनुराग बघेल, उपाध्यक्ष सुशील वर्मा, सचिव रोशन साहू, संगठन सचिव हितेश साहू, सहसचिव राजेन्द्र मानिकपुरी, संगठन मंत्री महेश साहू, मंत्री दीपक साहू, ढ्ढञ्ज प्रभारी सोमेश वर्मा, मीडिया प्रभारी बबलू यादव, सदस्यता प्रभारी प्रदीप साहू। ये सभी लंबे समय से लगातार छत्तीसगढ़ियावाद के लिए कार्यरत हैं।

## नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**रिपोर्टर राजेश दास पखांजूर।** पखांजूर पुलिस ने एक नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करने वाले मनतोष हीरा, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम पीव्ही 125, वैबैकुण्ठपुर को गिरफ्तार किया। यह घटना 10 सितंबर को हुई जब एक महिला ने अपनी नाबालिक बेटी के साथ हुई छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उनकी बेटी अपनी दोस्त से मिलने गई थी, तभी मनतोष हीरा ने उसे गलत नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ की। इस रिपोर्ट के आधार पर, पखांजूर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 139/2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 74, 75 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के. एलेसेला के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे तथा एसडीओपी रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में आरोपी की तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान आरोपी मनतोष हीरा को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



आरोपी को पकड़ने में उपनिरीक्षक तरुण माइती, प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, अगसिया कोड़ोपी और आरक्षक महेश दारों का विशेष योगदान रहा है।

# जनसंपर्क विभाग और पत्रकारों के बीच टकराव, महिला अधिकारी पर गंभीर आरोप, FIR की मांग के साथ सौंपा गया ज्ञापन

**रिपोर्टर जे के मिश्र बिलासपुर बिलासपुर जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में जनसंपर्क विभाग और पत्रकारों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। जिले में पदस्थ सहायक संचालक जनसंपर्क सुश्री नूतन सिदार द्वारा पत्रकारों को मानहानि का नोटिस और आत्महत्या के केस में फंसाने की धमकी दिए जाने का मामला गरमाता जा रहा है। इसको लेकर संयुक्त पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कर बर्खास्तगी की मांग की है।

**महकमे में मचा हड़कंप-** शिकायत पत्र में न केवल नूतन सिदार को कठघरे में खड़ा किया गया है, बल्कि जनसंपर्क आयुक्त और संवाद प्रमुख पर भी मामले को दबाने और पत्रकारों के खिलाफ साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इससे पूरा महकमा सकते में है।

**पत्रकारों ने उठाई 5 प्रमुख आपत्तियाँ**

एक-एक करोड़ की मानहानि का नोटिस – सहायक संचालक ने अधीनस्थ कर्मचारी की आड़ में पत्रकारों को करोड़ों की मानहानि का नोटिस थमाया।

आत्महत्या के केस में फंसाने की धमकी – जिसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला माना जा रहा है।

शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप का निजीकरण – पत्रकारों का अपमान करते हुए उन्हें समूह से बाहर किया गया, घटना के समय कलेक्टर मौजूद थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

विभागीय कार्यशैली पर सवाल – पूरे घटनाक्रम ने विभाग की कार्यसंस्कृति पर गहरा प्रश्नचिन्ह खड़ा किया।

पत्रकार को 'अपराधी' कहकर संबोधित किया गया – जो सेवा




आचरण नियमों का उल्लंघन है।

**ये हैं पत्रकारों की माँगें-** नूतन सिदार के खिलाफ FIR दर्ज कर उन्हें तत्काल सेवा से हटाया जाए।

जनसंपर्क आयुक्त को सार्वजनिक माफीनामा देना होगा।

संवाद प्रमुख को भी माफीनामा जारी करना होगा क्योंकि मामला सीधे मुख्यमंत्री की छवि से जुड़ा है।

एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर निष्पक्ष जांच की जाए।

सिविल सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो।

पूरे राज्य में उबाल की चेतावनी

पत्रकारों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह आंदोलन राज्यव्यापी रूप ले सकता है। उन्होंने इसे सिर्फ जशपुर का मामला नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में लोकतंत्र की रक्षा और प्रेस की आज़ादी का मुद्दा बताया है।

**पत्रकारों की एकता-** ज्ञापन में सैकड़ों पत्रकारों, वरिष्ठ संपादकों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि पूरा मीडिया जगत इस मसले को अपनी प्रतिष्ठा और स्वतंत्रता की लड़ाई मान रहा है। यह प्रकरण अब केवल प्रशासनिक दायरे तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन चुका है। विशेषकर इसलिए कि मामला सीधे मुख्यमंत्री के गृह जिले से जुड़ा है।

## राज्यपाल द्वारा शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका प्रदान कर रही बेहतर शिक्षा

**रिपोर्ट आशीष पाण्डेय मुंगेली,** राज्य शासन की महत्वपूर्ण पहल युक्तियुक्तकरण योजना से न केवल शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि छात्र और शिक्षक अनुपात संतुलित होने से शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। युक्तियुक्तकरण के पश्चात कई अतिशेष शिक्षकों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से स्कूलों में पदस्थापना दी गई। पदस्थापना मिलने से शिक्षकों में उत्साह एवं खुशी स्पष्ट रूप से नजर आ रही है।

युक्तियुक्तकरण के पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला करही में सहायक शिक्षिका के रूप में पदस्थ श्रीमती सुधारानी शर्मा ने बताया कि पहले वे शासकीय प्राथमिक शाला सुरदा में 17 वर्षों से सहायक शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं। शासन की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के पश्चात उन्हें शासकीय प्राथमिक शाला करही में पदस्थ किया गया है। 17 वर्षों के पश्चात नए स्कूल में



स्थानांतरित होने पर वे अत्यन्त प्रसन्न हैं। वे स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से उन्हें काफी अच्छा प्रतिसाद मिला है। वर्ष 2025 में राज्यपाल श्री रामेन डेका द्वारा उन्हें शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

बताते चलें कि शासकीय प्राथमिक शाला करही युक्तियुक्तकरण के पहले एकल शिक्षकीय स्कूल था, जहाँ एक शिक्षक द्वारा स्कूल संचालित किया जा रहा था। अब युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूल को दो शिक्षक मिल गए हैं, जिससे बच्चों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना आसान हो गया है।

# शराब की बोतलें सड़कों पर फेंकी जाती हैं, शासकीय शराब दुकान पर हुड़दंग मौके पर पहुंची पुलिस, बस स्टैंड पर आए दिन शराब दुकान के बाहर शराबियों के बीच विवाद होते रहते हैं

**रिपोर्टर दिलीप कुमरावत मनावर।** संपूर्ण मध्य प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान शासन और प्रशासन द्वारा जोर-शोर से चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरूकता लाना है। इस अभियान के तहत पुलिस प्रशासन गांव-गांव, शहर-शहर और नगर-नगर जाकर संदेश दे रहा है कि नशा हमारे जीवन के लिए प्राणघातक है और इससे घर-परिवार बर्बाद हो रहे हैं। इसके बावजूद युवा वर्ग में नशे की लत लगातार बढ़ रही है। नशा करने के बाद आए दिन विवाद, झगड़ा और हुड़दंग जैसी घटनाएं सामने आती हैं। विशेष रूप से धार्मिक त्योहारों के समय मनावर बस स्टैंड पर शराब पीकर ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं।

स्थानीय बस स्टैंड के भीतर स्थित शासकीय शराब दुकान होने के कारण शराब पीकर हुड़दंग की घटनाएं रोजाना होती रहती हैं। पहले भी शराबियों द्वारा दुकान के बाहर मारपीट और शराब के नशे में धुत होकर आपस में भिड़ने की




घटनाएं हुई हैं। मारपीट के दौरान शराब की बोतलें सड़कों पर फेंकी गईं, जिससे विवाद काफी देर तक चलता रहा। विवाद बढ़ते देख आसपास के निवासियों ने मनावर पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शराबियों को भगाने के लिए लाठियों का प्रयोग कर मामले को शांत किया।

**बस स्टैंड पर शराब दुकान–** नगर के बस स्टैंड पर स्थित शराब दुकान बसों के जमावड़े से केवल 10-20 कदम की दूरी पर है। बस स्टैंड पर रोजाना लगभग 100 से 150 बसों का आवागमन होता है और भारी संख्या में महिला, युवती और आम लोग यात्रा करने पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में बस स्टैंड पर संचालित शासकीय दुकान से शराब खरीदकर आसपास या दुकान के बाहर शराब पीकर हुड़दंग की घटनाएं कई बार घट चुकी हैं। इसके बावजूद आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, जो कि चिंता का विषय है।

**बिना बिल बेची जा रही शराब–** शासन की गाइडलाइन के अनुसार ठेकेदारों को शराब बेचने का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदार अपनी मनमर्जी से दुकान चला रहे हैं। शराब खरीदने वालों को बिल नहीं दिया जाता और अवैध रूप से शराब सप्लाई की जा रही है। ग्रामीण अंचलों में रात के अंधेरे में शराब का अवैध परिवहन बड़ी मात्रा में हो रहा है, जबकि जिम्मेदार मौन रहकर अवैध शराब कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं।

**बस स्टैंड से हटाकर अन्यत्र करने की मांग–** स्थानीय जनता ने कई बार बस स्टैंड से शासकीय शराब दुकान हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग शासन और प्रशासन से की है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। शराब दुकान के कारण विवाद और हिंसा बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते शासन और प्रशासन कदम उठाते हैं, तो बस स्टैंड जैसी मुख्य जगह, जहां दिनभर हजारों महिला, पुरुष, युवक और युवतियाँ बसों का इंतजार करते हैं, वहां आम लोगों को राहत मिल सकती है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष और पत्रकार अनिल जैन ने जिला कलेक्टर धार प्रियंक मिश्र से अनुरोध किया है कि बस स्टैंड से शराब दुकान हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित की जाए।

# चौरई में नवरात्रि की धूम, चौरई नगर जगरानी पंडाल बनेगा आकर्षण का केंद्र, महाकुंभ 2025 से सिद्ध रुद्राक्ष भी होंगे वितरित!

**रिपोर्टर हर्षित चौरसिया चौरई,** – नवरात्रि महोत्सव को लेकर चौरई नगर में उत्साह की लहर दौड़ गई है। आगामी 22 सितंबर से वार्ड नंबर 1 में चौरई नगर जगरानी नाम से भव्य पंडाल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। नगरवासियों में माताजी के स्वागत को लेकर गजब का जोश देखने को मिल रहा है और पूरे क्षेत्र में तैयारियाँ जोरों पर हैं।

आयोजकों के अनुसार यह पंडाल अपने दिव्य और भव्य स्वरूप से नगर की पहचान बनेगा। इसमें माँ दुर्गा के पाँच रूप एक साथ विराजमान होंगे, जिससे भक्तों को अलौकिक दर्शन का लाभ मिलेगा। बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक झूले, संस्कृति को उजागर करती प्रदर्शनी, और मनमोहक रोशनी व सजावट इस आयोजन को यादगार बनाएंगे।

विशेष रूप से इस बार नवरात्रि के दौरान महाकुंभ 2025 से प्राप्त सिद्ध रुद्राक्ष भी भक्तों में वितरित किए जाएंगे, जिससे इस धार्मिक



आयोजन की महिमा और बढ़ जाएगी। आयोजकों ने इसे माता रानी की कृपा का विशेष अवसर बताया है और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

यह आयोजन न केवल पूजा का पर्व है, बल्कि चौरई की एकता, भक्ति और संस्कृति का उत्सव बनेगा। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि वे परिवार सहित इस भव्य आयोजन में शामिल होकर माता रानी के चरणों में श्रद्धा अर्पित करें और सिद्ध रुद्राक्ष प्राप्त कर धार्मिक आनंद का अनुभव करें।

# एनएचएम कर्मियों ने देवी मां से अपनी मांगों की पूर्ति और सरकार को सदबुद्धि देने की प्रार्थना की

**रिपोर्ट राजीव गुप्ता .** आज एनएचएम कर्मचारी हड़ताल के छबीसवें दिन भी अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में हड़ताल पर बने रहे हैं। जैसे-जैसे कर्मचारियों की हड़ताल की अवधि बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बदहाल होता जा रहा है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के व्यापक क्रियान्वयन व संचालन हेतु केंद्र और राज्य सरकार हज़ारों करोड़ रूपए खर्च कर रही है, किंतु एनएचएम कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति वर्तमान सरकार के अड़ियल रवैये के कारण उक्त राशि का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इलाज के लिए जो लोग सरकारी अस्पताल का रुख करते हैं, उन्हें स्टाफ की कमी के कारण अच्छी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। सीधे तौर पर यह कहा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के ज्यादातर प्रशिक्षित और कर्तव्यनिष्ठ एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ रहा है।




**कर्मचारियों ने निकाली सिद्ध स्थल तक मनोकामना यात्रा–** आज हड़ताल के छबीसवें दिन एनएचएम कर्मचारियों ने धरनास्थल से नगर के मध्य में स्थित प्रसिद्ध और सिद्ध शक्ति स्थल माँ काली मंदिर तक विगत 20 वर्षों से लंबित नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों की पूर्ति हेतु मनोकामना यात्रा निकाली। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को पीले कागज़ में लिखकर माँ काली तथा श्री बालाजी के चरणों में अर्पित किया और कामना की कि वर्तमान सरकार को माँ काली और श्री बालाजी सद्बुद्धि दें और सरकार एनएचएम कर्मचारियों के हित में निर्णय ले, ताकि जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं एक बार फिर से सुचारू रूप से चल सकें।

**मांग और वादों की बारात–** एनएचएम संघ जशपुर द्वारा हड़ताल के छबीसवें दिन वर्तमान सरकार के दिग्गज नेताओं और मंत्रियों द्वारा सत्ता में आने से पूर्व कर्मचारियों से किए गए वादों और मोदी की गारंटी के तहत संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों (संविलयन, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, पब्लिक हेल्थ कैडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश सुविधा, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, नियमित पद में आरक्षण) की पूर्ति के लिए याद दिलाने हेतु माँ काली मंदिर से शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए धरनास्थल तक वादों की बारात निकाली गई। इसमें लगभग 815 कर्मचारी सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष श्री हीरालाल भगत जी ने धरना स्थल में भौतिक रूप से उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के अनिश्चितकालीन आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मियों की मांग जायज है और संघ इसका पूर्ण समर्थन करता है। इसके पूर्व भी स्वास्थ्य फेडरेशन, कर्मचारी संघ एवं कई सामाजिक संगठनों ने अपना सहमति पत्र शासन को भेजा है।

# भाजपा मंडल नजीराबाद में सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर कार्यशाला सम्पन्न

**रिपोर्टर मोहन दुबे नजीराबाद बैरसिया.** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से लेकर गांधी जयंती (02 अक्टूबर) तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल नजीराबाद द्वारा शुक्रवार को एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला भोपाल ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष श्री नरेश शर्मा जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान मंडल अध्यक्ष श्री रामबाबू गुर्जर जी सहित मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस सेवा और समर्पण को समर्पित है। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, जनजागरूकता रैली, गरीब एवं जरूरतमंदों की सेवा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को इस पखवाड़े को ऐतिहासिक और जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लेना होगा।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री नरेश शर्मा ने कहा कि सेवा ही संगठन की आत्मा है। प्रत्येक कार्यकर्ता को सेवा पखवाड़ा अभियान को पूरे मनोयोग और निष्ठा से जनहित में समर्पित करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष श्री रामबाबू गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित है। हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि इस अभियान के माध्यम से जनता तक पार्टी की सेवा भावना पहुँचाएं। कार्यशाला का संचालन मंडल पदाधिकारियों द्वारा किया गया और अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया।

# बलौदाबाजार में जी एस टी स्लैब में सरलीकरण विषय को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन

**रिपोर्टर दिलीप माहेश्वरी बलौदा बाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के मुख्यातिथ्य में आयोजित पत्रकार वार्ता में संजय श्रीवास्तव ने कहा कि जीएसटी में ऐतिहासिक छूट के बाद अब स्लैब का सरलीकरण किया गया है। इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार कर इसे कम किया गया है, जिससे भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने और व्यापार-उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न केवल लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से व्यापारी भी अधिक सुगमता से अपना कार्य कर सकेंगे। नवरात्रि से लागू होने वाले ये नए प्रावधान देश को आर्थिक रूप से और शक्तिशाली बनाएंगे।

एक राष्ट्र-एक टैक्स की भावना के साथ पहले सभी तरह के करों को एक कर प्रणाली में लाकर मोदी जी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की धारणा को साकार किया और अब इसे सरल बनाकर क्रांतिकारी सुधारों का सूत्रपात किया गया है।

आजादी के बाद 101वें संविधान संशोधन द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें मनमाने ढंग से कभी भी कर लगा देती थीं। प्रत्यक्ष कर की बात करें तो आयकर की दर अधिकतम 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले से अपने संबोधन में जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार का आश्वासन दिया और मात्र बीस दिन में जीएसटी काउंसिल ने इसे मंजूरी दे दी। नए सुधार से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन, ट्रैक्टर, उसके कलपूर्जे और अन्य कृषि उपकरण, व्यक्तिगत स्वास्थ्य व जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल उत्पाद किफायती बनाए गए हैं। एक विकसित अर्थव्यवस्था में करदाता अधिक और टैक्स दर कम होनी चाहिए। जीएसटी ने इसी लक्ष्य को हासिल किया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25




में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया। जीएसटी कम होने का लाभ वस्त्र उद्योग और निर्यात को मिलेगा। हस्तशिल्प की कम दर कारीगरों की आजीविका को समर्थन देगी, विरासत संरक्षित होगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। ऑटोमोटिव में स्पष्ट वर्गीकरण से विवाद कम होंगे तथा विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि को सहायता मिलेगी। नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। यह सुधार किसानों के जीवन में आर्थिकी को मजबूत करेगा। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। जैव-कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी दर घटाई गई है। स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा उत्पादों पर कर समाप्त करने का लाभ सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह छूट सभी के लिए बीमा का लक्ष्य प्राप्त करने में मददगार होगी और सस्ते इलाज के संदर्भ में ऐतिहासिक कदम है। अपवाद के रूप में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर लगाया गया है, वहीं बीड़ी को 18 प्रतिशत के स्लैब में रखा गया है। इससे तेंदू पत्ता संग्राहकों और जनजातीय क्षेत्रों को लाभ होगा। छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में साहसिक फैसले लेने की क्षमता है, उनके नेतृत्व में भारत विकसित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 में विकसित भारत बनाना चाहते हैं। जीएसटी में किए गए बदलाव विकासशील अर्थव्यवस्था को विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा में ले जाने वाला बड़ा कदम हैं। 1947 से 2017 तक 70 वर्षों में कुल 66 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष कर प्रणाली से जोड़ा गया। 2017 से 2025 तक आठ वर्षों में 85 लाख टैक्सदाता जुड़े।

प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, टेसू लाल धुरंधर, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, विजय यादव, विजय केशरवानी, पवन साहू, खोड़स कश्यप, आलोक अग्रवाल, जितेंद्र महाले, पुरुषोत्तम साहू, पुरुषोत्तम सोनी, रितेश श्रीवास्तव, अनुपम बाजपेयी, प्रशांत यादव, मदन वर्मा, नरेश केशरवानी, मणिकांत मिश्रा, संकेत शुक्ला, शशि शुक्ला, जितेंद्र डैसेना, संतोष पटेल, वासुदेव ठाकुर, वेदांत रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह – चौथा दिवस



**रिपोर्ट उषा मेहरा.** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की रजत जयंती समारोह के चौथे दिन के पावन अवसर पर दिनांक 12/09/25 को एक विशाल छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना से हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति, छत्तीसगढ़ी कविता वाचन, राउत नाचा, सुवा नृत्य, करमा नृत्य तथा लोकगीत-नाचा, जस गीत एवं छत्तीसगढ़ी नाटक जैसी विविध लोक कलाओं के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने अपनी छत्तीसगढ़ी बोली और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। मुख्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति हमारी असली पहचान है। रजत जयंती जैसे अवसर हमें अपनी जड़ों और परंपराओं को याद करने तथा नई पीढ़ी तक पहुँचाने का अवसर देते हैं। इस कार्यक्रम के सह-संयोजक अतिथि व्याख्याता सुश्री रेणुका दीवान एवं सुश्री शालिनी कुजूर द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के परिणाम इस प्रकार रहे –

1. लोकोक्ति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करिश्मा यादव (बी. एस. सी. तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान राजमती (बी. एस. सी. तृतीय वर्ष), तृतीय स्थान आयुष सिंह (बी. एस. सी. तृतीय वर्ष)
2. छत्तीसगढ़ी कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चांदमुनी (बी. काम प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान सूर्यज्योति (बी. काम प्रथम सेमेस्टर), लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंद्रावती (बी. काम प्रथम सेमेस्टर)
3. लोकगीत नृत्य एकल में प्रथम स्थान मनीता एवं रजनी (बी. एस. सी. तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान रीना (बी. एस. सी. तृतीय वर्ष)
4. लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेणुका एवं समूह, द्वितीय स्थान मनीता एवं समूह, तृतीय स्थान पूजा एवं समूह
5. छत्तीसगढ़ी नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम एवं साथी

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक अध्यापक डॉ. बलराम साहू, क्रीड़ा अधिकारी श्री अशोक एक्का, अतिथि व्याख्याता बेनी प्रसाद डेहरिया, श्री शिवम पटेल, श्री कमलेश धीरहे, डॉ. अनुराधा गुप्ता, डॉ. सुनील राम, श्री सूरज प्रसाद वर्मा एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए आयोजकों ने सभी आगंतुकों एवं कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सोलापूर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलदीप जंगम ने मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के बारे में दी जानकारी

**रिपोर्टरसंजय मस्कर.** क्या आपका गाँव पाँच करोड़ का इनाम चाहता है? सरपंच और गाँव वालों, अगर आप अपने गाँव में यह 'सनातन' काम करेंगे, तो आपको मुख्यमंत्री के समृद्ध पंचायत राज मिशन से निश्चित इनाम मिलेगा। इसके लिए गाँव वालों को एकजुट होकर 17 सितंबर से इस मिशन की शुरुआत करनी चाहिए, यह अपील जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलदीप जंगम ने की है।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलदीप जंगम ने गुरुवार को मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के बारे में जानकारी देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत विभाग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी सूर्यकांत भुजबल उपस्थित थे। सीईओ कुलदीप जंगम ने मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिले की सभी ग्राम पंचायतें इस अभियान में भाग लेंगी। इसके लिए राज्य, जिला और तालुका स्तर पर ग्राम पंचायतों, सरपंचों और सदस्यों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। यह कार्यशाला ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी। इसमें ग्राम सेवक, सरपंच, सदस्य, ग्राम संस्थाएं, स्कूल समिति के सदस्य, तलाठी, कृषि सहायक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सभी को आमंत्रित किया जाएगा। इस अभियान को लागू करने के लिए हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम सभा भी आयोजित की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य




केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना, लोगों में जागरूकता पैदा करना और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। हर साल 20 प्रतिशत ग्राम पंचायतें इस योजना में भाग लेंगी और योजना बनाई जा रही है कि अगले पाँच वर्षों में शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतें इसमें सफल हों। इस अभियान में मुख्य रूप से सात घटक शामिल हैं। इसमें ग्रामीणों की भागीदारी से वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, प्लास्टिक प्रतिबंध, स्वच्छता अभियान आदि गतिविधियाँ शामिल हैं। प्रशासनिक स्तर पर सुशासन के निम्नलिखित पहलू शामिल होंगे। जनोन्मुखी प्रशासन, नागरिक सेवा सुविधा केंद्र की स्थिति, शिकायत निवारण, ग्राम पंचायत की वेबसाइट, गाँव में सीसीटीवी लगाना, ग्राम पंचायत के खातों को अद्यतन रखना और उनका ऑडिट करना, ग्राम पंचायत की सभी बैठकों और कार्य रिपोर्टों के रिकॉर्ड को अद्यतन करना, ग्राम विकास समिति के कार्यों को सही ढंग से चलाना, मतदाताओं और नागरिकों द्वारा ऐप डाउनलोड करना, सभी को आयुष्मान भारत कार्ड जारी करना, दिव्यांगों को पहचान पत्र प्रदान करना, पानी के बिलों की सही ढंग से वसूली करना, लोगों से सुविधाएँ उत्पन्न करना, स्वयं की आय बढ़ाना, स्वच्छ जल की आपूर्ति करना, बिजली के बिलों का सही ढंग से भुगतान करना, पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करना, सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत क्षेत्र में वृद्धि करना, गैर-परंपरागत ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना, अपशिष्ट प्रबंधन का आयोजन करना, सीवेज प्रबंधन का आयोजन करना, स्कूल, आंगनवाड़ी, रोजगार गारंटी योजनाओं को लागू करना, स्कूलों का डिजिटलीकरण करना और किसानों को कुएँ, खेत तालाब, पशु शेड और आश्रय प्रदान करना। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों को तालुका, जिला और राज्य स्तर पर बड़े पुरस्कार मिलेंगे। राज्य की प्रथम ग्राम पंचायत को पाँच करोड़ का पुरस्कार मिलेगा। सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए 290 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस पुरस्कार राशि का उपयोग गाँव में विकास कार्यों के लिए किया जा सकेगा। इसलिए, सीईओ जंगम ने प्रत्येक ग्रामीण से अपने गाँव के विकास के लिए पुरस्कार पाने हेतु इस योजना में भाग लेने की अपील की है।

स्वामी श्री रावेन्द्र त्रिपाठी, मुद्रक, प्रकाशक श्री उपेंद्र सिंह परमार द्वारा श्री 137 बालाजी प्रिंटर्स भोपाल से मुद्रित एवं 227 आनंद नगर भोपाल मध्यप्रदेश से प्रकशित!
संपादक श्री उपेंद्र सिंह परमार (किसी विवाद की स्थिति मे जिला न्यायालय भोपाल मान्य होगा) हेल्पलाइन- 9479840005

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मना उमंग दिवस, विद्यार्थियों ने की सहभागिता

**रिपोर्टर महेंद्र मिश्रा करैरा।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करैरा में



आज दिनांक 12/09/25 को उमंग दिवस के उपलक्ष में उमंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युगल किशोर शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार) एवं विशिष्ट अतिथि रमेश बघेल (पूर्व सरपंच, छिरारी) रहे। उक्त कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य अरविंद सिंह यादव के नेतृत्व में संचालित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों में मेहुल सोनी, रोहित विश्वकर्मा, वीर सिंह जाटव, गुलशन जाटव, रितिक जाटव, सुमित जाटव, आयुष मौर्य, विकाश पाल, मंगल कुशवाह, अश्वनी जाटव, धर्मेन्द्र प्रजापति आदि ने सहभागिता की।

कार्यक्रम उपरांत छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि युगल किशोर शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के विशेष सूत्र बताते हुए चरित्र और कर्म की प्रधानता पर जोर दिया।

विद्यालय के प्राचार्य अरविंद यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय में पधारे मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती पूजा शर्मा, दिलीप जोशी, भानु प्रकाश भार्गव, राबिया वानो, श्रीमती रानी पहरिया, श्रीमती अंकिता गुप्ता, राम कुमार शुक्ला, राजकुमार गुप्ता, सतीश राजपूत, तेज सिंह बझैया, आदित्य धौलपुरिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन कार्यक्रम के प्रभारी सोनू श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## नवागत पुलिस अधीक्षक उमरिया श्री विजय भगवानी ने पदभार ग्रहण किया शिकायतों का त्वरित एवं न्यायपूर्ण निराकरण होगी पहली प्राथमिकता

**रिपोर्टर दीपक कुमार वर्मा.** उमरिया जिले के नए पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व श्री भगवानी की पदस्थापना सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल में थी। नवागत पुलिस अधीक्षक 2012 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। विभागीय चार्ज लेने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्होंने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों का परिचय लिया। पदभार ग्रहण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सबसे पहले सभी थाना प्रभारीयों की समीक्षा बैठक ली जाएगी और जिले की भौगोलिक स्थिति, कानून व्यवस्था, थानों एवं पुलिस बल, अपराधों के स्वरूप, लंबित प्रकरण आदि की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।



# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु धमतरी पुलिस की अभिनव पहल

## आवारा मवेशियों को पहनाए जा रहे रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट

**रिपोर्टर गोविंदा सेन धमतरी।** एसपी धमतरी के निर्देशानुसार धमतरी पुलिस यातायात प्रभारी उनि. खेमराज साहू एवं उनकी टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत सड़क मार्ग में खड़े, बैठे एवं घूमने वाले आवारा मवेशियों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाए जा रहे हैं। रेडियम बेल्ट लगाने का उद्देश्य यह है कि अंधेरे व रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद मवेशी दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई दें, सड़क दुर्घटनाओं के दौरान होने वाली जन-हानि एवं पशुधन की हानि को रोका जा सके और यातायात को सुचारु एवं सुरक्षित बनाया जा सके। रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन गुजराती संघ एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा भेंट किए गए हैं। इनका प्रयोग कर यातायात पुलिस ने सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाया है। यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि रात्रि के समय तेज गति से वाहन न चलाएँ, वाहन चलाते समय अपर-डीपर लाइट का प्रयोग अवश्य करें और सड़क पर बैठे या खड़े मवेशियों को देखकर सावधानी बरतें एवं धैर्य से वाहन चलाएँ।



धमतरी पुलिस की यह पहल न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायक होगी, बल्कि मानव जीवन एवं पशुधन की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह एक सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी की दिशा में उठाया गया प्रशंसनीय कदम है।

# अधिकारीगण पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से भूअर्जन के प्रकरणों का निराकरण कर मुआवजा प्रदान करें- कलेक्टर डॉ . कन्नौजे

**रिपोर्टर अजय जोल्ह.** छत्तीसगढ़ कई विभागों में भूअर्जन के लंबित प्रकरणों का कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने समीक्षा किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़, 12 सितंबर 2025/बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम मलूहा के किसानों के 25 वर्ष पुराने प्रकरण को भूअर्जन का मुआवजा सफलतापूर्वक दिलाने के बाद कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भूअर्जन के संबंध में राजस्व, जल संसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि विभागों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से संबंधित वर्षों पुराने प्रकरणों का संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता और एसडीओ से विस्तारपूर्वक जानकारी लेकर समीक्षा की। डॉ. संजय कन्नौजे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्रकरणों को संवेदनशीलता एवं गंभीरता से समय सीमा में पूरा करें




और लंबित मुआवजा राशि संबंधित हितग्राहियों को प्रदान करें।

बैठक में भूअर्जन के जिन प्रकरणों की समीक्षा की गई उनमें सारंगढ़ और बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग के जल संसाधन विभाग अंतर्गत ग्राम टिमरलगा के डूबान से प्रभावित 27 व्यक्ति, साराडीह बैराज के डूबान से ग्राम छतौना के 11 व्यक्ति, एनीकट निर्माण से ग्राम माहुलडीह के 6 व्यक्ति, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़क निर्माण और चौड़ीकरण से प्रभावित ग्राम सण्डा के 1 व्यक्ति, ग्राम ठेंगागुड़ी के 142 व्यक्ति, ग्राम बोरिदा के 6 व्यक्ति, साल्हेओना के 2, मल्दी के 12, भारतपुर के 5, पवनी के 16, पुरगांव के 32 व्यक्ति शामिल हैं। इसके अलावा दोमुहानी में माहुलडीह एनीकट निर्माण और गिरवानी, कोसमकुंडा में सड़क निर्माण के कार्य लंबित हैं। उच्च न्यायालय बिलासपुर से पारित आदेश प्रकरण में भीमसेन यादव, सिंधुलाल सरिया, जानकी बाई बरभांठा, ग्राम भोगडीह के अंतराम, रतिराम एवं गगन साहू, ग्राम बरदुला के रमेश कुमार चंद्रा के प्रकरणों पर की गई कार्यवाही पर भी बैठक में चर्चा हुई।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार सर्वे, एसडीएम वर्षा बंसल, प्रफुल्ल रजक सहित राजस्व, जल संसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता और एसडीओ, इंजीनियर एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला कलक्टर ने म्याजलार में की रात्रि चौपाल ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं, सम्बन्धित अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश

**रिपोर्टर ललित रतनू जैसलमेर, सितंबर।** जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने गुरुवार रात्रि को ग्राम पंचायत म्याजलार में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने चौपाल में आए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया एवं उनकी शिकायतों, आवश्यकताओं व सुझावों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही नियमानुसार उचित समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं रात्रि चौपालों में बेझिझक रखें, ताकि प्रशासन उनकी गंभीरता को समझते हुए नियमानुसार उचित और शीघ्र समाधान सुनिश्चित कर सके। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को




अंतिम छोर तक पहुंचाने एवं जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए रात्रि चौपालों एवं जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने पानी व बिजली के कनेक्शन एवं आपूर्ति, वोल्टेज, विद्युत कटौती, पेयजल समस्या, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, मार्ग खुलवाने, अवैध कब्जा, पट्टा संबंधी, अतिक्रमण हटाने, तारबंदी सहित अन्य समस्याओं की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। कलक्टर ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्याओं का त्वरित व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को राहत मिले। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल, सहायक निदेशक लोक सेवाएं रोहित वर्मा, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं राजस्व, जलदाय, पंचायतीराज, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिरसोदा शासकीय हाई स्कूल में उमंग दिवस का उल्लासपूर्ण आयोजन

**रिपोर्टर सिरसोदा,** सिरसोदा शासकीय हाई स्कूल में आज उमंग दिवस के अवसर पर एक भव्य



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच श्री प्रमोद पाटिल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके की। इस प्रकार समारोह का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा भाव के साथ हुआ।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने नाटिका, चित्रकला, रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में खुशी और उल्लास का माहौल बना रहा। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री भास्कर ससाने, शिक्षक श्री सुनील चांदोडे, श्री मंगल दास निंबोरकर, श्री राजेंद्र चौधरी, श्री जीवन तायड़े और श्री हर्षल भीरूड़ सर उपस्थित थे। इसके अलावा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्राचार्य श्री भास्कर ससाने ने इस अवसर पर कहा कि उमंग दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल और प्रतिभा का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। सरपंच श्री प्रमोद पाटिल ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और उत्साह को बढ़ाते हैं। विद्यालय में आयोजित उमंग दिवस कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान दिया बल्कि सभी उपस्थित लोगों के मन में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## नवागत पुलिस अधीक्षक उमरिया श्री विजय भगवानी ने पदभार ग्रहण किया शिकायतों का त्वरित निराकरण होगी पहली प्राथमिकता

**रिपोर्टर दीपक कुमार वर्मा उमरिया।** उमरिया जिले के नए पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व श्री भगवानी की पदस्थापना सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल में थी। नवागत पुलिस अधीक्षक 2012 बैच के भा.पु.से के अधिकारी हैं। विभागीय चार्ज लेने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों का परिचय लिया।

पदभार ग्रहण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि सबसे पहले सभी थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली जाएगी एवं जिले की भौगोलिक स्थिति, कानून व्यवस्था, थानों एवं पुलिस बल, अपराधों के स्वरूप, लंबित प्रकरणों आदि की जानकारी प्राप्त की जाएगी और इनके संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# श्रीकृष्ण मानव सेवा समिती खटीक समाज ग्वालियर

**रिपोर्टर रमेश प्रजापति ग्वालियर।** आज न्यूरोलॉजी हॉस्पिटल में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन संस्था के नए सदस्य श्री राजकुमार चंदेल जी के स्व. पिताजी श्री मुन्ना लाल चंदेल जी की चौथी पुण्य तिथि के अवसर पर श्री राजकुमार चंदेल जी, धौलपुर की ओर से किया गया। पधारे सभी सदस्यों का संस्था ने हार्दिक आभार व्यक्त किया।

श्री कृष्णा मानव सेवा समिति खटीक समाज ग्वालियर (मध्य प्रदेश) 2014 से प्रत्येक रविवार को न्यूरोलॉजी हॉस्पिटल में भोजन वितरण कार्य लगातार करती आ रही है। आज दिनांक 12/09/2025 को सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक उपस्थित लोगों को भोजन वितरण किया गया। मानव सेवा को सबसे बड़ी सेवा माना जाता है और 16 श्राद्धों के उपलक्ष्य में न्यूरोलॉजी हॉस्पिटल में प्रतिदिन भोजन वितरण किया जाता है।

भोजन वितरण में सहयोग देने के लिए अध्यक्ष बलवीर सिंह खटीक, संजय राठौड़ (ठेकेदार), रमेश प्रजापति (ठेकेदार) उपस्थित रहे और उन्होंने भोजन वितरण के समय सहयोग प्रदान किया। संरक्षक श्री दिनेश खटीक और अध्यक्ष बलवीर सिंह खटीक ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।




## भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**रिपोर्ट वीरेंद्र विश्वकर्मा पठारी।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर आर आई




रोडमल भिलाला को ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व सभी किसान करेली धाम पर एकत्रित हुए और वहां बलराम जयंती मनाकर रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे। इस संबंध में जिला सह मंत्री रितेश जैन, जिला कार्यकारिणी सदस्य चंद्रशेखर माथुर, शशि रिछारिया, तहसील अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि प्रदेशव्यापी ज्ञापन के तहत आज तहसील कार्यालय में तीन ज्ञापन दिए गए। इनमें केंद्र सरकार से संबंधित समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। राज्य सरकार की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को 31 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय समस्याओं के विषयों को लेकर कलेक्टर के नाम 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र के किसान सम्मिलित रहे।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के में होंगी विविध जन कल्याणकारी गतिविधियां

**प्रेस रिपोर्टर आर के विजयकर.** प्रदेश में 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जल-भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है। नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना। इस अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास तथा वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करना है। अभियान के प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए बैतूल कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शुक्रवार को समीक्षा कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

बताया गया कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितंबर को किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम जयवंती हॉक्सर पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के साथ स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें हेल्थ स्क्रीनिंग, सिकल सेल एनीमिया की जांच, रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वच्छता गतिविधियों भी आयोजित होंगी। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने नोडल प्राचार्य महाविद्यालय और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान कैलेंडर अनुसार निबंध, वाद विवाद, चित्रकला, संगोष्ठी इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जाएं। साथ ही जनसहयोग से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण और स्कूल परिसरों की साफ-सफाई के कार्यक्रम भी कराएं।

उन्होंने नोडल प्राचार्य महाविद्यालय को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में



इसके अनुसार 17 सितम्बर को स्वच्छता रैली तथा शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता अभियान, 18 सितम्बर को पौध-रोपण एवं पर्यावरण जागरूकता व्याख्यान, 19 सितम्बर को जैविक खेती के संबंध में जागरूकता रैली / किसानों के साथ चर्चा, 20 सितम्बर को सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान / संवाद / नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन, 21 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान एवं रैली, 22 सितम्बर को सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान / संवाद / नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन, 23 सितम्बर को ऊर्जा संरक्षण पर संवाद, 24 सितम्बर को स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, 25 सितम्बर को रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर, 26 सितम्बर को रक्त परीक्षण शिविर, 27 सितम्बर को सिकल सेल एनीमिया स्किनिंग शिविर में विद्यार्थियों की सहभागिता, 28 सितम्बर को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स द्वारा श्रमदान एवं रैली, 29 सितम्बर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता, 30 सितम्बर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता, 1 अक्टूबर को पौध-रोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान एवं 2 अक्टूबर को सत्य एवं अहिंसा की शपथ / स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग / उत्पाद पर व्याख्यान एवं जनजागरण रैली का आयोजन किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सेवा पखवाड़ा अभियान की निर्धारित तिथियों में हेल्थ कैंप, रक्त दान शिविर, आयुष्मान शिविर, आंखों की जांच के लिए शिविर इत्यादि स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल एवं कल्याण विभाग को भी अभियान के तहत हॉकी, खो-खो, कबड्डी इत्यादि परम्परागत खेल गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वन विभाग को एक बगिया के नाम के तहत पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृहद स्तर पर पौधरोपण कर नमो वन बनाया जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने नगरीय प्रशासन और पंचायत ग्रामीण विकास विभाग को कैलेंडर बनाकर वार्डवार स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, वन मंडल अधिकारी, प्राचार्य महाविद्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सिविल सर्जन जिला अस्पताल, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरस्वती सायकल योजना के तहत बालिकाओं को सायकल का किया गया वितरण

**रिपोर्टर राजेश कौशल अंतागढ़** शासकीय हाई स्कूल घुमसीमुंडा में सरस्वती सायकल योजना के तहत बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर मनोरमा मंडावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत



अंतागढ़, कुबल सिंह भूसाखरे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अंतागढ़, असंत नुरुटी, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत गोडरी, श्यामू राम मरकाम, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, सुधराम सोरी, ओमप्रकाश नाग, वार्डपंच, द्वारू राम सोरी, चैनू राम नूरेटी, रानू राम कावड़े सहित ग्रामवासी और शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनोरमा मंडावी ने बालिकाओं को शासन द्वारा दिया गया सायकल प्राप्त करने के महत्व के बारे में बताया और कहा कि यह सायकल उन्हें समय पर स्कूल आने के उद्देश्य से दी जा रही है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि समय पर स्कूल आएंगी तभी उनका अध्ययन सही ढंग से होगा और उन्होंने छात्राओं को अपने शाला और माता-पिता का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। कुबल सिंह भूसाखरे ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने का आशीर्वाद दिया और कहा कि यदि वे अपने लक्ष्य के साथ मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी।

# गांव छोटी कंटगी बना नशा मुक्त-शराब बेचने-पीने वालों पर लगेगा जुर्माना

**रिपोर्ट अर्जुन ठाकुर दमोह-** जबेरा जिले के जबेरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छोटी कंटगी ने समाज में मिसाल पेश की है। शुक्रवार को भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों ने महादेव जी को साक्षी मानकर शपथ ली कि गांव में अब न तो शराब बेची जाएगी और न ही पी जाएगी।

ग्रामसभा ने एकमत से कठोर नियम लागू किए हैं- शराब बेचने पर 11,000 का जुर्माना, शराब पीकर गाली-गलौज करने वालों पर 5,100 का जुर्माना, किसी को शराब या नशे के लिए उकसाने वालों पर 2,500 का जुर्माना।

ग्रामवासियों और पदाधिकारियों के बयान- हमारी युवा पीढ़ी नशे में बर्बाद हो रही थी। अब हमने ठान लिया है कि गांव में शराब का नामोनिशान नहीं रहेगा। शराब से सबसे अधिक पीड़ा महिलाओं और बच्चों को होती है। इस निर्णय से अब हमारा गांव सुरक्षित और सुखी बनेगा। भगवती मानव कल्याण संगठन का उद्देश्य है कि हर गांव नशा मुक्त हो। छोटी





कंटगी ने इस दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

शराब के नुकसान- स्वास्थ्य पर असर- लिवर, किडनी, हृदय रोग और कैंसर का खतरा बढ़ाता है। सामाजिक नुकसान- शराब से पारिवारिक कलह- घरेलू हिंसा, झगड़े और रिश्तों में दरार का मुख्य कारण। आर्थिक हानि- कमाई शराब में बर्बाद होती है, परिवार की जरूरतें अधूरी रह जाती हैं। युवा पीढ़ी पर असर- पढ़ाई-लिखाई और रोज़गार से दूर होकर अपराध और दुर्घटनाओं की ओर बढ़ती है। अपराध दर बढ़ती है और महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा मंडराता है।

कार्यक्रम में उपस्थित- डॉ. सुजान सिंह (संभागीय अध्यक्ष), शोभा सिंह, बिंद्रावन सिंह (संगठन मंत्री), वीरेंद्र सिंह लोधी, रतन सिंह लोधी, हुकम सिंह लोधी, सुरेश सिंह बुंदेला, ग्राम पंचायत सरपंच, गुड्डा मेहरा, देवेंद्र कुमार जैन, रश्मि सिंह (जनपद उपाध्यक्ष), रोशनी, सरिता, मनीषा, प्रतिज्ञा, लक्ष्मी, नीतू, राधा, गायत्री, अंजलि, सीता, संतोषी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम छोटी कंटगी ने यह साबित कर दिया है कि सामूहिक संकल्प, कठोर नियम और एकजुटता से नशे की समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

## शिवपुरी में मोटर साइकिल चोरी की वारदात

**रिपोर्ट हेमंत धाकड़ शिवपुरी** जिले के कोतवाली थाना के अंतर्गत ग्राम रातोर फोर लाइन में एक व्यक्ति की मोटर साइकिल चोरी हो गई। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और न्याय की गुहार लगाई है।



घटना के बारे में जानकारी- पीड़ित व्यक्ति सनी जाटव ने बताया कि उसकी मोटर साइकिल केटीएम, जिसका रजिस्टेशन नंबर एमपी 07 जेडआर 4893 है, घर के बाहर खड़ी थी। जब वह सुबह 4 बजे उठकर देखा तो उसकी मोटर साइकिल चोरी पाई गई। पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

मोटर साइकिल के विवरण- रजिस्टेशन नंबर- एमपी 07 जेडआर 4893, इंजन नंबर- R93502062, चेचिस नंबर- MD2JYAXA5RN012348

पुलिस में शिकायत- पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और न्याय की गुहार लगाई है। फरियादी ने बताया कि जो कोई भी इस मोटर साइकिल की जानकारी देगा उसे उचित इनाम दिया जाएगा। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और पीड़ित को न्याय मिलता है या नहीं।

# नव अंशिका फाउण्डेशन सीजन-2 गोल्डन गाला अवार्ड 2025 और नव अंशिका प्राइड अवार्ड से अलंकृत हुई हस्तियां।

**पत्रकार मुकेश कुमार तिवारी लखनऊ** 11 सितम्बर। नव अंशिका फाउण्डेशन के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर सीजन-2 गोल्डन गाला अवार्ड 2025 का आयोजन गुरुवार 11 सितम्बर को स्थानीय विराज खंड स्थित होटल कैसियो कलेक्शन में किया गया। बीते साल पांचवे स्थापना वर्ष से शुरू किये गए गोल्डन गाला अवार्ड के साथ इस साल से डबल सरप्राइज देते हुए नव अंशिका प्राइड अवार्ड भी समारोह से जोड़ा गया।

इस समारोह में पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस पारुल चौहान सेलिब्रिटी गेस्ट थीं। भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री पारुल, स्टार प्लस के लोकप्रिय धारावाहिक सपना बाबुल का...बिदाई में केन्द्रीय भूमिका के लिए खासी लोकप्रिय हुई हैं। इस अवसर पर आगंतुकों ने इलेक्ट्रिफाइंग कल्चरल शो और जबरदस्त ट्रेंडी फैशन शो का भी आनन्द उठाया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी के स्टेट एग्जीक्यूटिव मेंबर राहुल गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर से नेशनल अवार्ड विजेता और सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर ओमदीप मोतियानी और पॉपुलर सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर सौम्या साहू की महती भूमिका रही।

नव अंशिका फाउण्डेशन की निर्देशिका नीशू त्यागी के अनुसार सीजन-2 गोल्डन गाला अवार्ड 2025 राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के आर्थोपेडिक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ठ, लोकप्रिय लोक गायिका नूतन पांडे, बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट के वाइस चेयरपर्सन रीना सिंह, सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व, यूपी प्रोफेशनल मॉडल रेनू भारती, अंतरराष्ट्रीय रामायण एंड वैदिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक डॉ.लवकुश द्विवेदी, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रोग्राम



एग्जीक्यूटिव अधिकारी के.के. पाठक, सहित अन्य विभिन्न हस्तियों को दिया गया। इस क्रम में नव अंशिका प्राइड अवार्ड अंबिका प्रसाद, कृष्ण त्रिपाठी, किशन लाल शाह, नीरा लोहानी, ( सीमा भट्ट सहित अन्य को दिया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गार्गी द्विवेदी की कथक की स्पेशल प्रस्तुति देखते ही बनी। उन्होंने प्रभावी कथक नृत्य पेश किया। इसके साथ ही नूतन पाण्डेय ने इस समारोह में विशेष रूप से इन आंखों की मस्ती गीत सुनाया। कथक के क्षेत्र में उभरता नाम अंशिका त्यागी की प्रस्तुति ने आयोजन को परवान चढ़ाया। इसके साथ ही विशाल के ग्रुप ने सुन्दर डांस कर तालियां बटोरीं। नव अंशिका फैशन शो में एथनिक और मार्डन राउंड ने परिधानों के बदलते ट्रेंड की जबरदस्त झांकी पेश की। इस समारोह मे सह-आयोजक दबीर सिद्दीकी के अनुसार नव अंशिका फाण्डेशन बीते छह वर्षों में लखनऊ ही नहीं प्रदेश स्तर पर लगातार सक्रिय है। महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित नव अंशिका फाउण्डेशन हर साल आठ मार्च को ही नहीं बल्कि पूरे मार्च महीने को महिला माह के रूप में मनाती हैं। इसमें हर सप्ताह एक आयोजन महिलाओं को समर्पित खास थीम पर आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही नव अंशिका फाउण्डेशन, शक्तिस्वरूपा सम्मान देकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अमूल्य योगदान देने वाली प्रेरक महिलाओं का अलंकरण भी कर रही है। नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से, लखनऊ में आयोजित मिलेट्स महोत्सव से लेकर अयोध्या में हुए रामोत्सव तक में प्रभावी प्रस्तुतियां दी गई वहीं कुंभ और लखनऊ में हुए भारत अंतरराष्ट्रीय मेगा ट्रेड फेयर में भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहनीय उपस्थिति दर्ज करवायी गई है। इसके साथ ही नव अंशिका फाउण्डेशन ने, भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए तीज, होली, दीपावली, नवरात्र और दुर्गोत्सव में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन किया है। इसी क्रम में नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से गुलाल टेसुओं संग राम आएंगे महोत्सव का आयोजन भी किया जा चुका है। कोरोना की वैश्विक विभीषिका के कठिन दौर में भी नव अंशिका फाण्डेशन के कदम थमे नहीं। उस दौरान ऑनलाइन आयोजनों के माध्यम से घर-घर में महिलाओं और युवाओं का न केवल प्रदेश स्तरीय विशेषज्ञों के माध्यम से निश्शुल्क करियर के प्रति मार्गदर्शन प्रदान किया गया बल्कि विभिन्न त्योहारों से भी उन्हें जोड़ा गया। रंगकर्म की अलख जगाए रखते हुए मिसेज आंटी का गड़बड़झाला, दी एक्सीडेंटल डेथ ऑफ़ एन अनार्किस्ट, पार्क और लाहौल विला कूवत जैसे विभिन्न नाटकों का मंचन भी फाउण्डेशन की ओर से समय समय पर करवाया गया है। इसके साथ ही जरूरतमंद लोगों की भी हर संभव मदद भी की जा रही है।

## महावीर प्रसाद त्रिपाठी महाविद्यालय में नि ;शुल्क कंप्यूटर वितरित किया गया

**रिपोर्टर सतीश सिंह गैपुरा।** विजयपुर ग्राम स्थित महावीर प्रसाद त्रिपाठी महाविद्यालय में शुक्रवार को कुल 54 छात्र-छात्राओं को प्रबंधन समिति की ओर से निश्शुल्क कंप्यूटर का वितरण किया गया। माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



समाजसेवी डा0 पंकज त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर का अत्यधिक महत्व बढ़ गया है। छात्रों से कंप्यूटर का सदुपयोग करने तथा दुरुपयोग नहीं करने की सलाह दिया?। कहा कि बुजुर्गों के दिखाए मार्ग का सदैव अनुसरण करना चाहिए। प्रबंध समिति अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी एवं प्रबंधक ऋषभ चतुर्वेदी ने बताया कि छात्र छात्राओं को मुफ्त में कंप्यूटर दिया गया है। ताकि वे कंप्यूटर की पढ़ाई अच्छे से कर सके। वहीं छात्राओं ने बताया कि अब उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करने में काफी सहायता मिलेगी। सुनील द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी,सौरभ द्विवेदी, रतन सिंह,क्षसंतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री जी अपना जन्मदिन हमारे धार जिले में मनाएंगे -चंचल पाटीदार

**रिपोर्टर रामनारायण पाटीदार धार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना जन्मदिन धार जिले की बदनावर तहसील के ग्राम भैसोला में मनाएंगे। यह जानकारी भाजपा (धार) ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने दबंग केसरी को दी और बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी वहां मित्रा टेक्स्टाइल पार्क की सौगात जिले को भेंट करेंगे, जिससे जिले में रोजगार के नए अवसर क्षेत्र की जनता को मिलेंगे और आम लोगों का जीवन स्तर भी ऊपर उठेगा। उन्होंने बताया कि भाजपा ने बूथ स्तर से शुरुआत कर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के जन्मदिन को इस पखवाड़े में सेवा एवं सुशासन के रूप में मनाएँगे। जिलाध्यक्ष के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक विनोद शर्मा भी उपस्थित थे।



## एनएचएम कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर हंगामा, संविदा कर्मचारी महासंघ ने रैली निकालकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रिपोर्टर कैलाश सोनी, दबंग केसरी नारायणपुर** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों की बर्खास्तगी के विरोध में नाराज़गी गहराती जा रही है। शुक्रवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के 26वें दिन सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी



महासंघ ने जिला मुख्यालय में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। बाद में महासंघ के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को 10 सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन सौंपा।

विरोध रैली में जिले के सैकड़ों एनएचएम कर्मचारी और विभिन्न संविदा संगठनों के सदस्य शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि लंबे समय से मांगों के बावजूद ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है।

**1 किलो बादाम सौंपकर जताया विरोध** प्रदर्शन के दौरान महासंघ ने एक अनोखे अंदाज में 1 किलो बादाम सौंपा। कर्मचारियों का कहना था कि सरकार को अब बादाम की जरूरत है, ताकि वह होश में आ सके और कर्मचारियों की वास्तविक परेशानियों को समझ सके। इस प्रतीकात्मक विरोध ने लोगों का ध्यान खींचा।

**आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी** महासंघ ने कहा कि यदि जल्द ही बर्खास्तगी वापस नहीं ली गई और लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और अधिक तेज एवं उग्र किया जाएगा। महासंघ के नेताओं का कहना है कि यह केवल एनएचएम कर्मचारियों की ही लड़ाई नहीं, बल्कि प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई है।

**सरकार से की अपील** महासंघ ने राज्य सरकार से अपील की है कि टीबी मुक्त भारत और अन्य महत्वाकांक्षी अभियानों की सफलता तभी संभव है, जब उन कर्मचारियों को सुना जाए, जो कठिन परिस्थितियों में भी जनता की सेवा कर रहे हैं। कर्मचारियों ने सरकार से ठोस निर्णय लेने और सकारात्मक पहल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार अब भी चुप रही तो संविदा कर्मचारी आंदोलन को और बड़ा रूप देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय कुकड़ेश्वर में उमंग दिवस का आयोजन

**रिपोर्टर पदम कुमार भारद्वाज कुकड़ेश्वर।** शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय कुकड़ेश्वर में उमंग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती पूजन और वंदन से हुआ और इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया गया। कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के लगभग 400 बच्चों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनासा कॉलेज के रसायन शास्त्र विषय प्रोफेसर श्री मुकेश जी मालवीय ने कैरियर मार्गदर्शन और साइबर फ्रॉड के विषय में अपने विचार व्यक्त किए तथा छात्रों को इस विषय में जागरूक रहने की जानकारी दी। इसी कड़ी में श्री लोकेश जी पाटीदार, चिकित्सक शासकीय अस्पताल कुकड़ेश्वर ने छात्रों को पोषण संबंधी जानकारी दी और चिकित्सक श्री गुप्ता जी ने नशा मुक्ति संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री विनोद जी मालवीय ने किया। उमंग विषय प्रभारी श्री विनोद जी सैनी ने छात्रों को अपने जीवन के



विविध आयामों को विकसित करने के लिए बिंदुवार विचार व्यक्त किए। प्राचार्य महोदय श्रीमती सुनीता पाटीदार ने छात्रों को जीवन में तनाव मुक्त रहने के उपाय बताए। कार्यक्रम सहयोगी के रूप में श्री अशोक जी कारा और श्रीमती स्मिता पाटीदार ने योगदान दिया। इसके अलावा श्री रमेश जी मालवीय, श्रीमती कोठारी मैडम, श्री कुशाल प्रजापति, श्री प्रदीप कुमार तंबोली, श्री अंकित जी, श्री दीपक जी, विष्णु जी चांदनिया एवं समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष उमंग दिवस 12 सितंबर को पूरे प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में मनाया जाता है। इस अवसर पर छात्रों को स्वस्थ एवं तनाव मुक्त जीवन के साथ-साथ जीवन की नई परिभाषाओं से परिचित कराया जाता है, जो आज के परिवेश और समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

## चाटली में साइकिल वितरण, बेटियों की शिक्षा होगी सुगम



**रिपोर्टर काशिनाथ भंडारी खेतिया।** पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के निवाली विकासखण्ड अंतर्गत प्रधानमंत्री एकीकृत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चाटली में नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह साइकिलें विशेषकर दूर-दराज से विद्यालय आने वाली बेटियों के लिए सहूलियत प्रदान करेंगी और उनकी शिक्षा यात्रा को सरल बनाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बेटियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु संकल्पित है, क्योंकि बेटियों की प्रगति ही समाज की सच्ची प्रगति है। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष पठान जी किराडे, पूर्व विधायक सुश्री चंद्रभागा जी किराडे, मंडल अध्यक्ष प्रफुल्ल जी पाटीदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सरपंच, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में मनाया गया रजत जयंती समारोह

**रिपोर्टर विजय जैन मित्तल दल्लीराजहरा।** शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत



जयंती समारोह के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दल्लीराजहरा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर संगोष्ठी, परिचर्चा, वक्तव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना और राजकीय गीत से की गई।

मुख्य अतिथि के. के. दुबे, प्रशिक्षण अधीक्षक आईटीआई दल्लीराजहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मनाया जा रहा है। इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने सड़क, बिजली, पानी, युवा शक्ति नियोजन और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

अध्यक्षता करते हुए चंद्रप्रकाश कश्यप, प्रशिक्षण अधिकारी ने कहा कि हम अपने सपनों का छत्तीसगढ़ निर्माण करना चाहते हैं। इसके लिए शासन तंत्र अपनी भूमिका निभा रहा है, लेकिन प्रत्येक व्यक्ति को अपने विकास के साथ-साथ अपने परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी अग्रसर होने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण अधिकारी विरेंद्र कुमार बघेल ने संचालन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भारत माता का हृदय स्थल है। हृदय शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है और इसी तरह छत्तीसगढ़, भारत के लिए अपने बिजली और खनिज संसाधनों के कारण विकास में सहायक सिद्ध हुआ है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षण अधिकारी शिल्पी वर्मा, प्रवीण कुमार सिन्हा, टिकेश्वर कुमार साहू, फनील कुमार, शिवेंद्र कुमार यादव, संतोष कुमार चौधरी, गीतांजलि, राजेश श्रीवास्तव (सहायक ग्रेड एक) तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर जय स्तंभ चौक पर एकत्रित हो फारेस्ट विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि समर्पित किया

**रिपोर्टर- सिरोज विश्वकर्मा** यह दिन उन वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित है जिन्होंने हमारे जंगलों, वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। वन शहीदों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अवैध शिकार, वनों की कटाई और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वनों की सुरक्षा और संरक्षण हमारे भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वनों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और वन्यजीवों के लिए आवास मिलता है। आज के दिन हम उन वन शहीदों को याद करते हैं जिन्होंने अपने जीवन को वन संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। हम उनकी बहादुरी और निस्वार्थता को सलाम करते हैं, साथ ही उनके परिवारजनों को हृदय से प्रणाम करते हैं। हमें वनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए



अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। हमें पेड़ लगाना, वनों की कटाई रोकना और वन्यजीवों की सुरक्षा करनी होगी। आइए हम सब छत्तीसगढ़ के आम जनता एवं अधिकारी कर्मचारी मिलकर ये प्रण लें। वनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करें। वन शहीदों के बलिदान को याद करें और उनकी याद में वृक्षारोपण करें। आइए हम सब मिलकर वनों को बचाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य बनाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से डि एफ ओ संदीप बलगा (उप निदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व), संजय रावतिया एस डी ओ, सुबन्स मांझी परिक्षेत्र अधिकारी, भुजबल सिंह परिक्षेत्र अधिकारी, रामायण मिश्रा परिक्षेत्र अधिकारी, अगन सिंह भगत परिक्षेत्र अधिकारी, चन्द्रसेन बघेल परिक्षेत्र अधिकारी, अन्य वन कर्मचारी जुमार बापू राव, महेंद्र चंद्र, विनय रेड्डी, लोकेश रेड्डी, रमेश यादव, महेश दुर्गम, रेशमा गोड्डे, सरिता बारसे, मोहन अवलम मौजूद रहे।

## उचित मूल्य की दुकान आबंटन हेतु 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**संवाददाता खुमेश यादव नारायणपुर,** 12 सितम्बर 2025// छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओरछा द्वारा विकासखण्ड ओरछा अंतर्गत सर्व संबंधित ग्रामवासियों को सूचित किया गया है कि ग्राम पंचायत कोहकामेटा और ग्राम पंचायत धुरबेड़ा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किया जाना है। अत: विकासखण्ड ओरछा अंतर्गत उपरोक्त ग्राम के समस्त स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत से सहकारी समितियां आदि को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था/समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्नक के रूप में संस्था/समूह के प्रस्ताव की छायाप्रति, वर्तमान माह से विगत एक वर्ष बैंक खाते का स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था/समूह के अध्यक्ष या प्रबंधक एवं सचिव के आधार की छायाप्रति, संस्था/समूह की उपविधि की छायाप्रति सहित 26 सितम्बर 2025 को शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओरछा में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों के खातों में डाले 1541 करोड़ रुपए

**रिपोर्टर मोहम्मद अय्यूब शीशगर इंदौर/झाबुआ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को झाबुआ के पेटलावद से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1541 करोड़ रुपए की 28वीं किश्त ट्रांसफर की। सीएम ने इसके अलावा, जिले के 345.34 करोड़ रुपए लागत के 72 से ज्यादा विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें अलग-अलग विभागों के 194.56 करोड़ रुपए लागत के 35 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 150.78 करोड़ रुपए लागत के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। हर लाभार्थी के खाते में 1250 रुपए आए हैं। सीएम ने कहा कि इस दीपावली के बाद 1500 रुपए लाड़ली बहनों के खाते में दिए जाएंगे।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेसी कहते हैं कि बहनें दारू पी जाती हैं। हम बहनों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस ने कभी बहनों को फूटी कौड़ी नहीं दी और न ही उनकी चिंता की। कांग्रेसी



सीएम को कार्यक्रम के दौरान धनुष-बाण भेंट किया गया।

केवल वोट मांगते हैं और झूठ बोलते हैं। ऐसे कांग्रेसियों को घर में घुसने मत देना। वे मोहल्ले में आएं तो आने मत देना। बहनों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सीएम ने कहा कि अब लोगों को काम के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। यहीं झाबुआ में रोजगार के अवसर मिलेंगे। पांच लाख तक का बीमा सरकार की तरफ से नि:शुल्क होगा। इसकी शुरुआत झाबुआ जिले से होगी। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिए कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सीमा पर जवान और खेत में किसान दोनों बराबर हैं। सीएम ने 17 सितंबर को पीएम मोदी के कार्यक्रम में आने का आमंत्रण भी लोगों को दिया।

मुख्यमंत्री ने झाबुआ के लिए ये घोषणाएँ भी कीं-

* पेटलावद में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड बनाया जाएगा।
* एनएच 47 पर टू लेन मार्ग 86 करोड़ की लागत से बनेगा।
* झाबुआ-कल्याणपुरा-रायपुरिया मार्ग नया बनाने की घोषणा की।
* श्रृंगेश्वर तीर्थस्थल का सौंदर्यीकरण 6.5 करोड़ की लागत से होगा।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर जिले भर आई लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत और अभिवादन किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। सीएम को तीर-कमान भेंट किया गया, झुलड़ी व साफा पहनाया गया। कार्यक्रम के अंत में पेटलावद ब्लास्ट की 10वीं बरसी पर हादसे में मारे गए 78 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# किसान भाइयों के लिए जिले में आसानी से किया जा रहा है खाद उर्वरक का वितरण

**रिपोर्टर जितेंद्र तिवारी** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा सभी एसडीएम एवं कृषि विभाग के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसान भाइयों को जिले में आसानी से एवं सुगमता से खाद उर्वरक मिल सके। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराई जा रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले के सभी खाद्य वितरण केन्द्रों पर आसानी से खाद वितरण किया जा रहा है। एसडीएम बीना विजय डेहरिया और देवरी एसडीएम मुनव्वर खान द्वारा किसान भाइयों को आसानी से खाद उर्वरक मिल सके इसके लिए संपूर्ण व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं और मूलभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं।

बीना एसडीएम विजय डेहरिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर किसान भाइयों को आसानी से खाद उपलब्ध हो सके इसके लिए पूर्व से ही किसान भाइयों को निर्धारित संख्या में टोकन वितरित किए गए हैं और टोकन के अनुसार उन्हें कतारबद्ध करके एक-एक



किसान को खाद उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए बैरिकेडिंग कराई गई है एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। खाद उर्वरक की उपलब्धता के अनुसार किसान भाइयों को पूर्व से सूचित किया जा रहा है और उन्हें उसी के अनुसार टोकन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे किसी भी किसान भाई को परेशानी का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि जिले में खाद उर्वरक की आपूर्ति मांग के अनुसार की जा रही है, जिसकी अनुसार ही सभी विकासखंडों के खाद वितरण केन्द्रों पर खाद उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि किसान भाई धैर्य बनाए रखें, जिससे उन्हें उनके समय अनुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

# सांसद खेल महोत्सव हेतु सांसद श्रीमती संध्या राय ने ली बैठक

**रिपोर्ट करनसिंह भिण्ड 12 सितम्बर 2025/** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में संसदीय क्षेत्र भिण्ड के सांसद खेल महोत्सव की प्रारंभिक तैयारी हेतु सांसद श्रीमती संध्या राय ने कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय में बैठक कर जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिले के युवाओं की खेल में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन पंजीयन हेतु उ.मा.वि. के पीटीआई/खेल प्रभारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा युवा समन्वयक, खेल और युवा कल्याण विभाग को सहायक



नोडल अधिकारी नियुक्त कर अधिक से अधिक युवाओं के ऑनलाइन पंजीयन कराने का दायित्व सौंपा गया। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, वालीवाल, बैडमिन्टन, एथलेटिक्स (रनिंग एवं जम्प), रस्साकसी एवं रस्सीकूंद की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर किया जाएगा। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.डी. मित्तल, जिला युवा अधिकारी माय युवा भारत श्री आशुतोष साहू, जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग भिण्ड श्री शिवकुमार शर्मा, प्रभारी खेल और युवा कल्याण विभाग भिण्ड श्री रामबाबू कुशवाह तथा खेल और युवा कल्याण विभाग के श्री संजय पंकज, साधना तोमर, नीरजसिंह बघेल, अनिल श्रीवास इत्यादि उपस्थित थे। प्रतियोगिता हेतु खिलाडियों को सांसद खेल महोत्सव की लिंक https://www.sansadkhelmahotsav.in/ पर पंजीयन करना होगा। अधिक जानकारी हेतु अपने विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी/युवा समन्वयक खेल और युवा कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते हैं तथा युवा अधिकारी माय युवा भारत श्री आशुतोष साहू मोबा. 9458707999, जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग श्री शिवकुमार शर्मा मोबा. 9926234038, जिला खेल प्रशिक्षक श्री संजय पंकज मोबा. 7987176296 पर संपर्क कर सकते हैं।

# थाना सेमरिया पुलिस द्वारा पूर्व से आजीवन कारावास की सजा से दंडित आरोपी को नशीली कफ सीरफ, 01 पिस्टल, 02 मैग्जीन, 02 जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**रिपोर्टर सेमरिया पवन त्रिपाठी सेमरिया,** श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय रीवा जोन रीवा श्री गौरव राजपूत के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला रीवा एवं एसडीओपी महोदय अनुभाग सिरमौर जिला रीवा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया निरी. विकास कपीस के नेतृत्व में हमराह स्टाफ द्वारा पूर्व से आजीवन कारावास की सजा से दंडित आरोपी को नशीली कफ सीरफ, 01 पिस्टल, 02 मैग्जीन, 02 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। दिनांक 11.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर उनि. लंकेश वर्मा एवं हमराह स्टाफ के द्वारा रेड कार्यवाही करने पर एक व्यक्ति काले रंग की बिना नंबर की हीरो एक्सट्रीम मोटरसाइकिल से पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसका नाम पत्ता पूछने पर उसने अपना नाम शैलेन्द्र गौतम उर्फ विवेक उर्फ कल्लू पिता



हंसमणि गौतम उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम कौडिहाई पोस्ट रिमारी थाना सेमरिया जिला रीवा बताया। मुखबिर सूचना से अवगत कराकर संदेही के अधिपत्य के काले रंग के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें कुल 55 नग अवैध नशीली आनरेक्स कफ सीरफ कीमती 11,000 रुपये, 01 पिस्टल, 02 नग मैग्जीन, 02 नग जिंदा कारतूस कीमती 25,000 रुपये एवं एक काले रंग की बिना नंबर की हीरो एक्सट्रीम मोटरसाइकिल कीमती 1,00,000 रुपये और 02 नग मोटरसाइकिल की आगे पीछे की नंबर प्लेट जिसमें स्व्क्ष7 ॥5434 अंकित है, आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तारी का विधिवत कारण बताते हुए गिरफ्तार किया गया और उसकी गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत किया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में थाना सेमरिया में हत्या जैसे जघन्य अपराध सहित अन्य गंभीर धाराओं के कुल 03 अपराध पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार आरोपी- शैलेन्द्र गौतम उर्फ विवेक उर्फ कल्लू पिता हंसमणि गौतम उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम कौडिहाई पोस्ट रिमारी थाना सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)

जप्त सामग्री- 55 नग नशीली ऑनरेक्स कफ सीरफ कीमती 11,000 रुपये, 01 पिस्टल, 02 नग मैग्जीन, 02 नग जिंदा कारतूस कीमती 25,000 रुपये, एक काले रंग की बिना नंबर की हीरो एक्सट्रीम मोटरसाइकिल कीमती 1,00,000 रुपये, 02 नग मोटरसाइकिल की आगे पीछे की नंबर प्लेट जिसमें स्व्क्ष7 ॥5434 अंकित है।

कार्यवाही में सहयोग- निरी. विकास कपीस थाना प्रभारी सेमरिया, उनि. लंकेश वर्मा, प्र.आर. 263 प्रमोद अग्निहोत्री, आर.824 सुजीत शर्मा, आर. 173 प्रबल त्रिपाठी, आर. 229 शिवम सिंह, आर. 434 शुभवंत मिश्रा, आर. 217 शैलेन्द्र सूर्यवंशी, म.आर. 712 मेघा पटेल

# टीबी निवारण परियोजना की सामाजिक संपरीक्षा का सभा का आयोजन संपन्न

**रिपोर्टर विशाल शर्मा पोहरी** में विकास संवाद एवं सामाजिक संपरीक्षा दल द्वारा ग्राम परासरी में टीबी निवारण परियोजना के तहत सामाजिक संपरीक्षा सभा का आयोजन किया गया। विकास संवाद के जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री अजय यादव द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि हम अपनी संस्था के माध्यम से पोहरी जनपद पंचायत के 10 आदिवासी बहुल्य गाँव कोल्हापुर, उपसिल, भावखेड़ी, परासरी, भैंसदा, लोखरी, लक्ष्मीपुरा, अगर्रा, भोजपुर, पठा में विगत 3 वर्षों से टीबी निवारण परियोजना संबंधी कार्यों को क्रियान्वित कर रहे हैं। हमारे काम टीबी संक्रमण के बचाव, पहचान, उपचार एवं समुदाय के स्तर पर उनकी खाद्य और पोषण सुरक्षा और स्वच्छता आदि की स्थिति को बेहतर बनाना है। हमारे इस कार्य में सरकार के विभिन्न विभाग जैसे स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, पशुपालन आदि का भी बेहतर समन्वय और योगदान है। आज का यह कार्यक्रम हम सबके विगत 3 वर्षों के कार्यों और उनके परिणामों का सामाजिक संपरीक्षण



करना है ताकि हम अपने कार्यों को भविष्य में और अधिक बेहतर एवं समाज उपयोगी बना सकें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. दिक्षांत गुधेनिया (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) ने कहा कि विकास संवाद के अजय जी एवं उनकी टीम के सभी साथी बहुत ही मेहनत और ईमानदारी से कार्यों को अंजाम दे रहे हैं जिसके परिणाम हमें इस रिपोर्ट के तथ्यों में दिखाई दे रहे हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें समुदाय की सक्रिय सहभागिता के तहत आज हम सब अपने कार्यों की कमियों और उपलब्धियों का परीक्षण कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में जो भी परीक्षण और उपचार संबंधी कमियाँ उजागर हुई हैं, उनके सुधार हेतु मैं भरपूर प्रयास करूंगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को मुझे अवगत कराएं ताकि वे समस्याएं दूर हो सकें।

आज के कार्यक्रम में खंड पंचायत अधिकारी श्री राकेश कुमार रघुवंशी जी जनपद पंचायत पोहरी ने बताया कि विकास संवाद के साथ मिलकर हमने पंचायत जनप्रतिनिधियों को टीबी रोकथाम और संक्रमण को लेकर प्रशिक्षण दिया है। यह विकास संवाद का कार्य समुदाय से टीबी को समाप्त करने के लिए बहुत ही उपयोगी है। हमारे जनप्रतिनिधि अपने वार्ड/ग्राम में टीबी को समाप्त करने के लिए प्रशिक्षित हुए हैं और आज की इस संपरीक्षा रिपोर्ट में यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इन प्रशिक्षणों का प्रभाव टीबी को कम करने में बहुत ही महत्वपूर्ण है और हम विकास संवाद के साथ मिलकर इस कार्य को बेहतर अंजाम देने की दिशा में प्रयासरत हैं।

इस कार्यक्रम में पंचायत समन्वयक अधिकारी सतीश जैन, अशोक भगत जी, महिला बाल विकास की पर्यवेक्षिका श्रीमती विनीता भार्गव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोहरी से बीईई आमिर खान, एसटीएस मनोज कुशवाह, धर्मेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे। ग्राम पंचायत परासरी से ग्राम पंचायत सचिव ब्रजमोहन प्रजापति, घनश्याम यादव, पशुपालन विभाग से संजय अग्रवाल सहित गांव की आंगनवाड़ी, आशा और पठा एवं परासरी गांव के 100 से अधिक लोगों ने सहभागिता की और अपने कार्यों एवं अनुभवों को साझा करते हुए विकास संवाद द्वारा किए गए पोषण वाटिका, मुर्गीपालन, स्वास्थ्य शिविर, प्रशिक्षण, टीबी योद्धा, नुक्कड़ नाटक, दिवाल लेखन, स्वच्छता कार्यक्रम, जल संरक्षण आदि को बेहद उपयोगी बताया। कल दिनांक 13/09/2025 को उपसिल पंचायत के ग्राम भोजपुर और उपसिल में संपरीक्षा सभा आयोजित की जाएगी।

# हादसों का शहर बनता जा रहा है बरेली, सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं

**रिपोर्टर अमित जैन रायसेन/बरेली** बरेली नगर में आए दिन सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। कभी पैदल राहगीर तो कभी वाहन सवार और मवेशी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। शहर की सड़कों पर हादसों का यह सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा, जिससे लोगों में दहशत और चिंता का माहौल है। बीती रात करीब 2:30 बजे बरेली स्थित काका ढाबा के पास एक और हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने सड़क पर खड़ी दो गायों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाय गंभीर रूप से घायल हो गईं और आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही टीम पहल के सेवा भावी सदस्य तुरंत मौके पर पहुँचे और स्थिति को संभालते हुए घायल पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। टीम



के इस त्वरित सहयोग से बड़ा नुकसान टल गया। इसी तरह का एक हादसा चिंतामणि ढाबा के पास भी हुआ, जहाँ ट्रक ने दो गायों को टक्कर मार दी। इससे एक दिन पहले भी बरेली पिपरिया ब्रिज के पास ट्रक ने गाय को टक्कर मारी थी। उस दौरान बाड़ी टोल के पहले ही टीम पहल और टीम संकल्प के सदस्यों ने ट्रक को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया था। आए दिन हो रहे इन हादसों से यह साफ झलकता है कि जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासन स्थिति पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। कलेक्टर के आदेशों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, और शहर में लगातार मवेशी हादसों का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बरेली वास्तव में हादसों का शहर बन जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी की स्मृति यादव को जिला मंत्री नियुक्त किया गया

**रिपोर्टर - गोपाल यादव छिंदवाड़ा परासिया** - खबर गुढी अंबाड़ा से, जहां भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी की अनुशंसा पर एवं जिला अध्यक्ष श्री शेषराव यादव जी के द्वारा ग्राम पंचायत



पालाचौरई की ए-टाईप कॉलोनी (गुढ़ी) निवासी भाजपा की सक्रिय महिला कार्यकर्ता श्रीमती स्मृति जी यादव को भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। पूर्व में वे महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रही थीं। वही पद संभालते हुए पार्टी व संगठन के प्रति अपनी महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका निभाने की वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान श्रीमती स्मृति यादव ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी एवं पद का मैं बाखूबी निर्वाहन करने के साथ ही संगठन को और मजबूत करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगी। उनकी इस नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जनों एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

# 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**संवाददाता जाबिद अली जावेद** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमान सतीश शर्मा एवं विशेष न्यायाधीश वारासिवनी श्रीमती कविता इवनाती के निर्देशन में आगामी 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्तिकर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जाएगा। नगरपालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार




में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। आपसी राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण पर किसी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों में आपसी भाईचारा बढ़ता है, मुकदमेबाजी पर हो रहे समय, श्रम व धन के व्यय की बचत होती है और व्यक्ति तनावमुक्त जीवन का आनंद प्राप्त करता है।

अत: ऐसे इच्छुक पक्षकार जो अपने मामले का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराना चाहते हैं, वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपसी सुलह से संबंधित न्यायालय के प्रकरण का निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर या मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 पर नि:शुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# विद्युत के जर्जर तार बदलकर एबीसी केबल एवं पोल लगाने के कार्य के दौरान निर्धारित समयावधि में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से संबंधित सूचना

**संवाददाता/कृष्ण चन्द्र** भारती संत कबीर नगर उत्तर प्रदेशसंत कबीर नगर। अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार ने सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचनार्थ अवगत कराया है कि दिनांक 12 सितंबर 2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आर0डी0एस0एस0 योजना के अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में व्यापक सुधार हेतु जर्जर तार बदलकर एबीसी केबल एवं पोल लगाने का कार्य किया जाना है, जिसके कारण टाउन 1 फीडर से पोषित बैंक चौराहा, बजरिया रोड 400 केवीए एलटी और निदुला 250 केवीए ट्रांसफार्मर और 400 केवीए डाक बंगला और मढ़या काली मंदिर 400 केवीए और बर्दाहिया बाजार 400 एलटी बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के दौरान गोलाबाजार, त्रिपाठी मार्केट, मढ़या क्षेत्र, काली मंदिर और डाक बंगला (शास्त्री नगर) ट्रांसफार्मर और बर्दहिया बाजार एवं नेदुला बंजरिया रोड की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी क्रम में इंडस्ट्रियल विद्युत उपकेंद्र से पोषित पुलिस लाइन फीडर से जुड़े 250 केवीए ट्रांसफार्मर छोटी शरौली पर भी एबीसी केबल लगाने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसके कारण छोटी शरौली ट्रांसफार्मर के आसपास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने इस दौरान सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

# डाक विभाग की लापरवाही चरम पर, महीना बंदी में डूबा सिस्टम

## बीजाडांडी विकासखंड में ठप सेवाएं, अफसर मौन – पेंशन और छात्रवृत्ति अटकी

**फ़िरदौस ख़ान मंडला।** – बीजाडांडी विकासखंड में डाक विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार अब चरम पर है। कभी ग्रामीणों की ज़िंदगी से जुड़ी चिट्ठियों और सरकारी दस्तावेज़ों का सहारा रहा यह विभाग आज केवल वेतन, वसूली और काग़ज़ी खानापूर्ति तक सीमित रह गया है। गांव-गांव में सेवाएं ठप हैं, लेकिन उप निरीक्षक और मुख्यालय के अफसर आंख मूंदकर बैठे हैं।

उप निरीक्षक पर सवाल- ग्रामीणों और सूत्रों का आरोप है कि उप निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध है। निरीक्षण केवल कागज़ों में दर्ज होता है। शाखा डाकघरों से हर महीने महीना बंदी वसूली की जाती है। यही रकम ऊपर तक पहुंचती है और कर्मचारियों की मनमानी पर कोई कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है–निरीक्षक मौन दर्शक बने बैठे हैं, मानो लापरवाही को अफसर खुद संरक्षण दे रहे हों।

मुख्यालय – फाइलों तक सीमित- बीजाडांडी मुख्यालय की कार्यशैली भी ढुलमुल है। मीटिंग




और विज़िटिंग सिर्फ़ औपचारिकता बनकर रह गई हैं। असलियत यह है कि उप डाकघर और शाखा डाकघर महीनों से सेवाएं नहीं दे पा रहे।

सेवाओं की दुर्दशा- बीजाडांडी विकासखंड के लगभग सभी गांवों में यही हालात नज़र आ रहे हैं। चिट्ठियां और सरकारी दस्तावेज़ समय पर नहीं पहुंचते। डाक पेटियां जर्जर होकर कबाड़ में बदल चुकी हैं। कर्मचारी गांव में रहते ही नहीं, डाकघर सिर्फ़ नाम का रह गया है। पेंशन और छात्रवृत्ति महीनों से अटकी हुई है।

महीना बंदी – भ्रष्टाचार की जड़- सूत्रों के मुताबिक हर महीने की यह वसूली ही असली वजह है। जब ऊपर तक रकम पहुंच रही हो तो कर्मचारियों को जवाबदेही की चिंता क्यों होगी? यही कारण है कि सेवाएं ठप हैं और विभाग पर से भरोसा लगातार टूट रहा है।

ग्रामीणों की आवाज़- कर्मचारी गांव में रहते ही नहीं, सेवाएं ठप पड़ी हैं। निरीक्षण सिर्फ़ फाइलों में दिखाया जाता है। सरकारी योजनाओं से जुड़े कागज़ महीनों से अटके हैं। डाक विभाग जनता की सेवा नहीं, वसूली का अड्डा बन गया है।

सीधा सवाल- क्या उप निरीक्षक का काम सिर्फ़ महीना बंदी वसूली को सुरक्षित रखना है? क्या डाक विभाग अब जनता की सेवा छोड़कर केवल वेतन और वसूली का माध्यम बन चुका है? जब अधिकारी मौन और कर्मचारी बेलगाम हों, तो जवाबदेही तय कौन करेगा?

न्यूज़ बॉक्स (हाइलाइट)- सरकारी दस्तावेज़ कचरे में मिले। जर्जर डाक पेटियां, शिकायतों पर कार्रवाई नहीं। महीनों से पेंशन-छात्रवृत्ति अटकी। महीना बंदी वसूली बना अफसरों की ढाल।

हमारा मत- डाक विभाग कभी गांव-गांव की धड़कन था। चिट्ठियां, पेंशन, सरकारी योजनाएं और पहचान पत्र – सबकुछ डाकघर से जुड़ा था। लेकिन आज स्थिति इसके ठीक उलट है। यदि महीना बंदी की यह कुप्रथा जारी रही तो विभाग पर से जनता का भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा। यह केवल एक विभाग की बदहाली नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन की धड़कन को रोकने जैसा है। सरकार और विभाग को चाहिए कि तुरंत संज्ञान लेकर उप निरीक्षक से लेकर मुख्यालय तक जवाबदेही तय करे। डाकघर सिर्फ़ वेतन और वसूली का अड्डा न बने, बल्कि एक बार फिर गांव-गांव की ज़रूरत और भरोसे का केंद्र बने।

# सिलवानी उबेश रिपोर्टर पर दर्ज प्रकरण को लेकर पत्रकारों का ज्ञापन एफआईआर खात्मे की मांग

**रिपोर्टर अभिषेक दुबे सिलवानी** रायसेन जिले में सिलवानी के पत्रकार उवेश खान पर दर्ज प्रकरण को लेकर अब पत्रकारों ने मोर्चा खोल दिया है। पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर एफआईआर को खारिज करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गणेश विसर्जन चल समारोह के दौरान हुई मारपीट की खबर उवेश रिपोर्टर के बाद कई अन्य पत्रकारों ने भी चलाई थी। इस घटना की कवरेज न्यूज़ चैनलों और यूट्यूब चैनलों पर भी हुई थी। फिर भी सिलवानी पुलिस ने बिना आधार के एफआईआर दर्ज कर दी। पत्रकारों ने स्पष्ट किया है कि वीडियो फुटेज और अन्य चैनलों की कवरेज ही इसका सबूत है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यह कार्यवाही प्रेस की स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, इसलिए एफआईआर को खारिज कर पत्रकार को न्याय दिलाया जाए। अगर न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



# रामपुरा में बड़ी धूमधाम से खीचे गए लोक देवता घास भेरु जी

**जिला रिपोर्टर अक्षय भट्ट** 11 सितंबर नीमच जिले की रामपुरा तहसील में नगर में अच्छी वर्षा न होने से इस वर्ष घास भैरू की सवारी निकाली गई थी। मान्यता है कि यह सवारी नगर को अच्छी बरसात और असाध्य रोगों से मुक्ति दिलाने के लिए निकलती है। सवारी नगर परिक्रमा कर पुन: निर्धारित स्थान पर पहुंचती है। इस कड़ी में आज नगर में स्थित श्रीपुरा मोहल्ले के माली समाज के लोगों ने घास भैरू जी का पूजन अर्चन किया। बड़ी धूमधाम से सवारी में युवा द्वारा पटाखों की आतिशबाजी की गई। नगर के पूर्व बस स्टैंड से घास भैरू जी की सवारी आरंभ हुई। सवारी में माली समाज के पुरुष, महिला, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। युवा पुरुषों ने घास भैरू जी को आसन पर विराजमान कर रस्सियों की सहायता से बड़ी दमखम से खींचते हुए जयकारे लगाते हुए सवारी में भाग लिया। सवारी में डीजे पर भैरू जी के गीतों और ढोल की थाप पर नाचते झूमते नगर के भानपुरा दरवाजे तक पहुंचे, जहां घास भैरू की सवारी का पूजन, अर्चन, आरती कर प्रसादी वितरण किया गया और सवारी का समापन हुआ।



### सांसद खेल महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा...

# हर गांव-गली से तलाशी जाएंगी प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर, 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक होंगी प्रतियोगिताएं

**रिपोर्ट डॉ.आनंद दीक्षित बुरहानपुर।** सांसद खेल महोत्सव में हर गांव, गली से प्रतिभावान खिलाड़ी तलाशे जाएंगे। इसके लिए 20 सितंबर तक पंजीकरण होंगे। प्रतियोगिताएं 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक होंगी। खेलों काआयोजन ग्राम, ब्लॉक व जिला स्तर पर होगा।यह बात सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शुक्रवार को जिले के खेल प्रशिक्षको की आयोजित बैठक में कही उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से देश के हर गाँव और शहर में छिपी प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें बड़ा मंच देने के लिए 21 सितंबर से 25 दिसम्बर तक सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। खेल महोत्सव सिर्फ़ एक आयोजन नहीं बल्कि यह प्रतिभाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर है। हर बड़ा खिलाड़ी अपनी यात्रा एक छोटे से स्थान से




शुरू करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि संसदीय क्षेत्रों से निकलने वाली प्रतिभाएँ देश का नाम रोशन करें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि अपने विद्यालयों और संस्थानों से जुड़े प्रत्येक प्रतिभावान छात्र-छात्रा को इस मंच से जोड़ा जाए। खेल महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न खेलों के जरिए नई ऊर्जा, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देना और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचाना है।

**QR कोड स्कैन कर फार्मेट भरे – प्रजापति** खेल महोत्सव के बुरहानपुर विधानसभा प्रभारी आदित्य प्रजापति ने कहा कि खंडवा लोकसभा सांसद श्री ज्ञानेश्वर जी पाटील के मार्गदर्शन में यह आयोजन होने जा रहा हैं। रजिस्ट्रेशन 20 सितंबर तक होंगे इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ी जारी किए गये क्क्र कोड स्कैन कर फार्मेट भरे ।बैठक में आयोजन की तैयारियों पर खिलाड़ियों के आवागमन, स्वल्पाहार और पेयजल की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। प्रतियोगिता स्थल के चयन और स्थानीय पंचायतों से सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रमाण पत्र, पुरस्कार और खेल सामग्री की योजना बनाई गई। रजिस्ट्रेशन के लिए स्कूल-कॉलेज में क्यूआर कोड वाले हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे ।उन्होंने क्रीड़ा अध्यापकों व शिक्षण संस्थानों से आह्वान किया कि वे अपने विद्यालयों से खेलों में विशेष रुचि और क्षमता रखने वाले छात्रों का नामांकन कराएँ। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएँ पंजीकरण कर इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें। बैठक में पूर्व महापौर अनिल भोंसले, भाजपा के वरिष्ठ नेता किशोर शाह,मनोज टंडन,खेल महोत्सव के नेपानगर विधानसभा प्रभारी सुनील वाघे, नरेंद्र पाटील, एमआईसी चैयरमेन भारत इंगले,सुभाष जाधव, रविन्द्र सिंग खरबंदा आदि मौजूद रहे।

# गरियाबंद के जंगलों में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच 36 घंटे की मुठभेड़ में 5 .22 करोड़ के ईनामी 10 माओवादीयों के मारे जाने की खबर

**रिपोर्ट – टेलू राम कश्यप गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच 36 घंटे की मुठभेड़ में 5.22 करोड़ के ईनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों के मारे जाने की



खबर है। एसपी निखिल राखेचा ने मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ की पुष्टि की है। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर थे, तभी उनका सामना नक्सलियों से हो गया और दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि एसटीएफ, कोबरा (सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन फॉर रेज़ोल्यूट एक्शन) और राज्य पुलिस के जवान इस अभियान में शामिल थे। मिली जानकारी के अनुसार, कुल 5.22 करोड़ के ईनामी 10 नक्सलियों को मार गिराया गया है।

# संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत शासकीय छात्रावास मुरैना में जागरूकता अभियान का आयोजन किया

**रिपोर्टर मुहम्मद इसरार मुरैना** महिला केंद्रीय विषयों पर संकल्प हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ओपी पांडेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को परियोजना शहरी एवं ग्रामीण मुरैना द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न, पॉक्सो, जेंडर सेंसिटाइजेशन, पॉक्सो एक्ट पर शासकीय छात्रावास जिला मुरैना में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर पर आने वाले प्रकरणों के बारे में जानकारी दी गई कि बालिकाओं और महिलाओं को कैसे सजग रहना चाहिए। वन स्टॉप सेंटर मुरैना में आज दिनांक तक कुल 1975




महिलाओं और बालिकाओं को पुलिस सहायता, आश्रय सहायता, परामर्श सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सहायता प्रदान की गई है। समय-समय पर हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जोड़कर स्व-रोजगार के प्रशिक्षण दिलाकर महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया और समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर श्रीमती अपूर्वा चौधरी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाली महिलाओं एवं किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं हेतु संचालित वन स्टॉप (सखी) सेंटर तथा महिलाओं के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के विषय में जानकारी दी गई है।

# बोलने दोगे तो ही पीएम के साथ मंच पर रहूंगा बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत ने कहा

**संवाददाता निलेश मालवीय बदनावर** अपने जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस विधायक भंवरसिंह शेखावत के इलाके बदनावर में आ रहे हैं। धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शेखावत को फोन लगाया कि प्रोटोकॉल के तहत न्यौते और नाम-पट्टिका में आप शामिल हैं। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर रहना है। शेखावत ने कहा कि मैं आ सकता हूं, लेकिन शर्त है कि गुलदस्ता बन कर नहीं रह सकता! यदि आप मंच पर विधायक के नाते मेरी मौजूदगी चाहते हैं, तो मैं बोलूंगा जरूर। मेरे इलाके में प्रधानमंत्री आएं और आम आदमी की बात उन तक नहीं पहुंचे,



यह संभव नहीं। उस समय वहां सीएम भी होंगे। आप सरकार से पूछ लो कि मेरा भाषण रखेंगे या नहीं। थोड़ा बोलूंगा, पर बोलूंगा जरूरज नहीं तो मेरा वोटर कहेगा कि गुलदस्ते की तरह मंच पर क्यों सजे रहे। पीएम आ रहे हैं, उनका स्वागत है, लेकिन मंच पर रहने की शर्त पर सरकार का नजरिया पूछ लो। कलेक्टर ने कहा कि आप रहेंगे, तो मेरी बात रह जाएगी। मुझे पीएमओ से पूछना पड़ेगा कि आप बोलेंगे या नहीं। शेखावत ने कहा–उसी से तय होगा कि मंच पर मैं रहूंगा या नहीं।

# कोटा में 27 लोग सट्टेबाजी के आरोप में गिरफ्तार

**रिपोर्ट राजेश कुमार** बारां पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत जुआ, सट्टेबाजी और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बारां के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु के निर्देश पर की गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी और वृताधिकारी ओमेन्द्र सिंह शेखावत का सुपरविजन भी शामिल था। तीन जगहों पर हुई छापेमारी पुलिस ने कोतवाली थाना के थानाधिकारी योगेश चौहान के नेतृत्व में 12 टीमों का गठन किया और शहर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। अंबेडकर सर्किल- यहां से 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से ?66,550 की सट्टा राशि जब्त की गई। दीनदयाल पार्क- इस जगह से दो लोगों को ?6,080 की सट्टा राशि के साथ पकड़ा गया। गजनपुरा गांव- यहां से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से ?2,140 बरामद हुए। कुल मिलाकर, पुलिस ने 27 लोगों को गिरफ्तार किया और ?74,770 की कुल सट्टा राशि जब्त की है। इस संबंध में कोतवाली थाने में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 27 लोगों के नाम इस प्रकार हैं- गणेशराम (उम्र 60), नवल किशोर (उम्र 51), रमेशचन्द (उम्र 58), मुकेश (उम्र 49), चन्द्रप्रकाश (उम्र 65), सत्यनारायण (उम्र 71), गिरधरगोपाल (उम्र 58), देवकरण (उम्र 52), छोटूलाल (उम्र 50), भगवती प्रसाद (उम्र 64), छीतरलाल (उम्र 40), जीतमल (उम्र 37), इन्द्रजीत (उम्र 51), ओमप्रकाश (उम्र 48), देवकरण (उम्र 58), जितेन्द्र (उम्र 42), विरेन्द्र (उम्र 34), प्रदीप कुमार (उम्र 60), रामलाल (उम्र 60), रामकुमार (उम्र 64), किशनलाल (उम्र 53), राकेश (उम्र 32), अनुज (उम्र 52), देवीशंकर (उम्र 40), सुरेन्द्र (उम्र 50), मुकेश (उम्र 42), और कालूलाल (उम्र 36)। बारां पुलिस ने यह भी बताया है कि भविष्य में भी सट्टेबाजों और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# नर्मदापुरम ग्रामीण मंडल की कार्यशाला संपन्न, सेवा पखवाड़े को लेकर मंडलों में जारी कार्यशालाएं

**रिपोर्टर राजेन्द्र धाकड़ नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी जिला नर्मदापुरम द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने नेतृत्व में मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को नर्मदापुरम ग्रामीण मंडल की कार्यशाला रैसलपुर में सम्पन्न हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने सिवनी मालवा ग्रामीण मंडल की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़े में निर्धारित सभी कार्यों को पूरी निष्ठा और संकल्प के साथ सम्पन्न किया जाए। नर्मदापुरम ग्रामीण मंडल की कार्यशाला में मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़े से जुड़े कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रसन्न हर्णे, जिला मंत्री ज्योति चौरे एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी ने भी मार्गदर्शन दिया।कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, मंडल पदाधिकारी, सेवा पखवाड़ा मंडल टोली एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार पुरानी इटारसी मंडल की कार्यशाला भी सम्पन्न हुई। सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक मुकेश चंद्र मैना ने बताया कि जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के नेतृत्व में इटारसी नगर, रामपुर, सिवनी मालवा ग्रामीण, डोलरिया, भीलटदेव, शिवपुर और पचमढ़ी मंडलों की कार्यशालाएं भी संपन्न हो चुकी हैं।

